e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 12, अंक 86

# प्रभात मंत्र

**सुविचार**
ख्याल उन्ही के आते है जिनसे दिल का रिश्ता होता है, हर शख्स अपना हो जाए सवाल ही पैदा नहीं होता!

शनिवार
29.03.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य ~~4~~ आमंत्रित मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26



# अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर करें कठोर कार्रवाई : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम में टास्क फोर्स की अहम भूमिका है। सभी टीम भावना व आत्मविश्वास के साथ कार्ययोजना तैयार कर छापेमारी करें। संलिप्त खननकर्ताओं पर प्राथमिकी दर्ज कराने, गिरफ्तार करने एवं अर्थदण्ड लगाने की कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। इसकी रोकथाम हेतु छापेमारी में तेजी लाएं। यह बातें उपायुक्त शशि रंजन ने कही। वे आज खनन टास्क फॉर्स की ऑनलाइन बैठक कर रहे थे।उपायुक्त ने कहा कि अटैच माइंस से पत्थर उठाव नहीं करने तथा अवैध उत्खनन कर पत्थरों को लाने वाले क्रसर संचालकों पर कार्रवाई करना सुनिश्चितत करें। उनके खिलाफ संबंधित थानों में प्राथमिकी दर्ज कराएं साथ ही अर्थदण्ड लगाते हुए वसूली की कार्रवाई करें। उपायुक्त ने अंचल एवं थाना स्तर से अवैध परिवहन, खनन एवं भंडारण के विरूद्ध की गई कार्रवाई की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सख्ती से इसकी रोकथाम का निदेश दिया। अवैध बालू भंडारण पर रोक लगाने अंचल/थाना स्तर पर ट्रेंच कटिंग, बैरिकेटिंग कर चौकीदार की प्रतिनियुक्ति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ट्रेंच कटिंग से अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि कैटेगरी-1 बालूघाट मुखिया से टैग हैं। छापेमारी कर इसकी अद्यतन स्थिति का जायजा लेना सुनिश्चित करें। उन्होंने अवैध ईंट्ठा के संचालन पर भी सख्ती से कार्रवाई का निदेश दिया। उपायुक्त ने खनिज एवं बालू के अवैध भंडारण को लेकर जिला खनन पदाधिकारी को टीम के साथ स्थल निरीक्षण करने का निदेश दिया।

**55 ईट भट्ठेदारों से दंड स्वरूप 88 लाख रूपये की वसूली**

उपायुक्त ने अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध फरवरी माह में हुए कार्रवाई की गहणता से समीक्षा की। जिला खनन पदाधिकारी सुनील कुमार द्वारा बताया गया कि जिले में फरवरी 2025 में 34 वाहनों को जब्त किया गया है। वहीं 2 प्राथमिकी दर्ज की गई है। दण्ड के रूप में 16.43 लाख रूपये की वसूली की गई है। पत्थर खनिज के रद्द डीलर अनुज्ञपित/क्रसरों की संख्या 13 है। वहीं बालू खनिज के रद्द डीलर अनुज्ञप्ति/भंडारण की संख्या 24 है। 55 ईट भट्ठेदारों से 88 लाख रूपये दंड राशि के रूप में वसूली की गई है। वहीं पत्थर खनिज के पट्टेधारियों से 72,57,471 रूपये की वसूली की गई है। इसके अलावा वन प्रमंडल पदाधिकारी की ओर से अवैध खनन, परिवहन से संबंधित 8 प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं जिला परिवहन कार्यालय की ओर से 14 वाहनों को जब्त करते हुए 770500 रूपये की वसूली की गई है। वहीं अंचल/थाना स्तर पर 57 वाहनों को जब्त करने संबंधी कार्रवाई की गई है।

**बैठक में इनकी रही उपस्थिति**

उपायुक्त शशि रंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार एवं जिला खनन पदाधिकारी सुनील कुमार समाहरणालय सभागार में उपस्थित थे, जबकि जिला परिवहन पदाधिकारी, तीनों अनुमंडल के अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी सहित अन्य पदाधिकारी ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित थे।

## मस्जिदों में अदा की गई अलविदा जुम्मा की नमाज



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाक रमजान के आखिरी जुम्मे को लेकर केतार प्रखंड के बेलाबार और केतार की मस्जिदों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अकीदत और एहतराम के साथ अलविदा जुम्मा की नमाज अदा की। इस अवसर पर मस्जिदों में बड़ी तादाद के साथ पहुंचे लोगों ने नमाज अदा कर खुदा से रहमत, बरकत और मगफिरत की दुआ मांगी। बेलाबार मस्जिद में इमाम मौलाना नसीम अहमद एवं केतार में मौलाना मुजफ्फर हुसैन की अगुवाई में नमाज अदा की गई। नमाज के दौरान लोगों ने अपने गुनाहों की तौबा की और रमजान के बचे हुए दिनों में ज्यादा से ज्यादा इबादत करने का संकल्प लिया। नमाज खत्म होने के बाद दुआ का आयोजन हुआ, जिसमें मुल्क में अमन-चैन, भाईचारगी, इंसानियत और खुशहाली की दुआ मांगी गई। अलविदा जुम्मा की नमाज को लेकर मस्जिद कमेटी द्वारा विशेष इंतजाम किए गए थे। नमाजियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए मस्जिद परिसर में साफ-सफाई, वजू के लिए पानी, शामियाना सहित अन्य सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा गया। अलविदा जुम्मा को इस्लाम में खास महत्व दिया गया है, क्योंकि यह रमजान का आखिरी जुम्मा होता है। इस दिन नमाज अदा करने और दुआ मांगने से विशेष सवाब मिलने की बात कही जाती है। रमजान के इस अंतिम जुम्मे पर बड़ी संख्या में रोजेदार नमाज अदा कर अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी और नेक रास्ते पर चलने की दुआ मांगते हैं। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से मुलाकात कर रमजान की मुबारकबाद पेश की और आने वाले ईद-उल-फितर के त्योहार को मिलजुल कर मनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज अंसारी, सदर शमीम अंसारी, असीम अंसारी, मेराजुद्दीन अंसारी, हकीमुद्दीन अंसारी, अल्ताफ अंसारी, अजीम अंसारी, रेयाज अंसारी, फिरोज अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## भू-हदबंदी केस के जमीन का एलआरडीसी ने किया स्थलीय जांच

**सीओ द्वारा पूर्व में भी 3 बार स्थलीय जांच कर एलआरडीसी को भेजा जा चुका है जांच रिपोर्ट**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला अंतर्गत पाटन थाना क्षेत्र के खैरदोहर गांव में स्थित भू-हदबंदी (सीलिंग) केस 5/2022-23 और 6/2022-23 के जमीन का स्थल निरीक्षण भूमि सुधार उप समाहर्ता (एलआरडीसी) प्यारे लाल ने 28 मार्च 2025 दिन शुक्रवार को किया।एलआरडीसी के न्यायालय में भू-हदबंदी (सीलिंग) का यह दोनों मामला सावित्री देवी पति स्वर्गीय राम केयास उपाध्याय ने दायर किया है। स्थल निरीक्षण के दौरान एलआरडीसी प्यारे लाल ने आवेदिका सावित्री देवी और विपक्षी रूपेश उपाध्याय द्वारा प्रस्तुत किए गए कागजातों का अवलोकन किया। स्थल पर मौजूद कई लोगों ने बताया कि जिस जमीन (खाता 11, प्लॉट 37 और 39) पर भू-हदबंदी (सीलिंग) दायर किया गया है, उस जमीन के अगल-बगल विपक्षी रूपेश उपाध्याय का जमीन नहीं है। यहां चारों तरफ सावित्री देवी, उनके पति स्वर्गीय राम केयास उपाध्याय, पुत्र रविंद्र कुमार उपाध्याय, देवर रामलखन उपाध्याय सहित उनके पारिवारिक सदस्यों की सारी भूमि है। इस संबंध में भूमि सुधार उपसमाहर्ता प्यारे लाल ने बताया कि जो भी होगा कानून के तहत जायज होगा।आवेदिका सावित्री देवी ने बताया कि वे इस मामले को लेकर 3 साल से परेशान हैं। हमेशा कोई ना कोई जांच करने आते रहता है। अभी तक तीन बार एलआरडीसी के आदेश पर पाटन के अंचल पदाधिकारी जांच कर एलआरडीसी को रिपोर्ट भेज चुके हैं। बावजूद इसके आज भूमि सुधार समाहर्ता (एलआरडीसी) खुद जमीन का स्थल जांच करने आए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी जमीन का स्थलीय जांच एक बार होता है, न कि कई बार। आवेदिका सावित्री देवी ने कहा कि यह सब हमारे विपक्षी रूपेश उपाध्याय के प्रभाव में आकर किया जा रहा है। मैं एक लाचार और विधवा महिला हूं और मेरा विपक्षी हर तरह से मजबूत है। यही कारण है कि जांच के नाम पर उन्हें परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह चौथा बार है, जब जमीन का स्थलीय जांच किया गया। सावित्री देवी ने कहा कि एलआरडीसी कोर्ट का चक्कर लगाते लगाते 3 साल से वह परेशान हो गए हैं। हर महीना केस का हाजिरी लगाने कोर्ट में जाना पड़ता है।

## ईद व रामनवमी त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** ईद और राम नौमी के त्योहार को लेकर नगर उंटारी थाना परिसर में सीडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति के बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान शहर के गणमान्य व्यक्तियों, समाज सेवी, दोनों धर्म के धर्मलंबियों सहित अन्य लोग शामिल हुये। दोनों पक्षो के लोगों ने रामनवमी व ईद का त्यौहार मिलजुलकर मनाने का फैसला किया। इस संबंध में सीडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने दोनों पक्षों से मिलजुल कर त्योहार को मनाने का अपील किया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में गढ़वा पुलिस आप की सेवा में सदैव तत्पर है।उपस्थित लोगों से उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर ऐसा कोई भी पोस्ट ना डालें जिससे शहर का माहौल खराब हो। अगर कोई ऐसी सूचना या ऐसा पोस्ट आपकी नजर में आता है तो तत्काल पुलिस को बतायें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का कोई भी पोस्ट सोशल मीडिया पर डाला गया तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई किया जायेगा। मौके पर अंचल पदाधिकारी विकास कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, पूर्व प्रमुख रविन्द्र पासवान,अमर नाथ पांडेय, शैलेश चौबे, लक्ष्मण राम, ओम प्रकाश गुप्ता, अशोक सेठ, हजारी प्रसाद, मुकेश चौबे, शरद कुमार, मुस्ताक अहमद शेख, शमीम खान, कलाम खान, सल्लाउदीन खान, कनिष्क कुमार, राज कुमार राम, निक्कू तिवारी, श्री राम पासवान, छोटे लाल पासवान, राम पवन गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जीवित रहते ही राजा परीक्षित की तरह अपने सद्दगति का मार्ग सुलभ करें : राघव प्रपन्नाचार्य



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बाघमनवा पंचायत के गौरा गांव में नवनिर्मित ग्राम देवी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के अवसर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा गुरुवार संध्या से प्रारंभ हो गया. कथा के प्रथम दिन श्री श्री 108 राघव प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने कहा कि भक्ति, ज्ञान, बैराग व तपस्या ही भागवत हैं. इस कलयुग में प्रत्येक दिन प्रत्येक पहर कोई न कोई व्यक्ति काल के गाल में समा रहा है. इसलिए जीवित रहते ही राजा परीक्षित की तरह अपने सद्दगति के मार्ग को सुलभ करने का प्रयास करें. इससे पहले मुख्य यजमान संजय उपाध्याय ने सपत्नीक श्रीमद्भागवत गीता का विधिवत पूजा अर्चन किया. यहां बताते चलें कि गौरा गांव में ग्राम देवी के नवनिर्मित मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान सह श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया है. जिसको लेकर 30 मार्च को कलश यात्रा निकाला जायेगा. आयोजन कमेटी के अध्यक्ष संजय उपाध्याय ने बताया कि तीस मार्च को कलश स्थापना के साथ प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान प्रारंभ होगा. जबकि दो अप्रैल को ग्राम देवी मूर्ति के साथ नगर भ्रमण के उपरांत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्राण प्रतिष्ठा कराया जायेगा. वहीं तीन अप्रैल को भंडारे के साथ इस धार्मिक अनुष्ठान का समापन होगा. मौके पर पूर्व मुखिया रवींद्र नाथ उपाध्याय, पंडित गोपाल पांडेय, दिनेश चौबे, गोपाल सिंह, राजेंद्र बैठा, कृष्णा बैठा, रामचंद्र सिंह खरवार, धर्मेंद्र सिंह, संजय सिंह, रामनाथ विश्वकर्मा, नारायण ठाकुर, बिंदेश्वर पाल सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## बिश्रामपुर सीएचसी ने जमारी गांव में लगाया स्वास्थ्य कैम्प, 50 टीबी मरीजो का हुआ इलाज



**प्रभात मंत्र संवादादाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा गुरुवार को घासीदाग पंचायत के जमारी गांव में स्वास्थ्य कैम्प लगाया गया. जहां जांच के दौरान 50 लोगो मे टीबी बीमारी का लक्षण पाया गया.डॉक्टरों ने टीबी रोग से ग्रसित सभी मरीजो का इलाज करते हुये दवा दिया. वही टीबी रोग से अत्यधिक ग्रसित मरीजों को इलाज के लिये विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुलाया है. ताकि उनका समुचित उपचार हो सके. सीएचसी प्रभारी डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि कैम्प का आयोजन 2025 तक टीबी मुक्त भारत के संकल्प को पूरा करने के उद्देश्य से कराया जा रहा है. जिसका निर्देश जिला क्षय रोग पदाधिकारी डॉ. अनिल श्रीवास्तव के द्वारा भी दिया गया था. मौके पर प्रभु सिंह, परीक्षण सिंह, गिरजा सिंह, ब्रह्म सिंह, रामलाल भुइयां, मुंशी भुइयां, राधे सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## ईंट लदे ट्रैक्टर ने अधेड़ को रौंदा, मौके पर मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सतबरवा :** गुरुवार शाम 7 बजे के करीब पलामू जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव सेहरा निवासी रामू साव (55वर्ष) को ईंट लदे ट्रैक्टर ने कुचल डाला। गंभीर अवस्था में परिजनों द्वारा तुम्बागड़ा स्थित नवजीवन अस्पताल ले जाने के बाद डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना मिडिल स्कूल सेहरा के पास की बताई जाती है।दुर्घटना के बाद चालक अंधेरे का लाभ उठाकर ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद ग्रामीण काफी आक्रोश में आ गए।उन्होंने मौके पर तीन ट्रैक्टरों को रोककर सभी के टायरों से हवा निकाल दी। बताया जाता है कि उक्त ट्रैक्टर किसी ईंट व्यवसाई का है। घटना की सूचना पाकर लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता तथा सतबरवा थाना प्रभारी विश्वनाथ राणा दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को शांत कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।घटना की पुष्टि करते हुए लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर आगे की करवाई में जुट गई है।वहीं ग्रामीणों ने बताया कि रोजाना रात के समय ट्रैक्टर चालक बेकाबू रूप से ट्रैक्टर चलाते हैं जिस कारण कई बार दुर्घटनाएं होते होते बची है।उन्होंने बताया कि मृतक रोज की तरह अपने नवनिर्मित मकान में शाम में दिया जलाकर पुराने घर लौट रहे थे तभी यह घटना घटी।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला में कार्यशाला का उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में सत्र-2025-26 के निमित्त त्रिदिवसीय वार्षिक आचार्य कार्यशाला का आयोजन प्रारंभ किया गया। कार्यशाला के प्रथम सत्र का आरंभ प्रातः वंदना के साथ की गई।कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के पश्चात मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के माननीय उपाध्यक्ष डॉ सत्येन्द्र कुमार चंदेल, सतीश सिंह,प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय, प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। कार्यशाला प्रतिदिन विभिन्न सत्रों के माध्यम से विभिन्न बिंदुओं को समायोजित कर संपन्न होगी। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य ने कार्यशाला की प्रस्तावना रखी तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 को ध्यान रखते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्य योजना संपादित करने पर विचार विमर्श किया गया।इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य नए सत्र में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में आचार्य की भूमिका क्या होनी चाहिए पर विस्तृत चर्चा करना है। कार्यशाला का आयोजन प्रतिदिन पांच सत्रों में किया जाएगा। द्वितीय सत्र में सभी पंजियों,संचिकाएं, एवं अभिलेखों के साथ-साथ सभी स्थायी भौतिक सामग्रियों के सत्यापन के आधार पर व्यवस्थित कर स्थायी वस्तु पंजी को अद्यतन करने की प्रक्रिया आरंभ की गई। तृतीय सत्र में विगत वर्ष की विस्तृत समीक्षा कर अपने सबल एवं निर्बल पक्षों पर विचार किया।

## झगरुआ गांव के एक खलिहान में लगी आग, 50 बोझा अरहर व पुआल का गांज जलकर खाख



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेहला थाना क्षेत्र के झगरुआ गांव निवासी राजेश यादव के खलिहान में दोपहर को एकाएक आग लग गयी. जिससे खलिहान में रखा 50 बोझा अरहर व पुआल का एक गांज जलकर राख हो गया. हलाकि ग्रामीणों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया.लेकिन आग पर काबू नही पाया जा सका.आग की लपटें इतनी तेज थी कि देखते ही देखते अरहर का बोझा सहित पुवाल का गांज जलकर खाख हो गया.इस संबंध में पीड़ित किसान ने रेहला थाना को सूचना देते हुये कार्रवाई की मांग की है. राजेश यादव का आरोप है कि खलिहान में आग गांव के ही कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा लगायी गया है. उसने गांव के ही कुछ युवकों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराने की बात कही है. इधर जानकारी मिलते ही जिला योजना समिति सदस्य संजय बैठा घटनास्थल पर पहुंचे. उन्होंने स्थानीय प्रशाशन से पीड़ित किसान को मुआवजा देने का मांग किया है।

## मुस्लिम धर्मालंबियों ने अदा किया अलविदा की नमाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** पवित्र माह -ए--रमजान अंतिम जुम्मा को मुस्लिम धर्मालंबियों ने अलविदा की नमाज अदा किया। अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में अलविदा की नमाज अदा की गई।अलविदा की नमाज इमाम के पीछे पहली लाइन में जगह पाने को हर नमाजी उत्साहित दिखे। मुस्लिम इलाकों में सुबह से ही अलविदा नमाज की तैयारी शुरू हो गई थी। चेचरिया जमा मस्जिद, बरडीहा जमा मस्जिद, कधवन जमा मस्जिद, कोइन्दी जमा मस्जिद, नरही जमा मस्जिद, कुसड़ण्ड जमा मस्जिद , हुलहुला जमा मस्जिद में बड़ी संख्या में लोगो ने अलविदा की नमाज अदा किया।नमाज अदा करने के बाद देश और मुल्क में अमन-चैन और आपसी भाईचारा कायम रहे इसके लिए दुआ मांगी गई। नगर उंटारी जमा मस्जिद का मोहतमिम अब्दुल कादिर साहब ने कहा की अल्लाह जिन लोगों को रमजान नसीब फरमाता है, वह खुशनसीब होते हैं। इस रमजान में अल्लाह ने हम लोगों को रमजान के आखिरी अशरे तक रोजे रखने की तौफीक दी है।उन्होंने कहा कि पवित्र माह -ए- रमजान रहमत एवं बरकत वाला महीना माना जाता है। इस माह में मुसलमान की सबसे अहम किताब क़ुरआन-ए-पाक दुनिया में आई है।उन्होंने कहा कि नमाज जकात और हज का सवाब तो सबको मालूम है लेकिन रोज का सवाब केवल अल्लाह ही जानते हैं।उन्होंने कहा कि ईद की नमाज के पहले सदका-ए-फित्र अदा करने सहित अन्य बिंदुओं पर लोगों को जागरूक किये।मौके पर सदर तौहीद खान, सरपस्त शमीम खान, तस्लीम खान सीनियर, आजाद खान, तस्लीम खान, महमूद आलम सीनियर, आमीन खान, हैदर खान, लालबाबू खान, शोएब आलम, समसुल सिद्दीकी, तौवाब खान सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। इधर बरडीहा जमा मस्जिद में सदर मुश्ताक अहमद शेख, सेक्रेटरी ताहीर हुसैन, हाफिज अब्दुल हकीम अंसारी, हाफिज मनवर अंसारी, राहत हुसैन, अमीर हसन, मसवर अंसारी, राकिब अनवर, साजिद रजा, शमीम अख्तर, अफ़रोज़, रइस, इंतजार, गुलाम, नौशाद, रासिब, अप्पू, एहसान, फैजान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## गरीबों के निवाला डकार रहे हैं डीलर, अंगूठा लगवाने के बाद भी नहीं देते है राशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** सरकार भले ही राशन वितरण प्रणाली में पारिदर्शिता लाने के लिए लाख जतन कर रही हो, लेकिन सस्ते गल्ले की दुकानों में भ्रष्टाचार कम नहीं हो पा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में दुकानों के संचालक कार्ड धारकों से अंगूठा तो लगवा रहे हैं। लेकिन उन्हें राशन नहीं मिल पा रहा है।शासन-प्रशासन ने ग्रामीणों को सस्ता राशन उपलब्ध कराने के लिए उचित दर के गल्ले की दुकानें तो खोल दी हैं।लेकिन कोटेदार इतना मनमानी कर रहे हैं कि अशिक्षित ग्रामीणों से पंचिंग मशीन में अंगूठा लगवा लेते हैं। बाद में उनके हिस्से का गल्ला हड़प जाते हैं।बताते चले कि सगमा प्रखंड के बीरबल पंचायत के मकरी गांव में जनवितरण प्रणाली के दुकानदार सुभाष चंद्र जायसवाल का है। जो पिछले दो माह से लेकर आठ माह तक का राशन कार्डधारकों से अंगूठा लगवाकर अनाज नहीं दिया।ऐसा लाभुकों का कहना है। इस संबंध में ग्रामीणों ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को शिकायती आवेदन दिया है। आवेदन के अनुसार ग्रामीण निर्जय कुमार रजक 4 माह, प्रदीप कनौजिया 2 माह, रघुराज महतो 2 माह, प्रेम यादव 4 माह,राजेंद्र कुशवाहा 6माह, शिव कुमार 3 माह,संजय कुमार कनौजिया 3 माह, गणेश बैठा 3 माह, बुद्धि नारायण कुमार 3 माह, मुकेश कुमार 2 माह, राजकुमार कुशवाहा 6 माह, बिरझन कुशवाहा 3 माह, वीरेंद्र कुशवाहा 3 माह, चंदन कुमार 3 माह, शैलेंद्र कुमार 4 माह, सिकंदर कुशवाहा 3 माह, विद्यावती देवी 6 माह, देव कुमार कुशवाहा 4 माह, रेखा देवी 4 माह, अजय कनौजिया 3 माह, रामचंद्र कुशवाहा 3 माह, मोतीलाल कनौजिया 3 माह, संजय कुशवाहा 2 माह, गुलाबचंद 2 माह, सीम देवी 2 माह, पिंटू कुमार 4 माह, त्रिवेणी कुमार यादव 4 माह, शिव नारायण यादव, 4 माह कंचन देवी, 2 माह बसंत यादव 3 माह, जितेंद्र कुमार 3 माह, विजय बैठा 4 माह,प्रमोद कुमार 4 माह, लव कुमार 6 माह, छोटू कुशवाहा 4 माह, संतोष मेहता, 3माह रामचंद्र कुशवाहा,6 माह शिवचंद्र मेहता 5 माह,रामवृक्ष पाल 2 माह, परमवीर वियार 3 माह, रंजीत कुमार 8 माह, वीरेंद्र 7 माह,तथा खुशबू कुमारी 4 माह का राशन बकाया है।लाभुकों ने उच्चाधिकारियों से गुहार लगाया है कि बकाया राशन दिलाया जाए और व्यवस्था को दुरुस्त करवाने का अनुरोध किया है।इस संबंध में मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा से पूछे जाने पर उन्होंने बतलाया कि बात सत्य है। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के पास शिकायत पत्र दिया गया है। इसकी जांच कर कारवाई किया जाएगा। इस संबंध में प्रखंड प्रमुख अजय साव ने कहा कि मुझे मालूम नहीं है मालूम करता हूं। मालूम हो कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 की धारा 3(1) और झारखंड लक्षित जन वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश, 2019 का स्पष्ट उल्लंघन है। फिर भी जिला व प्रखंड के पदाधिकारी चुप्पी साधे हुए है। इस संबंध में बीडीओ सह एमओ जुल्फिकार अंसारी ने बताया कि लाभुकों के द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है।जांच किया जाएगा। जांच उपरांत दोषी पाये जाने पर उचित कार्रवाई किया जायेगा।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 86
शनिवार
29.03.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12। मूल्य ~~4~~ आमंत्रित मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
ख्याल उन्हीं के आते है जिनसे दिल का रिश्ता होता है, हर शख्स अपना हो जाए सवाल ही पैदा नहीं होता!

ताजा खबरों के लिए देखें

**रोजा का समय**
इफ्तार (29.03.25) : शाम 6.04 बजे
सेहरी (30.03.25) : सुबह 4.21 बजे



Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

## थाईलैंड व म्यांमार में आया विनाशकारी भूकंप, चीन और भारत में भी महसूस किए गए झटके

# भूकंप से भीषण तबाही

**एजेंसी**
**बैंकॉक :** थाईलैंड और पड़ोसी म्यांमार में शुक्रवार दोपहर को 7.7 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया।म्यांमार में आए भूकंप में मरने वालों की संख्या 140 हो गई है.थाईलैंड में चार लोगों की मौत और 50 से ज़्यादा लोगों के घायल होने की खबर है. इसके अलावा, चीन में भी दो लोग घायल हुए हैं. भूकंप के बाद म्यांमार ने कई राज्यों में इमरजेंसी की घोषणा कर दी है।

हालात को देखते हुए म्यांमार की सैन्य सरकार ने राजधानी नेपीता और मांडले सहित 6 क्षेत्रों और राज्यों में इमरजेंसी की घोषणा की है, लेकिन देश में लंबे समय से चल रहे खूनी गृहयुद्ध के कारण यह पता नहीं चल सका है कि कई क्षेत्रों में मदद कैसे पहुंचाई जा रही या जाएगी। भूकंप को देखते हुए रेडक्रॉस सोसाइटी ने कहा कि बिजली की लाइनें गिरने से मांडले और सागाइंग क्षेत्रों और दक्षिणी शान राज्य तक पहुंचने की कोशिश कर रही उनकी टीमों के लिए चुनौतियां बढ़ गई हैं।

रेड क्रॉस ने कहा,शुरुआती रिपोर्ट से पता चलता है कि इस भूकंप से काफी नुकसान हुआ है, मानवीय जरूरतों के बारे में जानकारी अभी भी जुटाई जा रही है। बैंकॉक के रक्षा मंत्री फुमथम वेचायाचाई ने कहा कि घटनास्थल पर कुल 3 लोग मारे गए और 90 लोग लापता हैं।आगे कहा कि मलबा अभी भी इतना अस्थिर है कि वे नीचे फंसे लोगों को खोजने की कोशिश नहीं कर सकते। बैंकॉक के फेमस चतुचक बाजार के पास बिल्डिंग ढह गया। बिल्डिंग्स को खाली करा दिया गया।

बैंकॉक में और अधिक झटके आने की आशंका जताई गई है। शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे और जर्मनी के जियोसाइंस सेंटर ने कहा कि भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई पर था।थाईलैंड के आपदा निवारण विभाग ने कहा कि भूकंप का असर देश के लगभग सभी क्षेत्रों में महसूस किया गया। प्रधानमंत्री पैतोंगटार्न शिनावात्रा ने भूकंप के प्रभाव का आकलन करने के लिए एक इमरजेंसी बैठक भी बुलाई है। भूकंप आते ही सायरन की आवाज़ पूरे सेंट्रल बैंकॉक में गूंज उठी और सड़कों पर वाहनों की भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे शहर की पहले से ही भीड़भाड़ वाली कुछ सड़कें जाम हो गई। एलिवेटेड रैपिड ट्रांजिट सिस्टम और सबवे को बंद कर दिया गया। सिटी हॉल ने शहर को आपदा क्षेत्र घोषित कर दिया, ताकि इंटरएजेंसी हेल्प और इमरजेंसी हेल्प मिल सके। बता दें कि ग्रेटर बैंकॉक में 17 मिलियन से ज़्यादा लोग रहते हैं, जिनमें से कई लोग ऊंची बिल्डिंग वाले अपार्टमेंट में रहते हैं। चीनी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पूर्वोत्तर में, भूकंप का असर चीन के युन्नान और सिचुआन प्रांतों में भी महसूस किया गया और म्यांमार की सीमा पर स्थित रुइली शहर में कुछ घरों को नुकसान पहुँचा और वहां भी लोग घायल हुए।

### थाईलैंड और पड़ोसी म्यांमार में मरने वालों की संख्या सैकड़ों में

**कोलकाता और इंफाल में भी हल्के झटके महसूस किए गए**

**नई दिल्ली :** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में 7.7 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप के बाद शुक्रवार को कोलकाता और इंफाल में भी हल्के झटके महसूस किए गए.कोलकाता और आसपास के इलाकों में हल्के झटके महसूस किए. आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, भूकंप के कारण शहर में जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है. मणिपुर में, भूकंप के झटकों के कारण इंफाल के थंगल बाजार में लोगों में दहशत फैल गई जहां कई पुरानी बहुमंजिला इमारतें हैं. पुलिस ने बताया कि अभी तक नुकसान की कोई सूचना नहीं है.क्रम×



### पीएम मोदी ने जताई चिंता



भूकंप के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चिंता जताई और सोशल मीडिया पर इस संकट की घड़ी में प्रभावित देशों के साथ भारत की पूर्ण सहानुभूति व्यक्त की. पीएम मोदी ने अपने ट्वीट में कहा,मैं सभी की सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रार्थना करता हूं. भारत ने सभी संभव सहायता प्रदान करने का वचन दिया है. इस संदर्भ में,भारतीय अधिकारियों को तैयार रहने के लिए कहा गया है.

### थाईलैंड में फंसे भारतीयों के लिए जारी हुआ हेल्पलाइन नंबर

पीएम मोदी ने थाईलैंड को हर संभव मदद का भरोसा दिया है।उधर इंडियन एंबेसी ने थाईलैंड में फंसे भारतीय नागरिकों की चिंता जताई है और हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। इंडियन एंबेसी ने अपने ऑफिशियल एक्स अकाउंट पर लिखा कि बैंकॉक और थाईलैंड के अन्य हिस्सों में आए शक्तिशाली भूकंप के झटकों के बाद दूतावास थाई अधिकारियों के साथ समन्वय में स्थिति पर बारीकी से नज़र रख रहा है। अभी तक किसी भी भारतीय नागरिक से जुड़ी कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। किसी भी आपात स्थिति में, थाईलैंड में भारतीय नागरिकों को आपातकालीन नंबर +66 618819218 पर संपर्क करने की सलाह दी जाती है। बैंकॉक में भारतीय दूतावास और चियांग माई में वाणिज्य दूतावास के सभी सदस्य सुरक्षित हैं।

## केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में हुआ दो फ़ीसदी की बढ़ोतरी



**एजेंसी**
**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार में लगभग एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ते डीए एवं महंगाई राहत डीआर में दो फीसदी वृद्धि की सौगात मिली है। शुक्रवार को केंद्रीय कैबिनेट ने डीए की दरों में बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है। एक जनवरी से देय महंगाई भत्ते की दर अब 53 प्रतिशत से बढ़कर 55 प्रतिशत हो गई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट की बैठक के बाद हुई प्रेस ब्रीफिंग में यह जानकारी दी है। गत वर्ष केंद्र सरकार ने दीवाली पर कर्मचारियों के महंगाई भत्ते एवं पेंशनरों की महंगाई राहत में तीन फीसदी की बढ़ोतरी की थी। बता दें कि डीए व डीआर की दरों में बढ़ोतरी की घोषणा, होली और दीवाली पर की जाती है।हालांकि डीए-डीआर की दरों में वृद्धि हर साल एक जनवरी और एक जुलाई से किए जाने का प्रावधान है। अगर तय समय से कुछ माह बाद डीए की घोषणा होती है तो सरकारी कर्मचारियों के खाते में उतने ही माह का एरियर आ जाता है। केंद्र सरकार के कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों का कहना है कि इन भत्तों को तय समय पर जारी न कर केंद्र सरकार, खुद लाभ कमा रही है। कॉन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज एंड वर्कर्स के महासचिव एसबी यादव ने बताया, केंद्रीय कर्मियों के लिए महंगाई भत्ते डीए की दरों में बढ़ोतरी की घोषणा जानबूझकर कई माह देरी से की जाती है। इससे सरकार को फायदा होता है। चूंकि डीए/डीआर की दरों में हुई बढ़ोतरी से सरकार पर हजारों करोड़ रुपये का भार पड़ता है। ऐसे में सरकार, डीए/डीआर की घोषणा, तीन चार माह देरी से करती है। इस अवधि के दौरान सरकार का पैसा निवेश होता है, जिस पर उसे अच्छा खासा ब्याज मिलता है।

> **बता दें कि डीए व डीआर की दरों में बढ़ोतरी की घोषणा, होली और दीवाली पर की जाती है।हालांकि डीए-डीआर की दरों में वृद्धि हर साल एक जनवरी और एक जुलाई से किए जाने का प्रावधान है। अगर तय समय से कुछ माह बाद डीए की घोषणा होती है तो सरकारी कर्मचारियों के खाते में उतने ही माह का एरियर आ जाता है।**

## क्विक न्यूज

### इलाहाबाद हाई कोर्ट जाएंगे जस्टिस वर्मा, सुप्रीम कोर्ट की सिफारिश को केंद्र ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली :** दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा का ट्रांसफर इलाहाबाद हाईकोर्ट किया जा रहा है. सुप्रीम कोर्ट ने उनके इलाहाबाद ट्रांसफर की सिफारिश की थी, जिस पर केंद्र ने मंजूरी दे दी है. पहले इलाहाबाद कोर्ट के वकील जस्टिस यशवंत वर्मा के तबादले का विरोध कर रहे थे. हालांकि, गुरुवार को मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना समेत पांच जजों की कॉलेजियम से मुलाकात के बाद वह शांत हो गए.केंद्र ने कहा कि जस्टिस वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट में पद संभालने और चार्ज लेने का निर्देश दिया गया है. जस्टिस यशवंत वर्मा के अलावा दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस सीडी सिंह का भी इलाहाबाद हाईकोर्ट तबादला किया जा रहा है.जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर कैश का ढेर मिलने के बाद वह चर्चाओं में आ गए थे. सुप्रीम कोर्ट में चार वकीलों ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की भी मांग की है. हालांकि, कोर्ट ने यह याचिका सुनने से मना कर दिया है. कोर्ट का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने जांच के लिए कमेटी बनाई है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना केस दर्ज होने समेत सभी विकल्पों पर विचार करेंगे.

### अरविंद केजरीवाल पर एफआईआर दर्ज

**नई दिल्ली** : दिल्ली पुलिस ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने सार्वजनिक संपत्ति अधिनियम (पीपीए) के कथित उल्लंघन की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। दिल्ली पुलिस ने राउज एवेन्यू कोर्ट में अनुपालन रिपोर्ट दाखिल की और बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की अगली सुनवाई 18 अप्रैल को होगी।इससे पहले मामले की सुनवाई में राउज एवेन्यू कोर्ट ने सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में तत्कालीन सीएम अरविंद केजरीवाल और मटियाला सीट से विधायक गुलाब सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए थे। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि पुलिस ने शिकायत पर जांच नहीं की ऐसे में होर्डिंग किसने लगाए और क्यों लगाए इसकी जांच जरूरी है। अदालत ने पुलिस को 18 मार्च तक मामले में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश दिए थे। इससे पहले 2022 में द्वारका स्थित मजिस्ट्रेट कोर्ट ने इस मामले को खारिज कर दिया था। जिसके बाद सत्र न्यायालय ने इसे दोबारा सुनवाई के लिए मजिस्ट्रेट अदालत में भेज दिया था।

### हथियार के साथ 4 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल :** मणिपुर पुलिस ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर बताया कि सुरक्षाबलों ने अलग-अलग ऑपरेशंस में चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। ये उग्रवादी विभिन्न उग्रवादी संगठनों से जुड़े हैं। पुलिस ने बताया कि ये गिरफ्तारियां बिष्णुपुर, इंफाल ईस्ट और थाउबल जिलों से गुरुवार को हुई। गिरफ्तार किया गया एक उग्रवादी कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी का सदस्य बताया जा रहा है, जिसे बिष्णुपुर जिले के माइबाम चिंगमांग इलाके से पकड़ा गया। आरोपी की पहचान लीसांगथेम हिरेन सिंह के रूप में हुई है, जो लोगों से अवैध वसूली में लिप्त था। सुरक्षाबलों ने इंफाल ईस्ट जिले से लिकमाबाम अमुजाओ मैतई उर्फ लाकपा को गिरफ्ता किया है। यह केसीपी-पीएससी पोलितब्यूरो स्टैंडिंग कमेटी का सदस्य बताया जा रहा है। वहीं दो उग्रवादियों को थाउबल जिले से गिरफ्तार किया गया। ये दोनों केसीपी के सदस्य हैं। इनकी पहचान लोइतोंगबाम बोयाई सिंग और खमुनथेम धनबीर सिंह के रूप में हुई है। सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में हथियार और कारतूस भी बरामद किए हैं।

**रांची का तापमान**
अधिकतम $24^{0}$
न्युनतम $13^{0}$

## सुप्रीम कोर्ट ने इमरान प्रतापगढ़ी पर दर्ज एफआईआर किया रद्द



**एजेंसी**
**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने भड़काऊ गाने के मामले में कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के खिलाफ गुजरात पुलिस की ओर से दर्ज की गई एफआईआर को रद्द कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी लोकतंत्र का अभिन्न अंग है। ऐसे ही नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना अदालत का कर्तव्य है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह सुनिश्चित करना भी अदालत का कर्तव्य है कि संविधान और संविधान के आदर्शों का उल्लंघन न हो। कोर्ट ने कहा कि कविता, नाटक, फिल्म, व्यंग्य, कला सहित साहित्य मनुष्य के जीवन को अधिक सार्थक बनाता है। पुलिस को लोगों की बुनियादी अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि भले ही बड़ी संख्या में लोग किसी दूसरे के विचारों को पसंद न करते हों, लेकिन विचारों को व्यक्त करने के व्यक्ति के अधिकार का सम्मान किया जाना चाहिए और उसकी रक्षा की जानी चाहिए। सेहतमंद समाज में बोलने की आजादी का सम्मान होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि विचारों और दृष्टिकोणों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बिना संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत गरिमापूर्ण जीवन जीना असंभव है। बता दें कि 3 जनवरी को प्रतापगढ़ी पर जामनगर में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह के दौरान कथित भड़काऊ गीत गाने के लिए मामला दर्ज किया गया था।

## मार्च में ही अप्रैल जैसी गर्मी



**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** देश में मौसम को लेकर बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। इस बार मार्च में ही अप्रैल जैसी गर्मी आ गई है। वहीं देश के कई राज्यों अभी से ही भीषण गर्मी की चपेट में आ गए हैं। ऐसे में उम्मीद लगाई जा रही है देश में इस बार उम्मीद से कहीं ज्यादा गर्मी पड़ने वाली है। भारतीय मौसम विभाग ने मौसम को लेकर लेटेस्ट अपडेट जारी किया है।भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, इस साल देश के नॉर्थ-वेस्ट राज्यों यानी हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली में हीटवेव (लू) के दिनों की संख्या दोगुनी होनी की आशंका है। वेदर रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2024 भारत के लिए सबसे ज्यादा गर्म सालों में से एक रहा था, बताया जा रहा है पिछले साल 554 दिन हीटवेव का असर दिखाई दिया। अक्सर आमतौर पर अप्रैल से जून के महीनों में लगातार 5 से 6 दिन लू चलती है, लेकिन इस बार 10 से 12 दिन लू का असर जारी रहेगा।

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर हीटवेव के दिनों की संख्या दोगुनी होती है तो 2025 अब तक का सबसे गर्म साल होगा। इन दिनों का तापमान सामान्य से 5 डिग्री या इससे भी ज्यादा रह सकता है।मैदानी, पहाड़ी और तटीय इलाकों के लिए हीटवेव की स्थिति तय करने का आधार अलग होता है। किसी दिन हीटवेव का असर तब ज्यादा माना जाता है जब उस दिनों के मौसम का तापमान सामान्य से 5एष्ट ज्यादा होता है।

## केंद्र सरकार ने दी सबसे बड़े रक्षा सौदे को मंजूरी, सेना को मिलेंगे 156 प्रचंड हेलीकॉप्टर



**एजेंसी**
**नई दिल्ली :** रक्षा के क्षेत्र में भारत लगातार मजबूत हो रहा है। इस बीच केंद्र सरकार ने एक और सबसे बड़े रक्षा सौदे को मंजूरी दी है। दरअसल, भारत ने 156 मेड इन इंडिया एलसीएच प्रचंड हेलीकॉप्टर खरीदने के लिए अब तक के सबसे बड़े रक्षा सौदे को मंजूरी दे दी है। रक्षा अधिकारियों द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की आज हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। रक्षा मंत्रालय ने इस वित्त वर्ष में 2.09 लाख करोड़ रुपये से अधिक के अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं। इस रक्षा मंजूरी की स्वीकृति के बाद यह हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के लिए अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर होगा और हेलीकॉप्टरों का निर्माण कर्नाटक के बेंगलुरु और तुमकुर स्थित उनके संयंत्रों में किया जाएगा। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा विकसित एलसीएच प्रचंड विभिन्न हथियार प्रणालियों से लैस है। यह ऊंचाई वाले क्षेत्रों में दुश्मन के टैंक, बंकर, ड्रोन को नष्ट करने में सक्षम है। हेलीकॉप्टर में आधुनिक विशेषताएं, मजबूत कवच सुरक्षा और रात्रि में भी हमले की क्षमता है। यह दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन में भी काम करने में पूरी तरह सक्षम है।

प्रचंड हवा से जमीन और हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों को दागने में भी सक्षम है और दुश्मन के हवाई रक्षा अभियानों को नष्ट कर सकता है।

## अकीदत के साथ अलविदा रमजान का आखिरी जुम्मा की नमाज अदा की गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**रांची।** माहे रमजान का मुबारक महीना अब समाप्त होने वाला है। माहे रमजान का चौथा और अंतिम जुम्मा अलविदा की नमाज झारखंड सहित रांची राजधानी में भी अदा की गई। रांची शहर के विभिन्न मस्जिदों में दिन के 12 बजे के बाद से ही नमाजियों के भीड़ मस्जिदों में जुटने लगी थी। अपर बाजार स्थित जामा मस्जिद, इकरा मस्जिद ,डॉक्टर फतुल्लाह मस्जिद, डोरंडा मजार स्थित मस्जिद,रंगशाज मस्जिद, बरियातू मस्जिद ,पत्थलकुदआ मस्जिद, गुदरी आजाद बस्ती स्थित मस्जिद, कांटा टोली कुरैशी मोहल्ला स्थित जामा मस्जिद, मौलाना आजाद कॉलोनी नूरी मस्जिद, जाफरिया मस्जिद, एहले हदीश मस्जिद,रमजान कालोनी स्थित मस्जिद सहित कांके, चंदवे, पिठो रिया, पुनदाग, नया सराय, हटिया, हरमू आदि क्षेत्रों की मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज पढ़ी गई। वहीं इमाम व खतीब ने लोगों से अपील की है कि ईद की नमाज भी समय पर अदा की जाएगी। अलविदा जुम्मा के दिन इमाम ओ खतीब ने शहर व राज्य एवं देश की खुशहाली और उन्नति की दुआ मांगे, अमन चैन, सौहार्द्र और एकता बनी रहे। सभी मस्जिदों के मुख्य द्वार पर स्थानीय थाना द्वारा पुलिस बल भी सुरक्षा की दृष्टि कोण से तैनात किए गए थे।इधर अंजुमन इस्लामिया गुमला के अगुवाई में जुम्मा नमाज के दौरान हजारों की तादाद में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने नमाज अदा करने के बाद हाथ में काली पट्टी बांध कर वक्फ संशोधन बिल को लेकर केंद्र सरकार के इस फैसले का विरोध जताया।अंजुमन इस्लामिया के सदर मुशाहिद आजमी ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल एक गहरी साजिश है। इसका साफ उद्देश्य यह है कि मुसलमानों को उनकी मस्जिदों, ईदगाहों, मदरसों, दरगाहों, कब्रिस्तानों और अन्य धार्मिक सामाजिक संस्थानों से बेदखल कर दिया जाए।



## बॉयलर फटने से तीन कर्मचारियों की मौत



**एजेंसी**
**लखनऊ :** गाजियाबाद में बुधवार की सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। जहां भोजपुर थाना क्षेत्र के गौ अतरौली में स्थित नॉर्दर्न ईस्टर्न रबर एंड रोल फैक्टरी में बॉयलर फट गया। हादसे में तीन लोगों की जान चली गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, बॉयलर फटने से तीन कर्मियों योगेन्द्र कुमार, अनुज और अवधेश कुमार की मौत हो गई है। वहीं एक अन्य को हल्की चोट आई है। 28 मार्च की सुबह साढ़े 5 बजे चौकी अतरौली थाना भोजपुर अंतर्गत स्थित एक फैक्टरी में बॉयलर फटने से हादसा हो गया। मौके पर पर्याप्त पुलिस बल मौजूद है। परिजनों को समझाया जा रहा है। कानून व्यवस्था संबंधी कोई समस्या नहीं है। अन्य आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

**असर्फी कैंसर संस्थान**
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

# वक्फ संशोधन बिल के विरोध में हाथों पर काली पट्टी बांध कर अदा किया नमाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रमजानुल मुबारक महीने के आखरी जुमा की नमाज रांची की सभी मस्जिदों में अपने अपने निर्धारित समय पर अदा की गई। रांची के लगभग सभी मस्जिदों में मुसलमानों ने ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, जमीयत उलेमा ए हिंद और इमारत शरिया के आह्वान पर वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ हाथों पर काली पट्टी बांध कर नमाज अदा की गई। इस महीने का अलविदा जुमा होने के कारण बच्चों में जहां उत्साह था वहीं बड़े बुजुर्ग केंद्र सरकार के वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ नज़र आए। सभी ने एक आवाज में कहा हमें वक्फ संशोधन बिल मंजूर नहीं। हम ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, जमीयत उलेमा ए हिंद, इमारत शरिया के साथ खड़े हैं। रमजानुल मुबारक महीने के बारे में विस्तार से जामा मस्जिद के खतीब मुफ्ती तलहा नदवी, हववारी मस्जिद के खतीब मुफ्ती कमर आलम कासमी, राईन मस्जिद के खतीब मुफ्ती अनवर कासमी ने कहा है कि रमजान का महीना बड़े ही रहमतों और बरकतों का महीना होता है। इसलिए यह आखरी असरा काफी अहम और महत्वपूर्ण होता है। साथ ही जकात, सदका, फितरा के बारे में विस्तार से बताया।



जामा मस्जिद में अलविदा जुमा की नमाज मुफ्ती तलहा, हववारी मस्जिद में शहर काज़ी मुफ्ती क़मर आलम कासमी, राईन मस्जिद में मुफ्ती अनवर कासमी, मस्जिद जाफरिया में मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिज़वी, पत्थलकुदवा में मुफ्ती अब्दुल्ला अज़हर, मदीना मस्जिद में कारी अंसारुल्लाह, बड़ी मस्जिद में मुफ्ती इमरान नदवी, मक्का मस्जिद में मौलाना तल्हा नदवी, छोटी मस्जिद में कारी एहसान, इकरा मस्जिद में मौलाना मोहम्मद ने अदा कराई। इसके पूर्व अब्दुल्लाह मस्जिद, डोरंडा वाली मस्जिद, हांडा मस्जिद समेत रांची शहर के सभी मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज अपने अपने समय पर मजिस्द के पेश इमाम ने अदा कराई।

## काली पट्टी बांधकर अलविदा जुम्मा की अदा किया नमाज

**कांके :** केंद्र सरकार द्वारा लाये गए वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ राँची जिला के कांके प्रखंड के पिठौरिया पीरुतोला के जामा मस्जिद में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने काली पट्टी बांधकर अलविदा जुम्मा की नमाज अदा की। नमाज के बाद ओलमा के नेतृत्व में लोगों ने इस बिल के खिलाफ लोगों ने कतार लगाकर जमकर एहतेजाज किया। लोगों ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार अल्पसंख्यकों के खिलाफ एक से एक कानून ला रही है जो भारतीय संविधान के खिलाफ है। वक्फ मुसलमानो की अपनी संपत्ति है वक्फ बिल पर किसी भी तरह का संशोधन तरमीम बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला जामा मस्जिद में एक कुरान हुआ मुक़मल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** जमीयतुल कुरैश पंचायत कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला के जामा मस्जिद में एक कुरान मुकम्मल हो गया। 27वीं रमजान के मुबारक दिन हाफिज व कारी मोहम्मद शाहनवाज आलम ने कुरान मुकम्मल किया। इस दौरान जामा मस्जिद कुरैशी मोहल्ला में जितने भी मुक्तदी नमाज पढ़ रहे थे, और मुहल्ले सहित आसपास के कई मुहल्ले के लोगों ने हर साल की तरह इस साल भी जमीयतुल कुरैश पंचायत के ओहेदारों को नजराना के रूप में दो लाख नजराना दिए । सभी लोगों ने अपने-अपने इच्छा और खुशी के साथ नजराना के पैसे पेश किया । उसी नजराने के पैसे को मिलाकर तीन हिस्सों में बांटा गया। तरावीह की नमाज पढ़ने वाले हाफिज व कारी मोहम्मद शाहनवाज आलम को एक लाख 35 हजार 700 राशि कामों बेस नजराना के रूप में दिया गया। वहीं जामा मस्जिद कांटाटोली कुरैशी मुहल्ला के इमाम ओ खतीब मंजूर हसन बरकाती को 35 हजार रुपए कमोबेश और मोअज्जीन हाफिज शाहीद रजा को 27 हजार रुपए कमोबेश नजराना के रूप में दिया गया। इस मौके पर झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी के द्वारा हाफीज व कारी मोहम्मद शहनवाज आलम को एक लाख 35 हजार 700 राशि कामों बेस नजराना के रूप में दिया गया।जमीयतु कुरैश पंचायत के सदर गुलाम गैस पप्पू कुरैशी ने इमाम मंजूर हसन बरकाती को नजराना दिया। इस अवसर पर महासचिव परवेज कुरैशी, उपाध्यक्ष लड्डन कुरैशी , पूर्व सदर फिरोज कुरैशी, फरहाद कुरैशी, नौशाद कुरैशी, आशिक कुरैशी, ताजमुल कुरैशी राजू, गुलाम मुस्तफा कुरैशी , सोनू, अफताब कुरैशी, गुलाम जावेद, नौशाद, अजमल कुरेशी , आदिल कुरेशी, कौसर कुरैशी, बशीर कुरैशी,आजाद कुरैशी, मोइनुद्दीन कुरैशी, अजहरुद्दीन,सद्दाम मिठ्ठू, गफ्फार खान, असलम, साजिद, जियाउल, राजू, अतीकुर्हामान, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### हतमा भट्टा उप टोला रांची में चल रहे झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का सत्यापन देखने पहुंचे

**रांची।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का धरातल पर प्रभावशाली क्रियान्यवन सम्पूर्ण जिला प्रशासन का दायित्व है। लाभुकों के बीच योजना को लेकर सकारात्मक फीडबैक जाये इसे जिला प्रशासन की टीम को सुनिश्चित करना है। जिन लाभुकों के खाते में सम्मान राशि नहीं आयी है उन्हें बतायें कि सत्यापन के बाद सभी योग्य लाभुकों को योजना का लाभ मिलेगा। ये बातें जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने कहीं। उपायुक्त आज औचक रूप से वार्ड संख्या-02 हतमा भट्टा उप टोला रांची में चल रहे झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का सत्यापन देखने पहुंचे थे। उपायुक्त ने आंगनबाडी सेविका को निर्देश देते हुए कहा कि लाभुकों के सत्यापन पर फोकस करें, एवं सभी आंगनबाडी सेविका अपने-अपने क्षेत्र में लाभुकों के सत्यापन का कार्य करें। उपायुक्त द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में सत्यापन फॉर्म का सुचारू वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

### विद्यापति समिति रामनवमी पर लगाएगी सेवा शिविर

**रांची :** बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय में समिति के मुख्य संरक्षक आशु झा की अध्यक्षता में शुक्रवार को बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समिति छह अप्रैल को पूरे हर्षोल्लास के साथ रामनवमी का त्योहार मनाएगी। इस अवसर पर रामनवमी सेवा शिविर का आयोजन बाबा विद्यापति स्मारक समिति की ओर से रांची के कचहरी चौक पर शिविर लगाई जाएगी। शोभा यात्रा में राम भक्तों के लिए कच्चा चना, गुड़ शरबत और शीतल पेय जल की व्यवस्था समिति निःशुल्क करेगी।

## अलविदा माहे रमजान, मस्जिदों में राज्य की खुशहाली की मांगी गई दुआएँ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** माहे रमजान का मुबारक महीना अब समाप्त होने वाला है । माहे रमजान का चौथा और अंतिम जुम्मा अलविदा की नमाज झारखंड सहित रांची राजधानी में भी अदा की गई । रांची शहर के विभिन्न मस्जिदों में दिन के 12ः00 बजे के बाद से ही नमाजियों के भीड़ मस्जिदों में जुटने लगी थी। अपर बाजार स्थित जामा मस्जिद, इकरा मस्जिद ,डॉक्टर फतुल्लाह मस्जिद, डोरंडा मजार स्थित मस्जिद,रंगशाज मस्जिद ,बरियातू मस्जिद ,पत्थलकुदआ मस्जिद, गुदरी आजाद बस्ती स्थित मस्जिद , कांटा टोली कुरैशी मोहल्ला स्थित जामा मस्जिद, मौलाना आजाद कॉलोनी नूरी मस्जिद , जाफरिया मस्जिद, एहले हदीश मस्जिद,रमजान कालोनी स्थित मस्जिद सहित कांके ,चंदवे, पिठो रिया, पुनदाग, नया सराय ,हटिया, हरमू आदि क्षेत्रों की मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज पढ़ी गई । वहीं इमाम व खतीब ने लोगों से अपील की है कि ईद की नमाज भी समय पर अदा की जाएगी । अलविदा जुम्मा के दिन इमाम ओ खतीब ने शहर व राज्य एवं देश की खुशहाली और उन्नति की दुआ मांगे, अमन चैन, सौहार्द्र और एकता बनी रहे। सभी मस्जिदों के मुख्य द्वार पर स्थानीय थाना द्वारा पुलिस बल भी सुरक्षा की दृष्टि कोण से तैनात किए गए थे।

## आजसू ने साधा राज्य सरकार पर निशाना, कहा क्या अपराधी, माफिया हैं सत्ता पक्ष के वोटर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आजसू विधायक निर्मल महतो, आजसू के पूर्व विधायक लंबोदर महतो, मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर, जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत समेत कई आजसू नेता भी पंडरा पहुंचे और पार्टी के रातु प्रखंड उपाध्यक्ष भूपल साव की हत्या के विरोध में पंडरा रवि स्टील चौक पर धरना-प्रदर्शन में शामिल हुए परिजनों को सांत्वना दी। आजसू विधायक निर्मल महतो ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार जनता को सड़क पर उतरने के लिए मजबूर कर रही है। मुख्यमंत्री आम जनता को विपक्ष का वोटर बता रहे हैं, तो क्या अपराधी-




माफिया सत्ता पक्ष के वोटर हैं जो उन्हें संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था की बदतर स्थिति से परेशान व्यवसायी और आम जनता कानून अपने हाथ में नहीं ले रही बल्कि शांतिपूर्ण विरोध कर रही है। अनिल टाइगर हत्याकांड को भी गलत दिशा में मोड़ने का प्रयास किया जा रहा था।

पंडरा रवि स्टील चौक पर के प्रदर्शन और जाम में आजसू के जिला अध्यक्ष संजय महतो, केंद्रीय सचिव राजीव मिश्रा, रातु प्रखंड अध्यक्ष हेमंत बड़ाइक, कांके प्रखंड अध्यक्ष अमन शाहदेव, संजय मेहता, महानगर अध्यक्ष ज्ञान सिंहा, दयानंद झा, बीरेंद्र तिवारी,मुखिया विक्की लोहरा, पंचायत समिति राकेश कुमार, विशाल साहू समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## भाजपा, आजसू नेता की हत्या मामले पर बाबूलाल ने मुख्यमंत्री को किया ट्वीट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** गुजरे दो रोज में भाजपा नेता अनिल टाइगर और आजसू नेता भूपल साव की नृशंस हत्या के बाद नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया के अपने ङ्ग हैंडल पर पोस्ट कर सीएम हेमंत सोरेन को हत्याओं की जिम्मेदारी लेने की बात लिखी है। बाबूलाल मरांडी ने लिखा, @HemantSorenJMM जी, आपको यदि रमज़ान के इफ्तारी खाने और ईद की बधाईयां देने से फुर्सत मिल गई हो, तो रांची में दो दिनों के भीतर हुई दो नृशंस हत्याओं की जिम्मेदार भी लें। आपके द्वारा पोषित अपराधियों का वार इतना घातक है कि जनता



असमय ही काल के गाल में समा जा रही है। सुहागिनों का सिंदूर मिट जा रहा है, बच्चे अनाथ हो रहे हैं, पूरा परिवार उजड़ जा रहा है। हेमंत जी, विपक्ष तो आपका हर वार झेल जाएगा लेकिन संरक्षित अपराधियों द्वारा जनता पर वार मत कराइए। ये डायलॉग बाजी छोड़कर कानून व्यवस्था को दुरुस्त करिए, अन्यथा विपक्ष भी वार का पलटवार करना जानता है।

## ईद सरहुल और रामनवमी पर्व को लेकर प्रशासन अलर्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** ईद और सरहुल पर्व को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट हो गई है । वहीं तीसरी मंगलवारी और फिर रामनवमी पर्व को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने सभी संबंधित क्षेत्र के थानेदारों को सख्त निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्र में शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक करें और विधि व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए हर एक व्यक्ति से संपर्क रखें । साथ ही अफवाहों पर ध्यान नहीं देने पर जोर देने को कहा है।



इसी उद्देश्य पर कोतवाली थाना में थाना प्रभारी आदिकांत महतो ने बैठक की, बरियातू थाना क्षेत्र में सदर डीएसपी संजीव बेसरा ने बैठक की और डेली मार्केट थाना प्रभारी राणा जयप्रकाश के नेतृत्व में बैठक हुई। इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता व फुटपाथ संघ के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, अरुण गुप्ता, अकबर कुरैशी, सुमन साहू, विक्रम सिंह, महमूद, रुपेश जयसवाल, नसीम सहित डेली मार्केट थाना क्षेत्र के कई लोग शामिल थे। सभी को सख्त निर्देश दिया गया कि अपने-अपने थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखेंगे।

किसी भी तरह का अफवाह नहीं होने देंगे, किसी तरह का विवाद होने से तुरंत पुलिस को सूचना देंगे, फेसबुक सोशल साइट पर आपत्तिजनक पोस्ट नहीं डालेंगे।

## वीर शहीद नीलाम्बर पीताम्बर का शहादत दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** खरवार भोगता समाज विकास संघ रांची जिला समिति के तत्वावधान में नीलाम्बर पीताम्बर पार्क मोरहाबादी में वीर शहीद नीलाम्बर पीताम्बर का शहादत दिवस मनाया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि कांके विधायक सुरेश बैठा तथा विशिष्ट अतिथि केंद्रीय सरंक्षक यौधेश्वर सिंह भोगता,बिगन सिंह भोगता,रामजीत गंझू, उमेश सिंह भोगता,तुलसी खरवार,शिव प्रसाद साहू,सुदर्शन भोगता,विश्वनाथ गंझु, रामलखन गंझु,अजय गंझु, भोला भोगता,नरेश गंझु, संजय प्रधान सहित कई लोग उपस्थित थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची जिला अध्यक्ष अमृत भोगता तथा संचालन प्रभाकर गंझू ने किया।सबसे पहले नीलाम्बर पीताम्बर स्मारक पथलगड़ी स्थल पर पाहन के द्वारा पूरे विधि विधान से पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना की गई।उसके बाद नीलाम्बर पीताम्बर की प्रतिमा पर विधायक सुरेश बैठा सहित उपस्थित अतिथियों के द्वारा माल्यर्पण एव पुष्प अर्पित किया।वक्ताओ ने नीलाम्बर पीताम्बर के जीवनी पर प्रकाश डाला।मुख्य अतिथि विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि झारखंड वीरों की धरती है।वीर शहीद नीलाम्बर पीताम्बर ने देश की आजादी के लिए अंगेजो के साथ जोरदार लड़ाई लड़ी।उन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

उनके जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेने की जरूरत है।इस मौके पर जिला सचिव हर्षनाथ भोगता,संदीप भोगता,संजीत कुमार गंझु, सेवाराम भोगता,अजय भोगता,अमृत खरवार,करमा भोगता,प्रदीप भोगता,नीलाम्बर खरवार,परमेश्वर भोगता,कार्तिक भोगता,प्रधान भोगता,धनराज भोगता,सुखी गंझु, अर्जुन गंझु, शिव भोगता,नरेश भोगता,हरेकृष्ण भोगता,संजय भोगता ,रघुनंदन भोगता,अशोक गंझु, अजय गंझु, वीरेंद्र गंझू, अरुण गंझु, संजीव कुमार भोगता,राजकुमार गंझु, बालकिसुन गंझु, हजारी प्रसाद भोगता,रामधन भोगता,कलेश्वर भोगता,सुखलाल मुंडा सहित रांची, खूंटी एव रामगढ जिला से हजारो की संख्या में उपस्थित थे।

## सरहुल और रामनवमी को लेकर डीसी ने किया औचक निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आगामी पर्व त्योहार को लेकर विधि-व्यवस्था संबंधित शहरी क्षेत्र का भ्रमण करते हुए सम्बंधित सभी पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। आगामी पर्व सरहुल एवं रामनवमी को लेकर रांची शहर के विभिन्न जुलुस मार्ग का जायजा लेते हुए तमाम तैयारियों के मद्देनजर, शिव मंडप पूजा समिति गाड़ी होटवार, मेडिकल चौक मंदिर रांची, तपोवन मंदिर, सरना टोली हातमा, सरना स्थल हातमा, सिरम टोली सरना स्थल एवं अन्य जगहों का जायजा लिया।



जुलूस के आवागमन के लिए सुगम रास्ता उपलब्ध कराने हेतु अधिकारियों को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।मौके पर उपायुक्त मंजुनाथ भजन्त्री, एसडीएम उत्कर्ष, सीटी एसपी राजकुमार मेहता, एडीएम राजेश्वर नाथ आलोक, ट्रैफिक एसपी डा कमलेश करमाली, कांग्रेस नेता विनय दिया, आलोक , जय सिंह यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## तीन माह का वेतन मिलने से एचईसी कर्मियों में खुशी, जताया आभार

**रांची :** एचईसी कर्मियों को एक साथ तीन माह का वेतन मिलने से उनमें खुशी का माहौल है। केंद्र सरकार ने एचईसी के आकांक्षा परियोजना के एवज में कुल 43.95 करोड़ रुपये एचईसी को भुगतान किया है। इसमें से एचईसी की ओर से कर्मियों के वेतन के मद में 24 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। वहीं एचईसी मजदूर संघ के महामंत्री रामाशंकर प्रसाद ने कहा कि कर्मियों को वेतन दिलाने में एचईसी प्रबंधन के अलावा केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और भाजपा नेता विनय जायसवाल की महती भूमिका रही है।

## स्वच्छता शाखा के कार्यों की रांची नगर निगम प्रशासक ने की समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं कचरा मुक्त बनाने के लिए लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी दिशा में कचरे के स्रोत पर ही पृथक्करण को सुनिश्चित करने के लिए सख्त दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। रांची नगर निगम क्षेत्र में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण का कार्य मेसर्स स्वच्छता फॉरपोरेशन द्वारा एवं सेकेंडरी कलेज्शन का कार्य मेसर्स ज़ोटा द्वारा किया जा रहा है। इसके अलावा, नगर निगम की टीम द्वारा कूड़े के स्रोत पर ही गीले और सूखे कूड़े को अलग करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस प्रयास में नागरिकों की भागीदारी भी अत्यंत आवश्यक है।



**प्रशासक द्वारा समीक्षा बैठक एवं निर्देशः** रांची नगर निगम के सभागार में प्रशासक संदीप सिंह द्वारा स्वच्छता शाखा के कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान निगम क्षेत्र में 100त्न डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण तथा स्रोत पर ही कूड़े के पृथक्करण को सुनिश्चित करने के लिए कई अहम निर्णय लिए गए। प्रमुख निर्देश एवं सुधारात्मक कदम स्रोत पर ही गोला एवं सूखा कूड़ा अलग करने की अनिवार्यता प्रशासक ने निर्देश दिया कि हर घर, दुकान, प्रतिष्ठान एवं बल्क बेस्ट जनरेटर से गीला एवं सूखा कूड़ा अलग-अलग संग्रहित किया जाए। इसके लिए व्यापक एक्शन प्लान तैयार किया जाए एवं इसे प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। स्वच्छता कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग हेतु विशेष टीम का गठन किया गया।

## 5 साल के एइज हाशमी ने रखा पहला रोज़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रमजान के महीने में छोटे बच्चे रोजा नहीं रखते है. एइज 5 साल के एईज हाशमी इस रमजान का पहला रोजा रखा। माता-पिता का रुझान, जोश और आस्था देख बच्चे ने रोजा रखने की इच्छा जताई और रखा. एइज हाशमी ने कहा कि वह पूरे महीने रोजे रखना चाहता है। इतना ही नहीं, इस्लाम के सख्त नियमों को मानते हुए उसने पाक कुरआन की अरबी की तिलावत भी पढ़ना शुरू कर दिया है। एइज हाशमी के दादा नेसार अहमद ने बताया, इस्लाम में 5 साल के बच्चे को रोजे रखने की इजाजत नहीं देता, लेकिन बच्चे ने अपनी जिद और आस्था के चलते रोजा रखा। जब हमने उसे रोकना चाहा और कहा कि इस बार यह बेहद मुश्किल है तो उसने कहा कि वह पूरा दिन घर में बैठेगा लेकिन रोजा रखेगा। बिशप वेस्टकॉट बॉयज स्कूल, नमकुम रांची क्लास वन में पढ़ने वाले एइज हाशमी ने कुरआन का एक कायदा



(पाठ) पूरा पढ़ लिया है। रोजे के दिन जहां वयस्क लोग शाम होते-होते प्यास से तड़पने लगते हैं, एईज हाश्मी पहले रोजे के दिन 14 घंटों तक बगैर पैनी के रहा। शाम 6:04 बजे तक इफ्तार तक उसने कुछ नहीं खाया।

पहले रोजे के लिए एईज हाशमी को ईदी के रूप में कैश, नए कपड़े और खिलौने मिले। आगे वह रोजे रखेगा या नहीं, यह पूछे जाने पर उसके दादा नेसार अहमद ने कहा कि उसके लिए यह बेहद मुश्किल है लेकिन अईज हाशमी आखिरी तक रोजे रखना चाहता है।

## चार दिवसीय नाट्य महोत्सव का हुआ उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** युवा नाट्यस संगीत अकादमी एवं चंद्रावती सह कांति कृष्ण फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान मे आयोजित छोटानागपुर राष्ट्रीय नाट्यस महोत्सव एवं कांति कृष्ण सम्मान समारोह 2025 का शुभउद्घाटन मुख्यअतिथि राज्य मंत्री अल्पसंख्यक आयोग झारखंड सरकार सह उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू एवं विशिष्ट अतिथि निदेशक आसिफ इकराम निदेशक कला संस्कृति विभाग झारखंड सरकार,छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा संरक्षक रवि मेहता,संगीत अकादमी के संस्थापक ऋषिकेष लाल, डॉ.प्रणव कुमार बब्बू, राजेश रमन,रंजीत बिहारी, आलिशा गौतम उरांव,शशिकला पौराणिक, डॉ.अनिल ठाकुर आदि ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

मौके पर मुख्यअतिथि ने नाट्यस आयोजन कमेटी एवं सभी रंगकर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा रंगकर्मी समाज को जागृत करता है साथ ही मुख्य अतिथि ज्योति सिंह मथारू जी ने देवाशीष मुखर्जी,काजल बोस, भास्कर दत्त,मानिक घोष, राजकुमार पाठक,डॉ.दानी कर्मकार,सुभाषचंद्र प्रधान, ओमप्रकाश राम एवं तपन कुमार दत्त जी को कांति कृष्ण सम्मान से सम्मानित किया।उद्घाटन समारोह के बाद आज निम्नलिखित नाटक की प्रस्तुति हुई। नाटकः धर्मो रक्षति रक्षितः निर्देशनःराजीव सिन्हा संस्थाःझारखंड फिल्म एंड थियेटर अकादमी कलाकारःशोभित अमन, अंजली सिन्हा,अंशु अग्रवाल, प्रिंस राजपूत,सौरभ कुमार मंडल,मुकेश प्रामाणिक, सोमकांत,अमित कुमार राज एवं चंदन कुमार कथासार ः धर्मो रक्षति रक्षितः एक लोकप्रिय संस्कृत वाक्यांश है जो महाभारत और मनुस्मृति में मिलता है।

## तिरूलडीह थाना क्षेत्र में चला अवैध बालू के खिलाफ छापेमारी अभियान



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के तिरूलडीह थाना क्षेत्र में खनन निरीक्षक समीर कुमार ओझा एवं थाना प्रभारी अविनाश कुमार के नेतृत्व में देर रात तक छापेमारी अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने बताया कि जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो के शिकायत के आलोक मे जिला खनन विभाग तथा तिरुलडीह थाना की टीम ने संयुक्त रूप से तिरुलडीह थाना अंतर्गत सपादा, सिरूम, कुकडू आदि क्षेत्रों में औचक छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान बालू खनिज से संबंधित किसी तरह का अवैध परिवहन एवं भंडारण का मामला सामने नहीं आया।

## जमशेदपुर सीए सोसाइटी के नए अध्यक्ष बने मनीष मूनका



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जमशेदपुर चार्टर्ड अकाउंटेंट्स सोसाइटी (जेसीएएस) की एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी जनरल मीटिंग में सर्वसम्मति से सीए मनीष मूनका को सत्र 2025-26 के लिए नया अध्यक्ष चुना गया। उन्होंने इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाने का आश्वासन दिया। आज चेम्बर भवन, बिष्टुपुर में आयोजित हुई बैठक की शुरुआत सचिव सीए आनंद कुमार अग्रवाल ने की, जबकि अध्यक्ष सीए कौशलेंद्र दास ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। बैठक में उपाध्यक्ष सीए सुगम सरायवाला, सचिव सीए आनंद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सीए विनीत मेहता और पूर्व अध्यक्ष सीए अनिल अग्रवाल आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। बैठक में प्रमुख रूप से बिशन अग्रवाल, जगदीश खंडेलवाल, किशन चौधरी, प्रां शंगारी, रमाकांत गुप्ता, प्रभात सेक्सेरिया, अजय गुप्ता, राकेश रोशन झा, अभिषेक अग्रवाल, रवि गुप्ता और चेतन अग्रवाल आदि उपस्थित थे। मीडिया प्रभारी सीए रवि गुप्ता ने यह जानकारी दी।

## निवेशकों के लिए बड़े और मिड-कैप फंड बेहतर विकल्प : चंद्रप्रकाश पडियार



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** टाटा एसेट मैनेजमेंट के सीनियर फंड मैनेजर चंद्रप्रकाश पडियार का कहना हैं कि भारतीय इक्विटी बाजार हाल के महीनों में अस्थिरता का सामना कर रहा है। कमजोर कॉर्पोरेट आय, ऊंचे मूल्यांकन, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और भू-राजनीतिक मुद्दों के कारण निफ्टी 50 अपने सितंबर 2024 के उच्चतम स्तर से 13 प्रतिशत तक गिर गया। हालांकि हाल ही में कुछ रिकवरी देखने को मिली, फिर भी साल-दर-साल आधार पर निफ्टी 50 में 3 प्रतिशत और निफ्टी लार्ज मिडकैप 250 इंडेक्स में 8 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। चंद्रप्रकाश पडियार के अनुसार मौजूदा सुधार के बाद, लार्ज-कैप स्टॉक्स का मूल्यांकन आकर्षक हो गया है, लेकिन मिड- और स्मॉल-कैप स्टॉक्स अब भी दबाव में हैं। स्मॉल- और मिड-कैप इंडेक्स अपने शिखर से 20: से अधिक गिर चुके हैं, हालांकि वे अभी भी उचित मूल्यांकन स्तर तक नहीं पहुंचे हैं। फिर भी, इस सेगमेंट में कुछ उद्योग दीर्घकालिक निवेश के लिहाज से अच्छे अवसर प्रदान कर सकते हैं। बड़े और मिड-कैप म्यूचुअल फंड इन परिस्थितियों में निवेशकों के लिए बेहतर विकल्प साबित हो सकते हैं। टाटा एसेट मैनेजमेंट के सीनियर फंड मैनेजर चंद्रप्रकाश पडियार के अनुसार, यह फंड लार्ज-कैप कंपनियों की स्थिरता और मिड-कैप फर्मों की ग्रोथ क्षमता का लाभ उठाने का संतुलित अवसर प्रदान करता है। यह निवेशकों को स्थिर रिटर्न और दीर्घकालिक पूंजी वृद्धि में मदद कर सकता है।

## खरसावां के उधड़िया गांव में मागे पोरोब का आयोजन, विधायक ने ग्रामीणों संग किया नृत्य



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खरसावां प्रखंड के कृष्णापुर पंचायत के उधड़िया गांव में मागे पोरोब का आयोजन किया गया. मागे पोरोब की शुरुआत देशाउली में दिउरी द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के साथ हुई. इसके पश्चात ग्रामीणों ने मागे पोरोब में मांदर की थाप पर नृत्य किया. मौके पर विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि यह पर्व आपसी भाईचारा बनाये रखने और एक-दूसरे को सहयोग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है.यह सृजन का पर्व है. मागे पोरोब क्षेत्र की परंपरा व संस्कृति से जुड़ा हुआ है. उन्होंने उपस्थित लोगों से अपनी संस्कृति व परंपरा को बचाने की अपील की. मागे पोरोब में पहुंचे स्थानीय विधायक दशरथ गागराई व बासंती गागराई ने भी ग्राम वासियों के साथ मांदल की थाप पर नृत्य किया. मांदर और नगाड़ा बजाने के साथ साथ हो भाषा में मागे गीत हुए लोगों के साथ नृत्य किया. नृत्य का यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा. मौके पर मुख्य रुप से हो फिल्मों के निर्देशक शिवा देवगम,अर्जुन गोप, कालिया जामुदा,अनुप सिंहदेव, अजय समाड,नागेन सोय,भावेश मिश्रा,जुली गोप,यमुना तांती,सरिता हांसदा,बोनी बोदरा,नामसी मुंडा आदि उपस्थित थे.

## बिष्टुपुर में वांडरलस्ट मिड समर एडिट का आयोजन आज




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** बिष्टुपुर स्थित यूनाइटेड क्लब में 29 मार्च शनिवार को दोपहर दो बजे से वांडरलस्ट मिड समर एडिट का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धा अग्रवाल और पूजा अग्रवाल द्वारा क्यूरेट किया गया यह पॉप-अप इवेंट रचनात्मकता, उद्यमिता और सामाजिक समावेशिता का अनूठा संगम होगा। इस आयोजन में पीएमएचसीजे, सनीसा और महिला उद्योग एसएचजी (घाटशिला) के सामाजिक प्रभाव स्टॉल विशेष आकर्षण होंगे, जहाँ ग्रामीण कारीगरों और दिव्यांग रचनाकारों द्वारा निर्मित हस्तशिल्प और अन्य उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। इसके साथ ही, फैशन, वेलनेस, फूड और डिज़ाइन जैसे क्षेत्रों से जुड़ी महिला उद्यमियों की भागीदारी इसे महिला सशक्तिकरण और स्थानीय व्यवसायों के प्रोत्साहन का मंच बनाएगी। आयोजन में लाइव म्यूज़िक परफॉर्मेंस, पॉटरी वर्कशॉप, नेल आर्ट, हेयर ब्रेडिंग, गेम्स और बच्चों के लिए आर्ट एक्टिविटीज़ जैसी रोमांचक गतिविधियाँ भी होंगी, जो इसे पूरे परिवार के लिए मनोरंजन और रचनात्मकता से भरपूर एक सामुदायिक उत्सव बनाएंगी।

# पश्चिम बंगाल के बांदोवान में दो बाइकों की भिड़ंत, दो की मौत व एक घायल





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा थाना क्षेत्र से सटे पश्चिम बंगाल के बांदोवान में शुक्रवार को 11 बजे हुई दो बाइकों के बीच आमने-सामने की टक्कर में 2 युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि इस घटना में एक शिक्षक घायल हो गए हैं। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना बांदोवान थाना से करीब आधे किमी दूर पुराना तालाब क्रशर के पास बांदोवान-कुईलापाल पर हुई। एक बाइक पर सवार कमलपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर निवासी युवक परमेश्वर कुंभकार (21) व उसका मौसेरा भाई नीमडीह थाना क्षेत्र के तिलाईटांड़ निवासी संजय कुंभकार (19) कुईलापाल की ओर से अपने घर लौट रहे थे। जबकि बांदोवान निवासी शिक्षक मलय दास बाजार से एमडीएम के लिए सब्जी आदि की खरीदारी कर अकेले ही अपने स्कूल जा रहे थे। गंभीर हालत में तीनों को स्थानीय लोगों की मदद से बंगाल पुलिस ने बांदोवान स्थित सीएचसी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। इस घटना में दोनों के सिर से काफी रक्तस्राव होने से मौत हो गई। दोनों ही युवक हेलमेट नहीं पहने थे। शिक्षक मलय दास के सिर, पैर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं।

## डुमरिया में मिर्जा सोरेन व मुसाबनी में प्रधान सोरेन बने झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष






**गुड़ाबांदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को डुमरिया व मुसाबनी में झामुमो का प्रखंड स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। जिला पर्यवेक्षकों की देखरेख में दोनों प्रखंडों में कमिटी का पुनर्गठन किया गया। डुमरिया में मिर्जा सोरेन सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गए। जबकि मुसाबनी में प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव गुप्त मतदान से कराया गया। जिसमें प्रधान सोरेन दुबारा अध्यक्ष पद पर चुने गए। डुमरिया प्रखंड का खड़िदा स्थित सामुदायिक भवन और मुसाबनी का पार्टी कार्यालय में प्रखंड स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान पंचायत कमिटी के सदस्य और भारी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे। डुमरिया की नई कमिटी : अध्यक्ष मिर्जा सोरेन, सचिव जयपाल सिंह मुर्मू , कोषाध्यक्ष अर्जुन मुर्मू । मुसाबनी की नई प्रखंड कमिटी : अध्यक्ष : प्रधान सोरेन, सचिव : महेश्वर हांसदा और कोषाध्यक्ष : पालू माझी।

## मोहरदा से नही होगी दूषित जलापूर्ति : पूर्णिमा साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** झारखंड विधानसभा में मोहरदा से दूषित जलापूर्ति के मामले में सरकार ने कहा कि स्वच्छ जलापूर्ति को लेकर समाधान की प्रक्रिया चल रही है। जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने इस संबंध में सरकार से सवाल किया था। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि फिल्टर प्लांट को ज्यादा गहराई में लगाने से दूषित जल की समस्या से निजात पायी जा सकती है। इसके जवाब में नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा कहा गया कि मोहरदा जलापूर्ति योजना से संबंधित डी0पी0आर0 पर मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करते हुए पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, आदित्यपुर के द्वारा निर्माण कराया गया है। मोहरदा जलापूर्ति योजना का संचालन एवं रख-रखाव टाटा स्टील यूआईएसल द्वारा पीपीपी मोड पर कराया जा रहा है। इंटेकवेल की गहराई को लेकर गत 12 मार्च, 25 को उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर के अध्यक्षता में जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति एवं टाटा स्टील यूआईएसल के बीच बैठक हुई है। बैठक में तकनीकी पहलुओं पर सकारात्मक विचार-विमर्श हुआ, जिसमें उक्त समस्या के यथाशीघ्र समाधान करने का निर्णय लिया गया है।

इसके साथ ही, विधायक पूर्णिमा साहू ने जमशेदपुर-रांची मार्ग पर स्थित कांची नदी पर बड़ा पुल बनाने के संबंध में भी सरकार से सवाल किया। इस सवाल पर सरकार ने बताया कि भारत सरकार द्वारा कांची नदी पर नया पुल बनाया जा रहा है। पथ के चौड़ीकरण के दौरान कांची नदी पर पूर्व से निर्मित पुल के बायें और नये पुल का निर्माण कार्य कराया गया है।

## आमबगान मैदान में 16 अप्रैल शुरू होगा फन वर्ल्ड डिजनीलैंड



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भारत का मशहूर फन वर्ल्ड डिजनीलैंड प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी साकची स्थित आमबगान मैदान, जमशेदपुर में 16 अप्रैल 2025 से प्रारंभ होने जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए फन वर्ल्ड के आयोजक चन्द्रशेखर पर्वत ने बताया कि इस वर्ष कई नये तरह के स्टॉल एवं मनोरंजन के नये-नये साधन उपलब्ध होंगे। जिसमें शहर में पहली बार सुनामी एवं रिवॉलविंग चेयर झुला देखने को मिलेगा इसके अलावा बच्चों एवं बड़ों के मनोरंजन हेतु जो झुले लगाये जा रहें हैं उनमें वाटर बोट, हेलीकॉप्टर, टोरा-टोरा, ड्रैगन ट्रेन, आदि लगया जा रहा है। इसके साथ ही बड़ों (वयस्क) को ध्यान में रखते हुए उनके लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र बिजली झूला उपलब्ध होंगे जो जमशेदपुर शहर में हमेशा से मांग रही है। इसके अतिरिक्त मेले में हेन्डलूम एवं हेन्डी क्राफ्ट की अनेक तरह की दुकानों के अलावा हैंडलुम के साड़ी, बेड शीट, नाईटी के परिधान विभिन्न राज्यों से आये मनमोहक रंगों एवं डिजाईनों में उपलब्ध होंगे । कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि फन वर्ल्ड डिजनीलैंड गर्मी की इस मौसम में परिवार के साथ मनोरंजन का एक अवसर प्रदान करता है जिसका जमशेदपुर एवं आस-पास के निवासी साल भर से इस आयोजन का इंतेजार करते हैं।

## आईसीएआई जमशेदपुर शाखा का बैंक ब्रांच ऑडिट पर सेमिनार आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आईसीएआई (द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया) की जमशेदपुर शाखा ने ग्रैंड हॉल, यूनाइटेड क्लब, बिष्टुपुर में बैंक ब्रांच ऑडिट पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार आयोजित किया। यह सेमिनार ऑडिटिंग और एश्योरेंस स्टैंडर्ड बोर्ड (एएएसबी), आईसीएआई के सहयोग से हुआ, जिसमें एलएफएआर और आईआरएसी नॉर्म्स और बैंक ऑडिट में तकनीक के उपयोग पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का शहर के लगभग 150 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने लाभ उठाया। पहले सत्र में कोलकाता से आए सीए विवेक अग्रवाल ने एलएफएआर और आईआरएसी नॉर्म्स की विस्तृत व्याख्या की। दूसरे सत्र में दिल्ली की सीए दीपिका अग्रवाल ने बैंक ऑडिट में तकनीक के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला, जिससे डिजिटल टूल्स और ऑडिटिंग में नवीनतम तकनीकों की भूमिका स्पष्ट हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीए संजय गोयल और सीए जगजीत कौर ने की। आईसीएआई जमशेदपुर शाखा के चेयरमैन सीए कौशलेंद्र दास ने वक्ताओं और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बदलते ऑडिट परिदृश्य में ऐसे सेमिनार चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। सेमिनार में प्रमुख रूप से चेतन अग्रवाल, योगेश शर्मा, बिशन अग्रवाल, दया शंकर, सुगम सरायवाला, पंकज अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, अजय गुप्ता, कोमल अग्रवाल, सुधा अग्रवाल, बांसु शर्मा, अक्षय जैन, राकेश रोशन झा और सीए रवि कुमार गुप्ता सहित कई वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की सक्रिय भागीदारी रही।

## बैंक ऑफ इंडिया के शाखा खरसावां में मनाया 14 वां स्थापना दिवस

### - लाभुकों में 15 लाख के ऋण का वितरण किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां शाखा परिसर में शुक्रवार को शाखा का 14 वां स्थापना दिवस मनाया गया. मौके पर बैंक ऑफ इंडिया के डिप्टी जोनल प्रबंधक मो अनवर जमाल, शाखा प्रबंधक नितेश राज समेत उपस्थित लोगों ने केक काटा. साथ ही बैंक की ओर से चलाये जा रहे स्कीम की जानकारी दी. इस दौरान डिप्टी जोनल प्रबंधक मो अनवर जमाल ने कहा कि विगत 119 वर्षों से बैंक ऑफ इंडिया ग्राहकों को बेहतर सेवा देती आ रही है. देशवासियों के प्रेम व विश्वास के कारण ही बैंक ऑफ इंडिया को 6 रैंक पर है. मो अनवर जमाल ने कहा कि आने वाले दिनों में बैंक का खरसावां शाखा भी ग्राहकों को बेहतर से बेहतर सुविधा दोगी. उन्होंने कहा कि बैंक से ऋण लेने वाले लाभुकों से ससमय किस्त भरने की अपील की. आने वाले दिनों में महिला उद्यम, एसएचजी समेत अन्य लाभुकों को ऋण देने की बात कही. बैंक की ओर से चलाये जा रहे स्कीम की जानकारी देते हुए लोगों से लाभ उठाने की अपील की.इस दौरान चार एसएचजी महिला समुहों में 10.5 लाख के ऋण का वितरण किया गया. एक किसानों को 50 हजार रुपये का केसीसी ऋण, दो एमएसएमई इंटरप्रेटर को चार लाख का ऋण दिया गया.साथ ही चार लाभुकों का ऋण समझौता कराया गया. इस दौरान मुख्य रुप से रौशन लाल रजक,सतीश पिंगुवा, पार्थो महापात्र,सुरज कुमार,बबिता हांसदा,बापी नायक,सेवानिवृत शिक्षक जय शंकर नंदा,युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रेमेंद्र मिश्रा,सिद्धार्थ सिंहदेव आदि उपस्थित थे.

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय चौंरा में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय चौंरा में शुक्रवार को कक्षा 1 से 9 तक के छात्र-छात्राओं का वार्षिक खेल महोत्सव आयोजित हुआ। इसमें जूनियर और सीनियर वर्ग के बोरा दौड़, जलेबी दौड़, इन-आऊट, गोली-चम्मच दौड़, स्लो साईकिल, दौड़ 100 मी एवं 200 मी, गणित दौड़ आदि खेलों का आयोजन किया गया। आयोजन में सभी शिक्षकों के सहयोग से सभी छात्र- छात्राओं ने भाग लिए। न?ए सत्र की शुरुआत से पहले खेल मनोरंजन के साथ शिक्षण को आगे बढ़ाने हेतु विद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह उपस्थित रहकर उत्साहबर्धन किए। समारोह में विद्यालय के सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं में रमणी हांसदा, माया मार्डी, अंजली कुजूर, सरिता कुमारी, गोवर्धन महतो, काजल साहा, निर्मल चन्द्र महतो, डॉ. समीर कुमार, संतोष कुमार सिंह एवं लिपिक राजीव कुमार का सराहनीय और महत्वपुर्ण योगदान रहा। बच्चों ने खेल के नियम, मनोरंजन और अनुशासन को आत्मसात किया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को प्रार्थना सभा में मेडल एवं पारितोषिक देकर पुरस्कृत किया गया।

## जोहार जाहेर सरना पूजा महली समिति का सरहुल महोत्सव संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के आगसिया में जोहार जाहेर सरना पूजा महली समिति द्वारा 4 था वार्षिक सरहुल महोत्सव का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख गुरूपद मार्डी, पंसस सरला देवी, अध्यक्ष परेश महली पंसस एआई एस एम जेडब्लूए के प्रदेश प्रवक्ता वरिष्ठ पत्रकार अरुण माझी, सचिव गुरू चरण महली, संयोजक उमापद पहली आदि ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। विधायक सविता महतो सरहुल में उपस्थित होकर पूजा समिति का हौसला अफजाई किया। उन्होंने सरहुल पूजा में माथा टेककर क्षेत्र की तरक्की का कामना किया। वहीं नाया सम्बद महली,सोहराई महली,जेठु ,बलराम महली ने आदिवासी रिती रिवाज से बोंगा बुरू, ग्राम देवता आदि का पूजा अर्चना कर गांव की सुख शांति के लिए कामना किया। रांची जिला के तमाड़ थाना क्षेत्र के तामराड़ा के द्वारा सरहुल नृत्य प्रस्तुत किया गया। रात्रि को बंगाल के पुरूलिया जिला के निपेन सहित एवं हेम सिंह महतो के दलों द्वारा छऊ नृत्य प्रस्तुत किया गया। वहीं अरूण माझी ने सड़क सुरक्षा को लेकर युवा वर्ग को जागरूक किया । मौके पर रमन महली, दुबराज महली, गुरू चरण महली, रंजीत महली, देवलाल महली, अजित, रोहिदास , अनिल सिन्हा, कार्तिक, धनराज, करम, मोतीलाल महली आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# बांह पर काली पट्टी बांध अदा की गई अलविदा जुमा की नमाज



**ईद उल फितर की नमाज का समय : धतकीडीह ईदगाह सुबह 8:00 बजे, धतकीडीह बड़ी मस्जिद सुबह 7:30 बजे, शास्त्रीनगर सेल्फी मस्जिद सुबह 7:00 बजे और शास्त्री नगर फारुकी मस्जिद सुबह 7:30 बजे।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** देश के विभिन्न मस्जिदों के साथ आज जमशेदपुर के सभी मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज पढ़ी गई। शुक्रवार को मस्जिदों में भीषण गर्मी के बाद भी रोजेदारों की भीड़ रही। शहर में भारी तपिश के मौजूद नमाजियों ने अपने अपने नजदीकी मस्जिद में जाकर नमाज अदा किया। धातकीडीह मक्का मस्जिद और बड़ी मस्जिद में करीब 11 बजे से ही नमाजी पहुंचने लगे। आम दिनों के मुकाबले आज मस्जिदों में ज्यादा भीड़ रही। वहीं जिला पुलिस बल मस्जिदों के बाहर मुस्तैद रही।

वहीं धतकीडीह मक्का मस्जिद में पेश इमाम ने अलविदा जुमा की नमाज अदा कराई। उन्होंने रोजेदारों को बताया कि ईद के दिन फितरे की रकम नमाज से पहले निकालें। इस रकम को जितनी जल्दी हो सके गरीब तक पहुंचा दें ताकि वो परिवार भी ईद का इंतजाम कर सके। फितरे की रकम निकालना बेहद जरूरी है। मानगो की बारी मस्जिद में मौलाना ने नमाजियों को समझाया कि वो आपस में हुस्न-ए-सुलूक से रहा करें। किसी पर जुल्मों सितम ना करें। इस्लाम इंसानियत सिखाता है। मुसलमान वही है, जो दूसरे इंसानों के साथ नरमी से बर्ताव करे। उन्होंने मुल्क और कौम की सलामती के लिए दुआ कराई।

**इन मस्जिदों में अदा की गई अलविदा जुमा की नमाज:** अलविदा जुमा की नमाज साकची जामा मस्जिद, मस्जिद-ए-रहमान साकची, आमबगान मस्जिद, धतकीडीह मस्जिद, मक्का मस्जिद, शास्त्रीनगर की फारुखी मस्जिद, शास्त्रीनगर की अहले हदीस मस्जिद, मानगो में बारी मस्जिद, मदीना मस्जिद, जाकिर नगर की शिया उम्मे खलील जामा मस्जिद, इमाम हुसैनी मस्जिद, ओल्ड पुरुलिया रोड की अहले हदीस मस्जिद, एकरा कॉलोनी मस्जिद, कपाली की मस्जिद-ए-हाजरा, बागानशाही मस्जिद, शबीना मस्जिद, मस्जिद-ए-उम्मे जमील कपाली आदि में पढ़ी गई। जुमा के खुतबे में उलेमा ने ईद का त्योहार अमन और खुशी के साथ मनाने की अपील रोजेदारों से की।

**काली पट्टी बांध वक्फ बिल का विरोध:** नमाज पढ़ने के लिए मस्जिदों में पहुंचे लोगों ने बांहों पर काली पट्टी बांध रखी थी। नमाजियों ने बताया कि वह वक्फ बिल का विरोध कर रहे हैं। वक्फ के साथ छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वक्फ को लेकर सरकार की नीयत ठीक नहीं है।

## वक़्फ़ संशोधन बिल के विरोध में मस्जिद क़ासमी, कपाली में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन

**जमशेदपुर :** वक़्फ़ संशोधन बिल के विरोध में कपाली स्थित मस्जिद क़ासमी में रमज़ान के आखिरी जुमे को शांतिपूर्ण सांकेतिक प्रदर्शन किया गया। इस विरोध का नेतृत्व मस्जिद के इमाम मौलाना मुर्शीद ने किया। प्रदर्शन के दौरान नमाज़ियों ने अपने हाथों में काला बिल्ला बांधकर बिल के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।

यह विरोध प्रदर्शन ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के आह्वान पर पूरे देश में आयोजित किया गया। बोर्ड का मानना है कि वक़्फ़ संशोधन बिल मुस्लिम समुदाय की धार्मिक संपत्तियों पर सरकारी हस्तक्षेप को बढ़ावा देता है, जिससे उनकी स्वायत्तता प्रभावित होगी।

इमाम मौलाना मुर्शीद ने कहा कि वक़्फ़ की संपत्तियां धार्मिक और सामाजिक कार्यों के लिए हैं, जिन पर किसी प्रकार की सरकारी दखलअंदाजी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सरकार से इस बिल को तत्काल वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से अपने विचार व्यक्त किए और चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गई तो वे बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। प्रदर्शन के दौरान मस्जिद परिसर में अनुशासन और शांति का माहौल बना रहा।

# विचार प्रवाह

संपादकीय

## पीएम की 'ईदी'

**प्रधानमंत्री** मोदी मुसलमानों में 'ईदी' की सौगात बंटवा रहे हैं। इसे 'सौगात-ए-मोदी' नाम दिया गया है। सौगात के तौर पर एक विशेष किट में महिलाओं के सूट का कपड़ा, मर्दों के लिए कुर्ता-पायजामा, सेवइयां, खजूर, मेवे, चीनी और चावल रखे गए हैं। किट पर प्रधानमंत्री मोदी का चित्र प्रमुखता से उसी तरह छापा गया है, जिस तरह 'मुफ्त अनाज' वाली योजना के बैग पर छपा है। अलबत्ता प्रधानमंत्री के साथ भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कुछ टोपीधारी मुस्लिम चेहरे भी छापे गए हैं। किट पर 'भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा' का नाम भी छपा है। प्रधानमंत्री के इस प्रयास के जरिए भाजपा की निगाहें 32 लाख गरीब मुसलमानों पर टिकी हैं। पार्टी के करीब 32,000 पदाधिकारी इतनी ही मस्जिदों के संपर्क में हैं, ताकि पात्र मुसलमान को चिह्नित किया जा सके। सच्चर कमेटी की रपट के मुताबिक, करीब 32 फीसदी मुसलमान अनपढ़ और 30 फीसदी गरीब हैं। मुसलमानों में 'पसमांदा' समुदाय है, जिसके 80 फीसदी से अधिक लोग गरीब बताए जाते हैं। प्रधानमंत्री भी अक्सर 'पसमांदा मुसलमानों' का जिक्र करते रहे हैं। उस लिहाज से 32 लाख मुसलमानों को 'ईदी' देना बहुत कम संख्या है। फिर भी एक ऐसा प्रयास किया जा रहा है, जो भाजपा और आरएसएस को भी बहुत पहले करना चाहिए था। प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' नारा भी कितना चरितार्थ होगा, इसका आकलन ईद के बाद किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने 13 अप्रैल को 'बैसाखी' और 18 अप्रैल को 'गुड फ्राइडे' के दिन भी ऐसी ही किट बांटने का निर्णय लिया है। सवाल है कि 'सौगात-ए-मोदी' के जरिए देश की करीब 15 फीसदी आबादी के एक तबके को राजनीतिक, सामाजिक और सामुदायिक तौर पर भाजपा के साथ जोड़ा जा सकता है? मुसलमान 'जनसंघ' के दिनों से ही इस हिंदूवादी विचारधारा की पार्टी के खिलाफ रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा-एनडीए को देशभर में औसतन 10 फीसदी मुस्लिम वोट मिले थे, जबकि विपक्ष के 'इंडिया गठबंधन' के पक्ष में 65 फीसदी मुसलमानों ने वोट दिए थे, लेकिन गुजरात में भाजपा के पक्ष में 29 फीसदी मुस्लिम वोट आए थे। यहां 'इंडिया' को 59 फीसदी वोट मिले थे। यह प्रतिशत राजस्थान और दिल्ली के चुनावों में भी बढ़ा। प्रधानमंत्री मोदी की 11 साला सत्ता के दौरान औसतन 8 फीसदी मुस्लिम मत ही भाजपा की झोली में आते रहे हैं। हालांकि प्रधानमंत्री आवास योजना में 1.30 करोड़ लाभार्थी मुसलमान हैं। 'किसान सम्मान राशि' योजना में भी करीब एक-तिहाई लाभार्थी मुसलमान ही हैं। 'तीन तलाक' सरीखा आपराधिक कानून मोदी सरकार ने ही पारित कराया था, जिसके जरिए मुस्लिम औरतों की गरिमा, प्रतिष्ठा और शादीशुदा जिंदगी को एक कानूनी आयाम मिला। मोदी सरकार की कई योजनाएं मुसलमानों पर ही केंद्रित हैं, लेकिन उस अनुपात में मुसलमानों ने भाजपा को 'चुनावी समर्थन' नहीं दिया है। कांग्रेस ने 'सौगात-ए-मोदी' को एक छलावा, फेंका हुआ टुकड़ा करार दिया है।

> प्रधानमंत्री के इस प्रयास के जरिए भाजपा की निगाहें 32 लाख गरीब मुसलमानों पर टिकी हैं। पार्टी के करीब 32,000 पदाधिकारी इतनी ही मस्जिदों के संपर्क में हैं, ताकि पात्र मुसलमान को चिह्नित किया जा सके। सच्चर कमेटी की रपट के मुताबिक, करीब 32 फीसदी मुसलमान अनपढ़ और 30 फीसदी गरीब हैं। मुसलमानों में 'पसमांदा' समुदाय है, जिसके 80 फीसदी से अधिक लोग गरीब बताए जाते हैं। प्रधानमंत्री भी अक्सर 'पसमांदा मुसलमानों' का जिक्र करते रहे हैं। उस लिहाज से 32 लाख मुसलमानों को 'ईदी' देना बहुत कम संख्या है। फिर भी एक ऐसा प्रयास किया जा रहा है, जो भाजपा और आरएसएस को भी बहुत पहले करना चाहिए था। प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' नारा भी कितना चरितार्थ होगा, इसका आकलन ईद के बाद किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने 13 अप्रैल को 'बैसाखी' और 18 अप्रैल को 'गुड फ्राइडे' के दिन भी ऐसी ही किट बांटने का निर्णय लिया है।

### कानूनी ज्ञान अथवा अनुभव से अधिक व्यवस्था से न्यायाधिकारी तक सेटिंग की उसकी क्षमता की ओर मुड़ चुकी

## न्याय की कसौटी पर वर्तमान न्यायिक परिस्थितियां

**डा. विनोद बब्बर**

> पिछले दशक में सत्तारूढ़ दल के एक बड़े नेता का वह वायरल अश्लील विडियो किसे याद न होगा जिसमें वह यौन शोषण करते हुए जज बनाने का आश्वासन दे रहा था तो वर्तमान में एक जज के घर लगी आग के बाद करोड़ो की नकदी जलने के समाचार को अनदेखा नहीं किया जा सकता। यदि इसमें रत्ती भर भी सच्चाई है तो हम न्यायिक अराजकता के दौर में जी रहे हैं जहां जज की नियुक्ति जज करेंगे, जज की गलती की जांच भी जज करेंगे और फैसला भी जज ही करेंगे। पीढ़ी दर पीढ़ी न्यायपालिका के सिरमौर बनने-बनाने अर्थात बने रहने का खेल चल रहा है परंतु देश की संसद द्वारा न्यायाधीशों की नियुक्तियों को व्यवस्थित करने के लिए विधिवत पारित कानून को खुद न्यायालय ही रद्द कर देती है।

**गत** वर्ष महामहिम राष्ट्रपति महोदया ने कहा था, 'आम लोग जज को न्याय देने वाले भगवान की तरह देखते हैं लेकिन फिर भी कोर्ट-कचहरी के नाम से डरते हैं। वहां जाने से बचने के लिए वे अपने जीवन में कई तरह के अन्याय चुपचाप बर्दाश्त कर लेते हैं।' स्पष्ट है कि इसका कारण दशकों जारी रहने वाली अंतहीन खर्चीली प्रक्रिया है जो न्याय की आशा लेकर न्याय की चैखट पर पहुंचे व्यक्ति का मनोबल तोड़ देती है। हाँ, जो लोग हर पेशी पर लाखों लेने वाले वकीलों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की सामथ्र्य रखते हैं उन्हें जरूर राहत मिलती है। आज अच्छे वकील की परिभाषा उसके कानूनी ज्ञान अथवा अनुभव से अधिक व्यवस्था से न्यायाधिकारी तक सेटिंग की उसकी क्षमता की ओर मुड़ चुकी है। पिछले दशक में सत्तारूढ़ दल के एक बड़े नेता का वह वायरल अश्लील विडियो किसे याद न होगा जिसमें वह यौन शोषण करते हुए जज बनाने का आश्वासन दे रहा था तो वर्तमान में एक जज के घर लगी आग के बाद करोड़ो की नकदी जलने के समाचार को अनदेखा नहीं किया जा सकता। यदि इसमें रत्ती भर भी सच्चाई है तो हम न्यायिक अराजकता के दौर में जी रहे हैं जहां जज की नियुक्ति जज करेंगे, जज की गलती की जांच भी जज करेंगे और फैसला भी जज ही करेंगे। पीढ़ी दर पीढ़ी न्यायपालिका के सिरमौर बनने-बनाने अर्थात बने रहने का खेल चल रहा है परंतु देश की संसद द्वारा न्यायाधीशों की नियुक्तियों को व्यवस्थित करने के लिए विधिवत पारित कानून को खुद न्यायालय ही रद्द कर देती है। दुनिया भर की गलतियों पर कड़ी टिप्पणी करने वाली न्यायपालिका अपने अंदर झांकने का नैतिक साहस नहीं जुटा रही तो देश के उस सामान्य व्यक्ति के लिए न्याय का क्या अर्थ रह जाएगा जो माननीया राष्ट्रपति जी के कथनानुसार, 'जज को न्याय देने वाले भगवान की तरह देखते हैं।' यह निर्विवाद सत्य है कि कोई भी मनुष्य गलतियों से परे नहीं हो सकता, इसीलिए तो न्यायिक समीक्षा में जिला न्यायालय का फैसला उच्च न्यायालय द्वारा और उच्च न्यायालय के फैसले को उच्चतम न्यायालय द्वारा रद्द करने अर्थात पलटने के एक नहीं, हजारों-लाखों उदाहरण है। तो नियुक्ति के मामले में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएस) की तरह बजाय कॉलेजियम का क्या औचित्य है। जो कॉलेजियम उच्चतम न्यायालय और उच्च



न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए नाम का चयन कर सरकार के पास भेजता है और कॉलेजियम की सिफारिश सरकार के लिए बाध्यकारी है, उसमें शामिल लोग कोई गलती, भेदभाव, पक्षपात कर ही नहीं सकते , ऐसा कैसे कहा जा सकता है? इस सत्य को देश के मुख्य न्यायाधीश और उनके साथियों को स्वीकार कर नई और अधिकतम निर्दोष व्यवस्था बनाने के लिए पहल क्यों नहीं करनी चाहिए? यदि साधारण मामलों का स्वयं संज्ञान लेकर कार्यवाई करने वाली न्यायपालिका न्याय व्यवस्था के इन दोषों को स्वीकार नहीं करती तो देश की जनता द्वारा चुनी हुई संसद को देश के सामान्य व्यक्ति के विश्वास की रक्षा के लिए जजों की नियुक्ति प्रक्रिया में सुधार, प्रत्येक जज के लिए हर वर्ष अपनी और अपने परिवार की आय और जल-अचल की घोषणा अनिवार्य बनानी चाहिए। पिछले अनुभव को ध्यान में रखते हुए न्यायिक सुधार के लिए बनाए जाने वाले काननू को संविधान की नौवी अनुसूची में शामिल करना चाहिए ताकि उसे रद्द करने की आशंका ही न रहे। ज्ञातव्य है, संविधान (प्रथम संशोधन) अधिनियम, 1951 द्वारा जोड़े गई इस अनुसूची में शामिल कानूनों को न्यायालयों में चुनौती नहीं दी जा सकती है। किसी भी संस्थान को अपने हित में मनमानी की अनुमति क्यों दी जानी चाहिए? यह सर्वज्ञात है कि पिछले कुछ वर्षों में देश की सबसे बड़ी अदालत के कुछ फैसलों पर तीव्र प्रतिक्रिया देखी गई। पूर्व में अदालत के निर्णय पर सार्वजनिक प्रतिक्रिया का प्रचलन नहीं था, इसलिए इसे एक नई परम्परा कहा जा सकता है लेकिन प्रश्न है कि क्या अदालत के किसी निर्णय पर ईश्वरीय आदेश की तरह स्वीकार किया जाना चाहिए? इसका उत्तर शायद देश की सबसे बड़ी अदालत भी 'हां' में नहीं देगी क्योंकि जिला अदालत के निर्णय को गलत बताते हुए उच्च न्यायालयों और उच्च न्यायालयों के निर्णयों के विरूद्ध उच्चतम न्यायालय में अपील का संवैधानिक प्रावधान है। अनेक बार उच्चतम न्यायालय की बैंच के सदस्यों को भी परस्पर विरोधी निष्कर्ष प्रस्तुत करते देखा गया है. अतः कहा जा सकता है कि 'किसी भी फैसले में ऐसे ऐसी बातें होना संभव है जिससे असहमति हो सकती है।' बेशक कोर्ट के फैसले से मतभिन्नता अथवा नाराजगी का प्रदर्शन भारत के लिए यह नई परम्परा है लेकिन विश्व के अनेक देशों में अदालत के फैसले से असहमति व आलोचना का प्रचलन है। कुछ वष्र पूर्व रोहिंग्या शरणाथियों को शरण देने के मामले में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा मानवीय आधार पर गैर कानूनी रूप से भारत में घुसे लोगों का पक्ष लेना देश की सुरक्षा के लिए उचित नहीं ठहराया जा सकता क्योंकि सरकार ने अदालत में तर्क दिया कि इन रोहिंग्या शरणाथियों को भारत में रहने की अनुमति देने से सुरक्षा संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती है। यदि सुरक्षा संबंधी कोई चूक या दुर्घटना होती है तो कार्यपालिका को जिम्मेवार ठहराया जाता है तो उसकी राय की अनदेखी करते हुए मामले को लटकाने पर प्रश्न उठने स्वाभाविक हैं। यहां विशेष रूप से स्मरणीय है कि उच्चतम न्यायालय को जिस संविधान का संरक्षक कहा जाता है, उसी संविधान ने कार्यपालिका, न्यायपालिका और व्यवस्थापिका के कर्तव्यों और अधिकारों को स्पष्ट रूप से रेखांकित किया है। इस बात पर स्वयं सरकार को अदालत को विचार करना चाहिए कि क्या रोहिंग्या मामले में माननीय अदालत का आदेश इस प्रावधान की मूल भावना के साथ कितना न्याय करता है। आज सामान्यजन के मन में भी यह प्रश्न उठ रहा है कि माननीय न्यायालय को गलियों, सड़कों, नालियों की गंदगी, प्रदूषण तो दिखाई देता है लेकिन क्या कारण है कि देश की अदालतों में व्याप्त भ्रष्टाचार, अव्यवस्था, विलम्ब दिखाई नहीं देता? दशकों से लम्बित मामलों के निपटान पर सवाल उठने पर कहा जाता है कि 'न्यायाधीशों की कमी है'। निश्चित रूप से यह तर्क सही है लेकिन व्यवस्था के लगभग हर क्षेत्र में भी स्टाफ की समस्या है। उन्हें तो इस कमी के लिए न्यायालय ने कभी दोष मुक्त नहीं किया। न्याय में देरी का मुद्दा महत्वपूर्ण है।

दृष्टि कोण

## आपसी सौहार्द में निहित है सबका कल्याण

**इन** दिनों पंजाब और हिमाचल के लोगों के बीच आरोप-प्रत्यारोप एवं पोस्टर्स युद्ध का मुद्दा गरमाया हुआ है, जो कहीं न कहीं राष्ट्रभक्त हिमाचलियों और अलगाव पसंद चंद खालिस्तान समर्थकों के बीच चल रही खींचतान का परिणाम है, तो अमनपसंद भारतीयों के बीच चिंता का विषय भी बना हुआ है। पिछले दिनों हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में पंजाब से आ रहे बाइक सवारों, जिन्होंने अपने मोटरसाइकिलों पर खालिस्तानी झंडे और भिंडरावाले की तस्वीरें लगा रखी थीं, के साथ स्थानीय लोगों की झड़पें हुई हैं और प्रतिक्रियास्वरूप पंजाब के होशियारपुर और खरड़ में भिंडरावाले के समर्थक लोगों ने हिमाचल नंबर की गाडियों और एचआरटीसी बसों के शीशों पर भिंडरावाले की फोटो चस्पा की हैं और तोडफ़ोड़ भी की है। सोशल मीडिया में पंजाब के होशियारपुर और खरड़ से होकर गुजरने वाली एचआरटीसी की बसों के शीशे तोड़े जाने और पेंट से आपत्तिजनक शब्द लिखे जाने की घटनाओं के वीडियो एवं तस्वीरें देखने को भी मिल रही हैं। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में अपना विरोध दर्ज करवाते हुए बयान दिया है कि, 'हिमाचल की बसों पर खालिस्तान समर्थक भिंडरावाले के झंडे लगा रहे हैं और एचआरटीसी की बसों पर हमला हो रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू को इस मुद्दे पर पंजाब के मुख्यमंत्री से बात कर सौहार्दपूर्ण माहौल बनाने के लिए शीघ्र प्रयास करना चाहिए क्योंकि कानून व्यवस्था सरकार की जिम्मेवारी है।' ऐसा माना जा रहा है कि यह विवाद होली के आसपास शुरू हुआ जब पंजाब से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कुल्लू जिले के मणिकर्ण साहिब गुरुद्वारे में गए। हालांकि, उनके अनियंत्रित व्यवहार, जिसमें लापरवाही से गाड़ी चलाना और सडक़ पर नियमों का उल्लंघन करना शामिल है, के कारण स्थानीय लोगों के साथ उनका टकराव हुआ। उन्होंने एक स्थानीय निवासी पर तलवार से भी हमला किया, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया। कई शिकायतों के बाद, कुल्लू पुलिस ने कार्रवाई शुरू की, जुर्माना लगाया और उपद्रवियों के खिलाफ कई मामले दर्ज किए गए। इससे पंजाब में भिंडरावाला समर्थकों में गुस्सा फैल गया, जिसके कारण उन्होंने एचआरटीसी बसों पर पोस्टर चिपकाए और हिमाचल के लोगों के खिलाफ धमकियां दीं। मनाली और मणिकर्ण पुलिस थानों में शस्त्र अधिनियम, सार्वजनिक सुरक्षा कानून और मोटर वाहन अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। इसी बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी संसद में, भारत में आतंकवाद के खिलाफ उठाए गए कदमों पर चर्चा करते हुए पंजाब में अलगाववादी तत्वों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने के संकेत दिए हैं। गृहमंत्री अमित शाह का कहना था कि 'कुछ लोग पंजाब में भिंडरांवाला बनने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन गृह मंत्रालय के सख्त प्रयासों से अब उनमें से एक असम की जेल में गुरु ग्रंथ साहिब पढ़ रहा है। मोदी सरकार के रहते राजनीतिक आइडियोलॉजी के कारण हम अलगाववाद को पनपने नहीं देंगे।' भारत में अलगाववाद को लेकर होने वाली घटनाएं और झड़पें कोई नई बात नहीं हैं। अलगाववाद का मतलब है, देश के किसी हिस्से के, अलग होकर अलग देश बनाने की मांग करना। भारत में कई अलगाववादी आंदोलन हो चुके हैं। इनमें से कुछ प्रमुख आंदोलन खालिस्तान, नागालैंड, असम अलगाववादी और पंजाबी सूबा आंदोलन आदि होते रहे हैं और इन अलगाववादी आंदोलनों को दबाने के लिए भारत सरकार ने कई उपाय किए हैं। इनमें सैन्य हस्तक्षेप, बातचीत, निष्पक्ष चुनावों का आयोजन और आर्थिक विकास की नीतियां बनाना आदि शामिल हैं। जहां तक खालिस्तान की बात है, खालिस्तान का अर्थ है खालिस लोगों की भूमि। यह भारत के पंजाब राज्य के सिख अलगाववादियों द्वारा प्रस्तावित देश को दिया गया नाम है। खालिस्तान के क्षेत्रीय दावे में वर्तमान भारतीय प्रांत पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली तथा राजस्थान के कुछ क्षेत्र भी शामिल हैं। लोगों को यह समझना चाहिए कि किसी भी तरह का अलगाववादी आंदोलन देश के विकास के लिए गंभीर बाधा है, क्योंकि ऐसे आंदोलन देश की एकता, अखंडता और स्थिरता को कमजोर करते हैं, जिससे विकास कार्य बाधित होते हैं, निवेश कम होता है, सामाजिक सद्भाव बिगड़ता है और युवाओं की तरक्की पर विपरीत असर पड़ता है। ऐसे अलगाववादी आंदोलन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे देश को आर्थिक और राजनीतिक रूप से नुकसान हो सकता है।

कुछ अलग

## जागो सोने वालो...

**तूफान** और आंधी में कुछ सूझता नहीं, कामरेड, वह बोले। अब आपको क्या बताएं, उम्र भर इंतजार करते रहे, कि क्रांति का तूफान आएगा, बदलाव की आंधी झूलेगी। मर-मर कर जीते आदमी उठ बैठेंगे। उठे हुए चलने लगेंगे, चलते हुए दौडऩे लगेंगे। सपना देखा था आंधी झूलने का, लेकिन यह कैसी आंधी चली कि जीते हुए लोग जीते जी मुर्दा महसूस करने लगे, दौड़ते हुए रुक गए, और चलते हुए माथा पीट कर बैठ गए। कभी जगजीत गाया करते, 'जो बेहोश है, होश में आएगा, गिरने वाला जो है वह संभल जाएगा।' लेकिन यहां तो उल्टा हो गया साहिब, होशमंदों पर बेहोशी तारी हो गई और संभले हुए बिना फिसले गिरते पड़ते नजर आ रहे हैं। यह कैसे उल्टे बांस हैं जो बरेली जा रहे हैं? यह कैसी गंगा है जो उल्टी बह रही है? अब क्या बताएं साहिब, सोचा कुछ, देखा कुछ, भाषण में सुना कुछ और अब पाया कुछ ऐसा कि पूरा अर्थतंत्र धडऩतख्ता होता नजर आ रहा है। एक शहजादी की कहानी कभी हमने सुनी थी। ज्यों-ज्यों उसके पलंग के गद्दे बढ़ते जा रहे थे, उसकी नींद और काफूर हो रही थी। बड़े-बड़े वैद्य बुलाए गए कि हमारी बिटिया की नींद लाओ। सब असफल, बिटिया का रतजगा खत्म होने में न आए। फिर एक गरीब सी बुढिया जो कभी इस राजकुमारी की आया थी, लाठी टेकती हुई आई। महाराज से गुजारिश की कि अलीजहां अगर हुक्म हो तो हम कोशिश करके देखें। महाराजा ने हिकारत से बुढिया की ओर देखा। वह अंधेर नगरी के चौपट राजा थे। उन्होंने बूढ़ी की ओर हिकारत से ही नहीं देखा, गनीमत थी कि पहचान लिया। नहीं तो आजकल बूढ़ों को कौन भाव देता है? इंतजार अच्छे दिनों का था, तोहफा मिल गया मंदी का। यहां तो काम के लिए जवान हो गए लोगों को काम नहीं मिलता। बरसों रोजगार दफ्तरों के बाहर एडियां रगड़ते हुए कभी न मिलने वाले नियुक्ति पत्रों का इंतजार करते रहते हैं। डाकिया उनकी गली का रास्ता भूल जाता है। सरकार दरबार में काम के लिए गुहार लगाओ तो अपने पैरों पर खुद खड़े होने का परामर्श है, और पकौड़े तलने का रास्ता दिखाया जाता है। हर हाथ को काम मिलने का सपना भी ध्वस्त नहीं हुआ, मंदी में बाजारों से लेकर खेत-खलिहान तक कुछ ऐसी मंदी छाई, कि चलते काम रुक गए, खेतीबाड़ी दम तोड़ते हुए परती परिकथा लिखने लगी। नगरी में रोजगार मेले लगते थे, वहां बेकारी दूर करने की जरूरत पर भाषण होने लगे, लेकिन सरकार अपनी दुकान बढ़ा कर निजी धनपतियों की बंधक बनती नजर आती रही। अभी बूढ़ी नानी की पोटली में उनके नाती-नातिन यह पुचकार जमा करवा रहे हैं, कि मंदी फिर जलवाफरोश हो गई। देशी-विदेशी आंकड़ा शास्त्री उसकी दयनीय हालत का बखान करने लगे, लेकिन ऐसे आंकड़ों को स्वीकार करके मंदी के मकडज़ाल से निकलने की कोशिश करने वालों को देशद्रोही कह दिया गया। देश में करोड़ों लोग हैं जो दिनभर हाड़ तोडऩे के बाद सडक़ों के टूटे फुटपाथों पर भी सो जाते हैं, लेकिन उधर राजा की राजकुमारी को पलंग के मखमली गद्दों पर भी नींद नहीं आती। इधर बुढिया को राजकुमारी को सुलाने का इशारा मिल गया कि जैसे मंदीग्रस्त देश में मरते काम-धंधों में करोड़ों छंटनी में आ गए कामगार बेकारों के हजूम को बढ़ कर उसे समावेशी विकास की जगह समावेशी रसालत का नाम देने लगे। उधर बुढिया ने राजकुमारी के उनींदेपन का इलाज बता दिया, कि इसके पलंग से सब गद्दे हटा दो। आखिरी गद्दे पर पड़ा एक मटर का दाना राजकुमारी की नींद हराम कर रहा था, उससे भी निजात पा लो। राजकुमारी आराम की नींद सो जाएगी। जी हां, राजकुमारी तो सो गई, लेकिन यह अंधेर नगरी, यह होश की जगह बेहोश होता देश कैसे जागेगा।

देश दुनीया से

## कुमति-सुमति सबके उर रहहिं

**इनसान** गलतियों का पुतला है। इसके बहुत से कारण हैं। पशु-पक्षियों के बच्चे जन्म के कुछ ही समय बाद आत्मनिर्भर हो जाते हैं। हम मानव लोग पैदा होने के समय तो असहाय होते ही हैं, अक्सर किशोरावस्था पार करने तक भी मां-बाप पर निर्भर होते हैं। जब तक हम पढ़ाई पूरी करके या कोई और हुनर सीख कर नौकरी में या व्यवसाय में नहीं चले जाते, तब तक हम आत्मनिर्भर नहीं हैं। नौकरी में या व्यवसाय में चले जाएं तो भी हमें बुद्धि आ ही जाए, यह भी आवश्यक नहीं है। हमें जीवन मिलता है, पर जीवन के साथ कोई इंस्ट्रक्शन मैनुअल नहीं मिलता कि जीवन कैसे जीना है। हमारी शिक्षा भी हमें कमाई के काबिल तो बना देती है, जीवन के काबिल नहीं बनाती। इसके लिए हमें अलग से शिक्षा की आवश्यकता होती है। आज हम आईक्यू, ईक्यू आदि के दीवाने तो हैं ही, हम इस बारीकी तक भी जाने को तैयार हैं कि हमें टेबल मैनर्स की जानकारी हो ताकि लोग हमसे प्रभावित हों। हमें करिअर में सफल होना सिखाया जाता है। धन कमाने, आगे बढऩे और करिअर में सफलता पाने की चाह में इतने पागल हैं कि बाकी सब भूल गए हैं। जैसे एक भैंस को चारा दिखा दें तो वह हमारे पीछे-पीछे चली आती है, वैसे ही कोई हमें धन का, उन्नति का, पदोन्नति का चारा दिखा दे तो हम कुछ भी करने को तैयार हो जाते हैं। चारा मिल जाए तो चरित्र बिक जाता है, ईमान बिक जाता है, देह बिक जाती है। सवाल है कि क्या धन कमाना गलत है? क्या करिअर में सफल होना गलत है? क्या शक्तिशाली होना या सत्ता की चाह रखना गलत है? धन सिर्फ एक साधन है जिससे हम संसार के सुख और सुविधाएं खरीद सकते हैं, यहां तक कि ज्ञान भी खरीद सकते हैं। शिक्षा क्या है? शिक्षा ज्ञान ही तो है, और शिक्षा पाने के लिए हमें धन की आवश्यकता है। हम बीमार हो जाएं तो इलाज के लिए धन चाहिए। घर बनाना हो तो धन चाहिए। भोजन के लिए धन चाहिए। धन जीवन की प्राथमिक आवश्यकता है, इसलिए धन कमाना गलत नहीं है। हम करिअर में सफल हो जाएं तो हम ऊंचे उठते हैं, सीखने के ज्यादा अवसर मिल जाते हैं। न धन कामना गलत है, न करिअर में सफल होना गलत है। गलत है लालच। गलत है भ्रष्टाचार। हम धन के लालच में कुछ भी करने को तैयार हो जाएं, यह गलत है। हम करिअर में सफलता के लालच में भ्रष्ट हो जाएं, यह गलत है। पुराने जमाने की बात है। एक ब्रह्मचारी ने अपने गुरु जी से सवाल पूछा कि पाप का मूल क्या है? गुरु जी ने कहा कि पास के गांव में चले जाओ। छोटा-सा गांव है, जिस घर के सामने पीपल का पेड़ दिखाई दे, उसका दरवाजा हमेशा खुला रहता है, बिना किसी हिचक के अंदर चले जाना। उस घर में एक अकेली महिला हैं, विदुषी हैं, वो तुम्हारे सवाल का जवाब देंगी। ब्रह्मचारी जब तक उस गांव पहुंचा तब तक शाम हो चुकी थी। सारे दिन के सफर से थका-मांदा ब्रह्मचारी जब घर के अंदर पहुंचा तो घर की मालकिन प्रौढ़ महिला ने आदर सहित ब्रह्मचारी का स्वागत किया और उनके लिए भोजन परोस लाई। ब्रह्मचारी जब भोजन का पहला कौर लेने लगा तो महिला ने कहा कि भोजन करने से पहले एक सच यह जान लीजिए कि मैं एक वैश्या हूं। ब्रह्मचारी बहुत नाराज हो गया। बोला कि आपने पहले क्यों नहीं बताया। मैं एक वैश्या के घर में घुस गया, मेरा तो धर्म भ्रष्ट हो गया। महिला ने बड़ी शांति से जवाब दिया कि संध्या हो चुकी है, आप थके हुए हैं, भोजन तो आवश्यक है ही। मैं बहुत धन कमा लेती हूं। अगर आप भोजन करेंगे तो मैं आपको सोने की दस मोहरें दूंगी। ब्रह्मचारी को महिला की बात तर्कसंगत भी लगी और यह भी सोचा कि सोने की दस मोहरें मिल जाएं तो कोई भी व्यवसाय शुरू कर लूंगा, जीवन आसानी से गुजरेगा। मुझे कौन देख रहा है, भोजन करने में क्या हर्ज है? यह सोच कर ब्रह्मचारी ने भोजन कर लिया। अब उस महिला ने ब्रह्मचारी को सोने की दस मोहरें दे दीं और फिर कहा कि मैं तो वैश्या हूं। मेरे पास जो लोग आते हैं, ज्यादातर लोग बूढ़े होते हैं। मुझे आनंद नहीं मिल पाता। आप युवा हैं, ब्रह्मचारी भी हैं, यानी, आपकी शक्ति अभी तक संचित है, खर्च नहीं हुई, मुझे आपके साथ सोने में बहुत आनंद मिलेगा। यह सुनकर ब्रह्मचारी आगबबूला हो गया। उसने वैश्या को बहुत खरी-खोटी सुनाई और अपना झोला उठाकर जाने के लिए तैयार हो गया, तो महिला ने ब्रह्मचारी को सौ मोहरें और देने का प्रस्ताव रखा। ब्रह्मचारी और ज्यादा नाराज हो गया। महिला ने प्रेम से उसका हाथ पकड़ा तो ब्रह्मचारी ने महिला का हाथ झटक दिया। अब उस महिला ने उसे कुछ क्षण रुकने के लिए कहा। महिला अंदर के कमरे में गई और उसने ब्रह्मचारी के सामने एक हजार सोने की मोहरों का ढेर लगा दिया और कहा कि अगर आप मेरा प्रस्ताव स्वीकार कर लेंगे तो ये सारी मोहरें आपकी हो जाएंगी। ब्रह्मचारी की आंखें फटी की फटी रह गईं। जिसके पास फूटी कौड़ी भी नहीं थी, उसे दस सोने की मोहरें मिल चुकी थीं, और एक हजार मोहरें और भी मिल रही थीं। ब्रह्मचारी ने सोचा कि अगर मैंने दस मोहरों से कोई व्यवसाय ही करना है तो ब्रह्मचर्य के व्रत के कोई मायने नहीं हैं। अच्छा घर बनाऊंगा, बड़ा व्यवसाय करूंगा, आज तक जो शिक्षा मिली, इतनी ही काफी है। गुरु जी के पास जाने की जरूरत भी नहीं है। यह प्रस्ताव स्वीकार करने में कोई हर्ज नहीं है। थोड़ी-बहुत आनाकानी के बाद ब्रह्मचारी ने महिला का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। अब वह महिला ठठाकर हंस पड़ी और बहुत कोमल स्वर में बोली कि ब्रह्मचारी जी, न तो मैं वैश्या हूं, और न ही आपसे भोग करने की मेरी कोई इच्छा है। मैं तो आपको बस यह समझाना चाहती थी कि पाप का मूल लालच है। बातें करके समझाती तो आप समझ न पाते। साबित करके दिखा दिया, अब यह आपके लिए जीवन भर का सबक है। ब्रह्मचारी की आंखों से आंसू बहने लगे। उसने महिला के पांव पकड़ लिए। दस मोहरें भी वापस कर दीं। जो ब्रह्मचारी एक क्षण पहले व्यभिचार के लिए तैयार था, वह अब पश्चाताप के आंसू बहाकर निर्मल हो गया था। सच कहा गया है कि कुमति-सुमति सबके उर रहहीं। हम सब के भीतर अच्छाई और बुराई दोनों हैं। हम ही रावण हैं, हम ही राम हैं। हम अपने जीवन में कौनसा रास्ता चुनते हैं, यह हमारी स्वतंत्रता है। आइए, हम सही राह पहचानें, सही राह चुनें और जीवन सफल बनाएं।

आप का नजरीया

## मिलकीयत वापसी का खाका

**राज्य** खुद को किस रूप में अंगीकार करे, इसको लेकर एक मानसिक स्थायित्व चाहिए। अंततः हिमाचल के आर्थिक समाधान पिछलग्गू नहीं हो सकते और न ही कृत्रिम उपचारों से यह सदी लांघी जा सकती है। इतिहास भले ही हमें इस मोड़ तक ले आया, लेकिन आगे बढऩे के लिए संदर्भ बदलने पड़ेंगे। यह सुर और खुर की लड़ाई है, जहां विवेचना के साथ सख्त कदमों के निशान चाहिएं। बेशक विवेचना पहले भी होती रही और खाके भी बनते रहे, लेकिन आत्मबोध के रास्तों पर भ्रम रहे या प्रदेश अपने भविष्य की कामना में लंबे डग नहीं ले पाया। बेशक हिमाचली अधिकारों के अध्याय लंबे होते रहे, लेकिन ऊंची दुकान के पकवान फीके ही रहे। संघर्षशील सरकारों के नए अवतरण में सुक्खू के व्यवस्था परिवर्तन की ध्वनि एक साथ कई दीवारों से टकरा रही है, तो केंद्र के सरकारी उपक्रमों से विद्युत परियोजनाओं की मिलकीयत वापसी का एक खाका उभरा है। जीने का एक स्थायी फार्मूला आत्मनिर्भर होना है, तो अब इन्हीं संदर्भों में अधिकारों की एक नई परिपाटी जोड़ी जा रही है। कहना न होगा कि हिमाचल की ताकत, आर्थिक संभावना के अक्स या तो जल संसाधनों में या जंगल में कैद हुई प्रकृति में हैं। हुए होंगे बहुत सारे समझौते, ये हमारी मजबूरियां थीं, लेकिन अब बैसाखियां उतार कर चलने की नई कोशिश तो करें। चलने की इसी का एक नाम है व्यवस्था परिवर्तन या हिमाचली अधिकारों के करीब आसन जमाने का। पहले ही जोगिंद्रनगर की शानन विद्युत परियोजना पर हिमाचल के अधिकार क्षेत्र का न्यायिक समाधान खोजा जा रहा है, तो अब चालीस साल हिमाचल की आर्थिक क्षमता चूस चुकीं एनएचपीसी व एसजेवीएन की बैरास्यूल और चमेरा विद्युत परियोजनाओं को इनकी मियाद के बाद हिमाचल अपनी हथेली पर रखना चाह रहा है। शांता कुमार के बाद सुखविंदर सिंह सुक्खू ऐसे दूसरे मुख्यमंत्री हैं, जो पानी की अमानत में हिमाचल का भविष्य देख रहे हैं। शांता कुमार केंद्र से बिजली की 12 प्रतिशत मुफ्त रॉयल्टी ले आए थे जो आर्थिक फलक पर एक क्रांति, एक समाधान और राज्य के अस्तित्व की जोरदार निशानी थी। इन्हीं निशानियों में आत्मनिर्भरता के लक्षण पैदा करते हुए सुक्खू सरकार ऐसी परियोजनाओं के कार्यकाल को चालीस साल की सीमा रेखा में वर्षों के आधार पर बारह, अठारह और तीस प्रतिशत मुफ्त बिजली रॉयल्टी के साथ-साथ उनकी वापसी का दावा कर रही है। यह इसलिए नहीं कि यह हो नहीं सकता, बल्कि इसलिए कि ऐसा होना ही हमारा आर्थिक अधिकार है। राज्यों के कच्चे माल को मिले रॉयल्टी अधिकारों की बुनियाद में देखें तो हिमाचल को हाथ-पांव मारने पड़ेंगे। इसी परिप्रेक्ष्य में केंद्रीय उपक्रमों से प्रदेश की मिलकीयत की पैरवी हो रही है और यह बीबीएमबी की आर्थिक पैमाइश से पंजाब पुनर्गठन तक की आत्मा को छूती है। सुक्खू सरकार एनएचपीसी के पास परियोजना प्रस्तावना के तहत 380 बीघा अतिरिक्त जमीन के अलावा बीबीएमबी के तहत आई ऐसी जमीन को भी माप रही है। यानी आय के अतिरिक्त साधन पैदा करने के लिए हमें निश्चित रूप से अतिरिक्त जमीन की जरूरत है। विडंबना यह कि अपने ही घर में हिमाचल किसी न किसी परियोजना का किरायेदार बन गया है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


# हर घर नल जल योजना की टूटी कमर, ग्रामीणों को पानी नसीब नहीं, जलमीनार बना हाथी का दांत

➲दर्जनों घरों के लोग नदी चुआंण का दूषित पानी पीने को मजबूर, पानी के लिए दर दर भटक रहे लोग
➲जलमीनार को जल्द से जल्द ठीक करने का दिया आश्वासन : पीएचडी विभाग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल जल योजना का लाभ लोगों तक पहुंचने में असफल हो रहा है. हंटरगंज प्रखंड के खुटीकेवालखुर्द पंचायत अंतर्गत हंटरगंज मुख्य बाजार टोला में दो वर्ष पूर्व पीएचडी द्वारा सोलर ऊर्जा से संचालित जलमीनार का निर्माण कराया गया था. इस योजना का उद्देश्य हर घर तक पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करना था. लेकिन निर्माण के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति किया गया है महीनों से यह जलमीनार बंद है सोलरयुक्त जलमीनार लगने से यहां के लोगों को बड़ी उम्मीद जगी थीं. ग्रामीणों का मानना था कि अब उन्हें पीने के पानी और घरेलू कार्यों के लिए पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा. लेकिन विभाग और संवेदक की लापरवाही से आज तक स्ट्रैचर सिर्फ हाथी का दांत बनकर रह गया. और आजतक एक बूंद भी ग्रामीणों की पानी नसीब नहीं हुई।लोग कयाश लगा रहे यदि प्रखण्ड मुख्यालय से महज 100 मीटर की दूरी पर पानी की किल्लत है तो अति सुदूरवर्ती इलाकों में किया हाल होगा। इधर ग्रामीण चितरंजन प्रसाद गुप्ता, संगीता देवी, बिहारी प्रसाद गुप्ता, और समस्त ग्रामीणों ने अपनी नाराजगी व्यक्त की. उनका कहना है कि जलमीनार बनने के बाद आजतक एक बूंद पानी नसीब नहीं हुई है . दर्जनों लोग पीने के पानी के साथ-साथ घरेलू उपयोग के लिए भी नदी के दूषित पानी पर निर्भर है, वही कुछ लोग वैकल्पिक स्रोतों से भी पानी की व्यवस्था कर रहे है. तपती धूप से जल का स्तर नीचे गिरता जा रहा है वही नदी भी सुख रहा है विभागीय अधिकारी शिकायत के बाद भी लापरवाह बने हुए हैं पूरा प्रखण्ड के सैकड़ों जलमीनार बदहाली के आंसू रो रहे हैं।

**जलमीनार को लेकर सदन में उठ चुका है आवाज**

इधर एक सप्ताह पूर्व ही चतरा विधायक जनार्दन पासवान ने नल - जल योजना को लेकर आवाज उठाया था।उन्होंने कहा था कि जिले में जल-नल योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। इस योजना के तहत जिले के सभी प्रखंडों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए जलमीनार बनाए गए थे, लेकिन यह सभी विभागीय पदाधिकारी और संवेदकों के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। ये योजना चालू होने चंद महीने बाद ही बंद हो गई। इसके कारण जिले के सभी प्रखंडों में पेयजल की विकराल समस्या उत्पन्न हो गई है। उन्होंने विधान सभा के अध्यक्ष से योजनाओं की जांच कराने एवं योजनाएं फिर चालू कराने की मांग की थी।

**क्या कहते हैं मुखिया**

खुटीकेवालखुर्द पंचायत मुखिया बृजकिशोर सिंह ने पीएचडी विभाग की लापरवाही बताते हुए कहा कि कई वार्डो में पानी टंकी तो लगा लेकिन पानी टंकी की स्थापना के 2 वर्ष बीत जाने के बावजूद भी एक बूंद भी ग्रामीणों को पानी नहीं मिल सका उन्होंने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द पानी उपलब्ध करवाने की मांग की है। वही यदि एक सप्ताह के अंदर पानी की समस्या दुर नहीं हुई तो उपायुक्त कार्यालय के समक्ष समस्त ग्रामीण अनशन पर बैठने की बात कही है।

**क्या कहते हैं पीएचडी विभाग एसडीओ**

पीएचडी विभाग एसडीओ फैसल अंसारी ने कहा कि जलमीनार को जल्द से जल्द ठीक करवा दिया जाएगा ताकि लोगों को पानी की समस्या से राहत मिल सके।

# विकास हत्याकांड का जांच करने पहुंचे सिमरिया एसडीपीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के ठाकुरवाड़ी निवासी कृष्णा भुइंया का पुत्र विकास भुइंया हत्या कांड मामले में जांच को लेकर सिमरिया एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल शुक्रवार को गिद्धौर पहुंचे। उन्होंने शव बरामद होने वाली स्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल किया।इस दौरान आस पास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला। इसके अलावा एसडीपीओ ने मृतक के परिजन से मिलकर मामले से संबंधित जानकारी जुटाई।बताते चले कि बीते रविवार को गिद्धौर मुख्य चौक समीप नसीम अली के छत पर संदिग्ध अवस्था में विकास का शव बरामद किया गया था।इसी मामले को लेकर एसडीपीओ जांच के लिए गिद्धौर पहुंचे।मौके पर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, सहायक अवर निरीक्षक सुनील कुमार सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

## लेखराज की गिरफ्तारी को पत्नी ने बताई झूठा आरोप



**पत्थलगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सिंघानी पंचायत अंतर्गत पत्थलगड़ा निवासी लेखराज कुमार उर्फ लेखराज टाइगर पिता स्वर्गीय विशुनधारी दांगी दिन मंगलवार को लेखराज कुमार को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। लेखराज कुमार की पत्नी पूजा कुमारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी मीडिया के द्वारा। अपनी बातों को पहचाने हेतु मीडिया से निवेदन कर अपने बातों को उच्च अधिकारी तक बात रखी है जिससे लेखराज को उच्च स्तरीय जांच कर न्याय दिलाने का काम करे। मेरे पति लेखराज को केश नंबर 9/25 के तहत भारतीय न्याय संहिता बी एन एस 2023 के तहत धारा 74, 76, 303 (2), 332 (C), 351 (3), 352 लगाई गई है। जो बिल्कुल निराधार है। हालांकि पूजा कुमारी रामनवमी की थाना में हुई शांति समिति की बैठक में वर्तमान में थाना प्रभारी के रूप में अवधेश कुमार सिंह पोस्ट संभाले है उनके समक्ष बात रखी गई । श्री अवधेश ने इस विषय पर गहनता पूर्वक जांच कर सुपरविजन करने की बात कही है। और लेखराज को जेल से बाहर लाने की भी बात बोला है दिन शुक्रवार को श्री अवधेश ने जांच के लिए अपने टीम के साथ घर पर आए और घटना से जुड़ी जानकारी ली और पूरी जानकारी के लिए दोनों पक्षों को थाना पर बुलाया है उन्होंने बताया कि विशेष जांच कर अग्रसर कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीण अंधेरे में रहने को विवश



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत लेंजवा पंचायत के चिरैयाटाड में ट्रांसफार्मर खराब होने से 200 घरों के ग्रामीण अंधेरे में रहने को विवश हैं। ग्रामीणों ने बताया कि हमलोग अनुसूचित जाति का है। वही कम पढ़े लिखे होने के कारण 3 सालों से बिजली आपूर्ति ठप है। इसको लेकर कई बार स्थानीय मुखिया योगेन्द्र यादव ने विभाग को सूचना दी लेकिन विभाग ने सुध ना ली। बिजली ना होने के वजह से कृषि आधारित गांव में किसानों का खेत सिंचाई ठप हो गई है। वैसे में ग्रामीणों के समक्ष रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है, वही छात्रों को भी पढ़ाई में कठिनाइयां का सामना करना पड़ रहा है । इधर ग्रामीणों ने जमकर सरकार और बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। इस मामले को लेकर बिजली विभाग एसडीओ से संपर्क साधना चाहा लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

# एकलव्य प्रवेश परीक्षा में प्राथमिक विद्यालय हुंडरू की सात बच्चियों ने मारी बाजी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** कल्याण विभाग द्वारा आयोजित एकलव्य प्रवेश परीक्षा (वर्ग 6) में राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय हुंडरू की सात छात्राओं– महिमा कुमारी, रानी कुमारी, सावित्री कुमारी, श्वेता कुमारी, प्रियंका कुमारी, सोनिया कुमारी और मुस्कान कुमारी–ने सफलता प्राप्त की। इन छात्राओं की उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की।विद्यालय के प्रधानाध्यापक हीरा प्रसाद यादव ने कहा कि सफलता किसी स्थान की मोहताज नहीं होती। यदि हम सच्ची लगन और मेहनत करें, तो किसी भी विद्यालय में पढ़कर उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। ये सभी छात्राएं शिक्षकों के मार्गदर्शन में पूर्ण समर्पण के साथ अध्ययन कर रही थीं। सहायक शिक्षक संजीव कुमार चंद्र ने बताया कि पिछले वर्ष भी विद्यालय के नौ छात्रों ने एकलव्य प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त की थी। इस वर्ष सात छात्राओं की सफलता से पूरा विद्यालय परिवार गौरवान्वित है। शिक्षक प्रमोद कुमार पांडे ने बच्चियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिक्षकों के लिए सबसे बड़ी गुरु-दक्षिणा उनके शिष्यों की सफलता होती है। जब बच्चे सफल होते हैं, तो शिक्षक, विद्यालय परिवार और माता-पिता का सिर गर्व से ऊंचा हो जाता है। बच्चियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष कुसमी देवी, उपाध्यक्ष रीना देवी, संयोजिका प्रमिला देवी, वार्ड सदस्य जितेंद्र उरांव, संतोष मेहता, बिजेंद्र उरांव, संजय उरांव, सोनम देवी, उषा देवी, मीना देवी सहित पूरे विद्यालय परिवार ने बधाई दी है।

कौलेश्वरी रामनवमी मेले को लेकर कोई तैयारी नहीं और हो गई दंडाधिकारियों कि नियुक्ति

# कौलेश्वरी मेला को लेकर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति से मंदिर प्रबंधन समिति सदस्यों में नाराजगी

सांसद व विधायक होते हैं प्रबंधन समिति के संरक्षक और उपसंरक्षक उन्हें भी किया गया अपेक्षित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** प्रखण्ड क्षेत्र के विश्व विख्यात मां कौलेश्वरी मन्दिर में प्रत्येक वर्ष कि रामनवमी में भव्य मेला लगता है इसमें झारखंड राज्य के अलावे अन्य निकटवर्ती राज्यों से भारी संख्या में श्रद्धालु मां कौलेश्वरी मन्दिर प्रगाण पूजा अर्चना करने पहुंचते हैं। शुक्रवार को कौलेश्वरी मन्दिर मे श्रद्धालुओं के आने -जाने वाले मार्ग में विधि - व्यस्था संधारणार्थ दंडाधिकारी प्रतिनियुक्ति का किया गया . लेकिन मेले कि तैयारी को लेकर ना जल की व्यस्था, ना बिजली की व्यस्था हो पाई है जिससे मंदिर प्रबंधन समिति सदस्यों में नाराज़गी है. लोग इस आदेश से परे नहीं समा रहे हैं. वही सबसे रोचक बात यह है कि चतरा सांसद और विधायक को भी उपेक्षित किया जा रहा है. जबकि मन्दिर प्रबन्धन समिती के सांसद संरक्षक व विधायक उपसंरक्षक होते हैं। इससे प्रखण्ड के प्रभुत्व, बुद्धिजीवी लोगों में आक्रोश है. इसको लेकर कौलेश्वरी मन्दिर प्रबन्धन समिती सदस्यों के द्वारा कल (शनिवार) सुबह 10 बजे से एक बैठक आहुति की गई है।

## बिंगलात गेट नंबर एक में अवैध बालू का भंडारण



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा के बिंगलात मुख्य सड़क स्थित आम्रपाली एक नंबर गेट के आगे अवैध बालू का भंडारण कर ठीकेदारों द्वारा सरकार को राजस्व का नुकसान लगाया जा रहा हैं। बताया गया कुछ ही दूरी पर बिंगलात नदी से अवैध बालू भंडारण कर के संबंधित विभाग को खुलेआम चुनौती दिए जा रहे हैं। बताया गया गरीब लोगों को आवास बनने के लिए अवैध बालू बात का ट्रैक्टर जप्त किया जाता है। वहीं अवैध आलू भंडारण पर बिस दिनों से खेल चल रहा है, पर जप्त नहीं किया जा रहा है।

## सड़क दुर्घटना में मासूम की मौत, डॉक्टर की अनुपस्थिति बनी जानलेवा

**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नेतरहाट थाना क्षेत्र के ग्राम पसेरी पाठ में गुरुवार शाम एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से चार वर्षीय अर्पित उरांव की मौत हो गई। घायल बच्चे को स्वजन तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले गए, लेकिन डॉक्टर न मिलने के कारण नर्सों ने उसे रेफर कर दिया। बिशनपुर अस्पताल ले जाते समय बच्चे ने दम तोड़ दिया। इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश है। उनका कहना है कि नेतरहाट स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की अनुपस्थिति आम हो गई है, जिसकी शिकायत पहले भी की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस ने ट्रैक्टर जब्त कर चालक बुद्धेश्वर उरांव को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, ग्रामीणों ने प्रशासन से स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की मांग की है।

# बालूमाथ में अलविदा जुम्मा की नमाज अदा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** जामा मस्जिद समेत प्रखंड की विभिन्न मस्जिदों में शुक्रवार को अलविदा जुम्मा की नमाज अदा की गई। मौलाना मजहर ने नमाज पढ़ाई और अमन-शांति की दुआ कराई। नमाज के बाद युवाओं ने वक्फ संशोधन विधेयक के विरोध में काला बिल्ला लगाकर शांतिपूर्ण विरोध दर्ज किया। लातेहार जमीयत उलेमा के अध्यक्ष मौलाना जियाउल्लाह ने बिल को समुदाय की संपत्तियों पर खतरा बताया और सरकार से इसे वापस लेने की मांग की।

# शहीद नीलांबर-पीतांबर का 167 वां शहादत दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हेरहंज :** इचाक झूमेला टांड़ में खरवार भोक्ता समाज विकास संघ व राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद नीलांबर-पीतांबर का 167वां शहादत दिवस मनाया। सैकड़ों लोगों ने पारंपरिक रीति-रिवाज से प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि चतरा सांसद कालीचरण सिंह व अन्य वक्ताओं ने उनके बलिदान को याद किया। मंच संचालन राजेश्वर सिंह ने किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# अलविदा की नमाज़ में वक्फ संशोधन बिल 2024 के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारीयातू :** रमजान के आखिरी जुमे (अलविदा) की नमाज के दौरान मुस्लिम समुदाय ने वक्फ संशोधन बिल 2024 के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध जताया। प्रखंड मुख्यालय समेत कई गांवों की मस्जिदों में नमाजियों ने बाजुओं पर काली पट्टी बांधकर असहमति प्रकट की। जामा मस्जिद के इमाम मौलाना शहजाद ने कहा कि यह बिल धार्मिक स्थलों पर असर डालने वाला है और इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा, बिना किसी नारेबाजी या अशांति के, केवल सरकार से पुनर्विचार की मांग की गई।

## महुआडांड़ के पंचायत भवनों में ज्ञान केंद्रों का उद्घाटन



**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के गड़बुड़नी, चैनपुर, अक्सी, दुरूप समेत अन्य पंचायत भवनों में ज्ञान केंद्रों का उद्घाटन किया गया। बीडीओ संतोष कुमार बैठा ने चैनपुर और अक्सी में फीता काटकर केंद्रों का शुभारंभ किया और इनके लाभों पर प्रकाश डाला। गड़बुड़नी पंचायत में मुखिया रेनू तिग्गा ने उद्घाटन किया और बताया कि विद्यार्थियों के लिए पुस्तकें व इंटरनेट सुविधा से युक्त कंप्यूटर उपलब्ध कराए जाएंगे। अन्य पंचायतों में भी संबंधित मुखियाओं ने उद्घाटन किया। इस पहल से शिक्षा और डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

# शहीद नीलांबर-पीतांबर के योगदान को देश भूला नहीं सकता : चमरा लिंडा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अखिल झारखंड खरवार आदिवासी विकास परिषद लातेहार द्वारा सदर प्रखंड के जोगनाटांड़ में वीर शहीद नीलांबर-पीतांबर का 166 वां शहादत दिवस शुक्रवार को श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कल्याण एवं अनुसूचित जनजाति मंत्री चमरा लिंडा, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम व आईटीडीए निदेशक प्रवीण गगराई शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ बैगा दशरथ सिंह द्वारा पूजा-अर्चना से हुआ, इसके बाद शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर विधिवत उद्घाटन किया गया। मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि नीलांबर-पीतांबर ने अंग्रेजों के खिलाफ क्रांति की अगुवाई कर देश की आजादी के लिए बलिदान दिया, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि दोनों भाइयों ने अन्याय के खिलाफ संघर्ष कर अंग्रेजों से लोहा लिया। पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने नीलांबर-पीतांबर को स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी बताया। आईटीडीए निदेशक प्रवीण गगराई ने उनकी बहादुरी व निष्ठा को प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे, एसडीओ अजय रजक, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, महावीर सिंह व रामदेव सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# सरस्वती विद्या मंदिर में तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला का शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के स्टेशन स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगन में तीन दिवसीय आचार्य कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अध्यक्ष सरयू प्रसाद सिंह, सचिव विवेक कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष, विकास कांत पाठक एवं विद्यालय के प्राचार्य राजबल्लम शर्मा ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं सरस्वती वंदना के साथ किया। इस अवसर प्रातः स्मरण, एकात्मता स्तोत्रं, और एकता मंत्र का अभ्यास कराया गया। उसके बाद भारतीय संस्कृति के महापुरुषों और देवियों की जीवनी पर प्रकाश डाला। साथ ही, वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु, कवि कालिदास और महर्षि अरविंद के योगदान को भी साझा किया गया। इस मौके पर विद्यालय के सभी आचार्य मौजूद रहे।

## छिपादोहर स्टेशन अधीक्षक रामचंद्र बागोटिया का विदाई सम्मान समारोह



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छिपादोहर रेलवे स्टेशन अधीक्षक रामचंद्र बागोटिया के सेवानिवृत्त होने पर गुरुवार को विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ऑल इंडिया स्टेशन प्रबंधक एसोसिएशन के पदाधिकारी रमेश महतो और बरवाडीह स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी मुख्य अतिथि रहे। बागोटिया ने 1986 से 2025 तक सेवा दी और कई बार पुरस्कृत हुए। 2012 में उन्होंने नक्सली हमले के दौरान स्टेशन को सुरक्षित रखा। समारोह में उन्हें अंगवस्त्र व फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर रेलवे कर्मी व स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# उपायुक्त ने की अपील, समाज में शांति व सौहार्द बनाए रखने में मीडिया प्रशासन का करें सहयोग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** हमारे समाज में सोशल मीडिया, वेब पोर्टल, प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से फैलने वाली अफवाहों और सांप्रदायिक समाचारों की समस्या एक गंभीर चुनौती बन गई है। यह न केवल हमारे समाज की एकता और सामाजिक सौहार्द को कमजोर करता है, बल्कि इससे पैनिक की स्थिति भी उत्पन्न होते रहती है। इन समस्याओं से हमें जूझना न पड़े इसलिए उपायुक्त नैंसी सहाय ने सभी अधिकृत व अनाधिकृत पत्रकार और सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर से अपील की है कि वे प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया और वेब पोर्टल पर सांप्रदायिक समाचार न डालें और न ही अफवाहों को फैलाने में अपना योगदान दें। हम उम्मीद करते हैं कि इस तरह हम एक स्वस्थ और जिम्मेदार मीडिया को बढ़ावा दे सकते हैं जो समाज के लिए फायदेमंद हो। उन्होंने कहा कि हम यह भी स्पष्ट करना चाहते हैं कि यदि कोई अधिकृत व अनाधिकृत पत्रकार, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर सांप्रदायिक समाचार या अफवाहें फैलाता है, तो हमें मजबूरन कानूनी कार्रवाई करनी पड़ सकती है। हमें विश्वास है कि पत्रकार समुदाय हमारे इस अनुरोध का पालन करेगा और




समाज में शांति और सौहार्द को बनाए रखने में मदद करेगा।

**इन धाराओं के तहत की जाएगी कार्रवाई**

वॉट्सअप, फेसबुक व सोशल मीडिया के अन्य साधनों से आपत्तिजनक पोस्ट करने एवं धार्मिक भावनाएं भड़काने वालों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दिये है। जारी आदेश के अनुसार आपत्तिजनक संदेश, फोटो या वीडियों को फारवर्ड करने अथवा पोस्ट करने पर ग्रुप एडमिन तथा संदेश प्रसारित करने वाले के विरूद्ध यह दण्डात्मक कार्यवाही होगी। आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत कार्यवाही की जायेगी। फेसबुक संचालन करने वाले नागरिक तथा वॉट्सअप ग्रुप एडमिन अपने ग्रुप में धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने वाले संदेश के लिए जिम्मेदार होंगे। अतः वे स्वयं ऐसा कोई विवादास्पद संदेश न तो खुद प्रसारित करे और ना ही अपने ग्रुप के सदस्यों को ऐसा करने दें। यदि वॉट्सअप ग्रुप में कोई आपत्तिजनक संदेश ग्रुप के किसी भी सदस्य द्वारा प्रसारित किया जाता है तो एडमिन की जिम्मेदारी होगी कि वह इसके संबंध में निकटतम पुलिस थाने को सूचित करे। ऐसा न करने पर ग्रुप एडमिन घटना के लिए जिम्मेदार माना जायेगा। सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे वॉट्सअप अथवा फेसबुक पर किसी धर्म सम्प्रदाय के संबंध में आपत्तिजनक संदेश या चित्र फारवर्ड न करे।

## अकीदत के साथ पढ़ी गई अलविदा जुम्मा की नमाज, ईद के त्योहा की तैयारियां जोरों पर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** रमजान के महीने में अलविदा जुमे की नमाज का विशेष महत्व होता है। इस दिन बड़ी संख्या में इस्लाम धर्म के अनुयायि मस्जिदों में जुम्मा की नमाज अदा करते हैं। अलविदा जुम्मा खुशियों का त्योहार ईद के आने का संकेत होता है। बड़कागांव प्रखंड के बादम, बड़कागांव, चट्टी, सिरमा, छवानिया, डाडी, चेपा, सिंदूवारी, महूदी, बलिया, कनोदा, नापो, महुगाई, चंदौल, मिर्जापुर, इस्लाम पुर, हाहे, रुद्दी आदि गांव के मस्जिदों में अकीदत के साथ अलविदा जुम्मा की नमाज अदा की गई। अजान से पूर्व ही लोग आज मस्जिदों में पहुंचने लगे। अजान के बाद मस्जिद पूरी तरह से फूल नजर आया। इस दौरान बच्चे



युवा व बुजुर्ग सभी अकीदतमंदों ने मस्जिदों में नमाज अदा कर अपने गुनाहों की मगफिरत की दुआ मांगी। अलविदा जुम्मा की नमाज में बादम जामा मस्जिद के इमाम ने कहा कि फितरा ईद की नमाज से पहले अदा कर देना चाहिए। वैसे बाद में अदा करने पर पहले फितरा के बदले मिलने वाला सत्तर गुना का सवाब नहीं मिलता। इसलिए लोगों को फितरा जितनी जल्दी हो सके अदा कर दे। उन्होंने कहा कि जकात का पैसा जरुरतमंदों को ही देना चाहिए। हजरात अपने धन की जकात अदा करे। ईद की नमाज से पहले फित्र अवश्य अदा करें। आगे कहा के जिस तरह से रमजान के महीने में बुरे कामों से दूर रहे हैं उसी तरह पूरे साल गलत कामों से दूर रहना है तभी रमजान के महीने का सही मकसद पूरा होगा। नमाज के बाद देश के अमन चैन और तरक्की के लिए दुआएं मांगी गई। नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हर्षोल्लास के साथ आने वाली ईद के पर्व की तैयारियां शुरू कर दीं।

## कोनार विस्थापित अपनी माँगो को लेकर दो दिवसीय धरने में बैठे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के कोनार फुटबॉल मैदान में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय धरना का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मनोज बेसरा एवं संचालन विश्वनाथ हेंब्रम एवं बबलू बेसरा ने किया। विस्थापितों के हक लिए हमेशा तत्पर रहने वाले झारखंड लोकतांत्रिक क्रान्तिकारी मोर्चा के केंद्रीय संगठन मंत्री महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल ने कहा कि डीवीसी कोनार डैम के परियोजना प्रधान का रवैया हिटलरशाही प्रतीत होता है। इनकी कार्यशैली विस्थापितों को डरा धमका कर शोषण करने वाली है जो निंदनीय है। डीवीसी कोनार डैम के विस्थापित सत्तर - पचहत्तर सालों से बेघर हैं पर इनको सिर्फ अपनी परियोजना की चिंता है सामाजिक दायित्वों को पूरी तरह भूल चुकी है। डीवीसी के पदाधिकारियों का रवैया



नहीं बदला नहीं तो विस्थापितों का आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। विससूत्री उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा ने कहा कि डीवीसी कोनार डैम के विस्थापितों को डरा कर शोषण करना चाहती है, जो अब नहीं होने वाला है हम सभी विस्थापित जागरूक और एकजुट हो चुके हैं डीवीसी के विस्थापित विरोधी नीतियां बर्दाश्त नहीं करेंगे। धरना में मुख्य रूप से प्रखंड विससूत्री उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा, जेएलकेएम के केंद्रीय संगठन मंत्री महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल, बबलू बेसरा, महाराज, बप्पु बेसरा, टुनटुन हेमबरम, संतोष बेसरा, बैजु टुडू, मिहीलाल बेसरा, भिखलाल हेमबरम, संझला सोरेन, लालु टुडू, आकाश मरांडी, तालो बेसरा, साहेबरम हेंब्रम, शंकर हेंब्रम, थनु सिंह, सनीचर सिंह, अजीत करमाली, रती बेसरा, कार्तीक बेसरा, रीतु बेसरा, हीरा बेसरा, पूजा सोरेन, बसंती सोरेन, मालती मुर्मू, बसंती देवी, रेशमा सोरेन, मनवा देवी, विमला देवी, रेशमी देवी, डुबनी देवी, हेमीया देवी, जिबनी देवी, सुनीता देवी, मुनकी देवी समेत सैंकड़ों विस्थापित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## रामनवमी, ईद और सरहुल को लेकर शांति समिति की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**केरेडारी :** रामनवमी ईद और सरहुल त्योहार को लेकर केरेडारी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक शुक्रवार को आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता सीओ रामरतन कुमार वर्णवाल और संचालन केरेडारी थाना प्रभारी विवेक कुमार ने किया। बैठक में उपस्थित क्षेत्रों वासियों से प्रखंड प्रशासन ने विधि व्यवस्था का जायजा लिया। बैठक को संबोधित करते हुए सीओ रामरतन कुमार वर्णवाल ने रामनवमी ईद और सरहुल को लेकर जिला प्रशासन के गाइडलाइन से लोगों को अवगत कराया वहीं थाना प्रभारी विवेक कुमार ने कहा कि डीजे पर पूरी तरह से बैन लगाया गया है। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट नहीं करें ऐसे करने वाले लोग कानून अपराधी माने जाएंगे। दोनों समुदाय के लोग अपने अपने त्योहार में संयम बरते व निर्धारित समय पर ही मेला जुलूस को शांति पूर्ण रूप से संपन्न कराएं। विधि व्यवस्था से संबंधित समस्या से तुरंत स्थानीय प्रशाशन को सूचित करें। वहीं प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी ने दोनों समुदाय के लोगों से शांति पूर्ण रूप से त्योहार मनाने की अपील की। बैठक को सुरेश साव शमीम मियां सलामत अंसारी आशेश्वर यादव समेत अन्य ने संबोधित करते हुए प्रखंड प्रशाशन को शांति पूर्ण त्योहार मनाने का भरोसा दिया। मौके पर प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी सीओ रामरतन कुमार



वर्णवाल थाना प्रभारी विवेक कुमार एस आई टिंकू कुमार जेएलकेएम के बड़कागांव विधानसभा प्रभारी बालेश्वर कुमार भाजपा केरेडारी सांसद प्रतिनिधि कर्मचारी साव भाजपाकेरेडारी मुखिया संघ के अध्यक्ष सह कंडाबेर मुखिया दिनेश साव केरेडारी भाजपा मंडल महामंत्री नरेश महतो केरेडारी के पूर्व मुखिया तापेश्वर साव पगार मुखिया झरी लाल महतो सलगा मुखिया पार्वती देवी केरेडारी मुखिया पति बैजनाथ महतो पूर्व विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव पूर्व उप प्रमुख राम स्वरूप ओझा देवनारायण राणा केरेडारी उतरी भाग जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि निरंजन साव रामेश्वर साव मो शमीम सुशील ओझा कंचन यादव आशेश्वर यादव बजरंगी यादव भरत पांडे चंद्रिका रजक सलामत अंसारी कासिम मियां बसंत सिंह दिनेश महतो मुकेश वर्मा जागेश्वर साव अयूब अंसारी असगर अली मो हासिम मो रफीक मियां मकसूद आलम जागेश्वर साव कृष्णा महतो प्रेम महतो अमित कुमार जयप्रकाश महतो समेत बड़ी संख्या में दोनों समुदाय के लोग मौजूद थे.

**पीएम नरेंद्र मोदी से सांसद ने किया शिष्टाचार मुलाक़ात**

## प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन सदैव ही मुझे सकारात्मक ऊर्जा से भर देता है : सांसद

**- झारखंड की बिगड़ती कानून व्यवस्था और संसदीय क्षेत्र में किए जा रहें कार्यों की दी जानकारी**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र सांसद मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को शिष्टाचार भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। सांसद मनीष जायसवाल ने इस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हजारीबाग जिला समेत झारखंड में लगातार हो रही पत्थरबाजी व बिगड़ती जा रही कानून-व्यवस्था पर विस्तृत जानकारी दी साथ ही हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में उनके



द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी कार्यों की भी जानकारी साझा की। सांसद मनीष जायसवाल ने पीएम मोदी से मुलाकात के बाद बताया कि प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन सदैव ही मुझे सकारात्मक ऊर्जा से भर देता है।

## चतरो गांव की जर्जर सड़क और पुलिया की मरम्मत की मांग



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल एवं बरही विधायक मनोज कुमार यादव के निर्देशानुसार जिला जिप संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव शुक्रवार को हजारीबाग उपायुक्त से मुलाकात की। उन्होंने ज्ञापन देते हुए बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत ग्राम चतरो के जर्जर सड़क और बरसोती नदी पर जर्जर पुलिया की स्थिति से अवगत कराया। और शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया गया कि ग्राम चतरो पंचायत मलकोको के अंतर्गत जोगीबांध आरईओ सड़क को एनएच -19 और सिक्स लाइन सड़क से जुड़ा हुआ है। इस सड़क से करीब 10 पंचायतों का आवागमन होता है। लेकिन सड़क की हालत काफी जर्जर है। बरसात में इसकी हालत दयनीय हो जाती है जिससे इस क्षेत्र के कई गांव को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी सड़क में ग्राम चतरो और बरियठ्ठा के बीच बरसोती नदी पर बहुत पहले से एक पुलिया बना हुआ था। जो अब बहुत ही जर्जर हो चुका है, कभी भी क्षतिग्रस्त हो कर दुर्घटना का कारण बन सकता है। जबकि इस क्षेत्र के कई प्राइवेट स्कूल की बसें चलती है, तथा व्यावसायिक वाहन एवं ट्रैक्टर का आवागमन होते रहता है। यह सड़क ग्रामीणों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इस मांग को लेकर आवेदन में बरही विधायक,मुखिया संघ अध्यक्ष सह मलकोको पंचयात के मुखिया सहित ग्रामीणों ने हस्ताक्षर कर सहमति दर्ज की है।

## भाजपा जिला उपाध्यक्ष मिले सीओ से, कहा जनहित समस्याओं को दें प्राथमिकता : रमेश ठाकुर



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को बरही भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर बरही अंचल कार्यालय पहुंचे। और सीओ अमित किस्कू से मिले। इस दौरान उन्होंने बरही क्षेत्र के विभिन्न पंचायत से आए लोगों की उपस्थिति में उनके जन समस्याओं से सीओ को अवगत कराया। इस दौरान मौजूद लोगों को भूमि जमाबंदी, ओटीपी, भूमि प्रतिवेदन, एलपीसी, भूमि सुधार, पंजी 2 का मिलान,पारिवारिक सुची, कैरेक्टर सर्टिफिकेट, आवासीय प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र, आय प्रमाणपत्र, सहित अन्य जरूरी कार्यों को सीओ से प्राथमिकता के साथ करने बात कही। इस बाबत सीओ ने उक्त कार्यों के लिए मौजूद लोगों को यथा शीघ्र निष्पादन करने की बात कहीं। मौके पर सागर चंद्रवंशी, इंद्रदेव ठाकुर, दीपक कुमार सहित विभिन्न पंचायत के लोग मौजूद थे।

## टाटीझरिया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आज

**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** हजारीबाग विष्णुगढ़ एन एच 522 मुख्य मार्ग स्थित टाटीझरिया थाना परिसर में ईद और रामनवमी महापर्व को शांति सहौद्र आपसी भाई चारगी के तरीके से मनाए जाने को लेकर 29 मार्च को शांति समिति की बैठक की जाएगी ।उक्त खबर की जानकारी टाटीझरिया थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने वाट्सएप के माध्यम से दिया।उन्होंने टाटीझरिया थाना और टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के आठों पंचायत जनप्रतिनिधियों संग दोनों समुदाय के समाज सेवियों,प्रबुद्ध जनों,अखाड़ा झांकी समितियों, डीजे संचालकों ,पत्रकार बंधुओ को शांति समिति की बैठक में शामिल होकर बैठक को सफल बनाने का आग्रह किया।

# रामनवमी व ईद को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न, प्रशासन द्वारा कई दिशा निर्देश दिए गए

**- हाई कोर्ट के निर्देश का पालन करना है, किसी भी हालत में डीजे साउंड नहीं बजाना है : एसडीपीओ**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** रामनवमी एवं ईद त्योहार को लेकर बड़कागांव थाना परिसर में शांति समिति की विशेष बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल एवं संचालन बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने कीया। बैठक में दोनों समुदाय के लोग शामिल हुए। मौके पर एसडीपीओ पवन कुमार ने कहा कि हाई कोर्ट के निर्देश का पालन करना है, किसी भी हालत में डीजे साउंड नहीं बजाना है। आप चोंगा बजा सकते हैं। ध्यान रहे भड़काऊ गाना किसी हालत में नहीं बजना चाहिए अगर ऐसा होता है तो संबंधित अखाड़े के पदाधिकारी और साउंड संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया जाएगा।



दोनों समुदाय मिलजुल करके त्यौहार को मनाए जिले में बड़कागांव प्रखंड की विशिष्ट पहचान बनाएं। बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल एवं सीओ मनोज कुमार ने कहा कि भगवान रामचंद्र जी का जन्मदिन लोग आदर्श के साथ मनाएं। कानून को हाथ में लेने वालों पर शख्ती के साथ कार्रवाई की जाएगी। जो भी शिकायत हो तुरंत प्रशासन को जानकारी दें।

वहीं थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने कहा कि प्रस्तावित मार्ग से ही जुलूस निकाली जाएगी कोई भी अखाड़ा दूसरे मार्ग का प्रयोग नहीं करेंगे। ऐसा होने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सीसीटीवी कैमरा और ड्रोन कैमरा से जुलूस एवं छतों की निगरानी की जाएगी।

ग्रामीण शरारती तत्वों की पहचान कर पुलिस को तुरंत सूचना दें ताकि उस पर त्वरित कार्रवाई की जा सके। तमाम सोशल मीडिया ग्रुप में बड़कागांव पुलिस की पैनी नजर है, जो भी भड़काऊ मैसेज डालेंगे उन पर कार्रवाई होगी। वही रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष विवेक कुमार सोनी ने प्रखंड वासियों से हर्षोल्लास व शांतिपूर्वक भाई चारगी के साथ रामनवमी मनाने अपील की। वही ग्रामीणों ने तमाम धर्म स्थान पर सीसीटीवी कैमरा लगाने एवं जुलूस की रोज छतों की ड्रोन कैमरा से निगरानी रखने की मांग की है।

मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख फुलवा देवी, जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, बीडीओ जितेंद्र कु मंडल, सीओ मनोज कुमार, एसडीपीओ पवन कुमार, इंस्पेक्टर अनिल कुमार, थाना प्रभारी नेमधारी रजक, आशीष भगत, राकेश खवास, रामावतार सिंह, हादी खान, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, रामनवमी महासमिति अध्यक्ष विवेक सोनी, मुखिया मो तकरीमुल्लाह, पंसस उपेन्द्र कु प्रसाद, प्रभु राम, रंजीत चौबे, भीखन महतो, चंदन पूरी, बालेश्वर महतो, अजीत महतो, विष्णु रजक, श्रीकांत निराला, बसदेव यादव, हाजी तबस्सुम, सोहन लाल मेहता, सुरेश चौधरी, सुरेंद्र कु सोनी, सरोज सोनी, गौतम वर्मा, विकाश कुमार, चंद्र साव, विशाल ठाकुर, अंगेश राणा, सनी कुमार, सुजीत कुमार, अनु विश्वकर्मा, मुकेश ठाकुर, सुभाष राणा, प्रमोद उर्फ पिंटू कुमार, ज्ञानी शर्मा, पवन रजक, छोटी साव, मजहर मलिक के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## विकलांगता को मात देकर 13 वर्षीय अनवारूल हसन ने रखा रोजा, बना प्रेरणा का स्रोत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** रमजान का पवित्र महीना अब अपने अंतिम पड़ाव में हुआ। रमजान के पवित्र महीने मुस्लिम समुदाय के औरत, मर्द, बुजुर्ग, युवा, और सेहत मंद लोग रमजान के रोजे रख रहे हैं। बड़कागांव प्रखंड के ग्राम बादम निवासी सजरुल हसन का 13 वर्षीय पुत्र अनवारूल हसन ने भी अलविदा जुम्मे का रोजा रखा। 13 वर्ष के बच्चे का रोज रखना आम बात है लेकिन अनवारूल का मामला अलग है। अनवारूल हाथ और पैर से पूरी तरह विकलांग है। बातें भी बहुत कम करता है। अनवारूल को व्हील चेयर या फिर गोदी में उठा कर एक जगह से दूसरी जगह ले जाया जाता है। अनवारूल से पूछने पर मासूम अदा के साथ मुस्कुराते हुए बताया के रोजा रखने में कोई परेशानी नहीं होती है। जब सवाल किया के तुम सेहरी में क्या खाते हो तो किया मुस्कुराते हुए तोतली जबान में अनवारूल ने कहा टेट, रोती औल दूध (यानी केक, रोटी और दूध) खाते हैं। इस दौरान अनवारूल काफी खुश नजर आया। अनवारूल के दादा मेहरुल हसन ने



बताया के अनवारूल का ये पांचवां रोजा है। श्री हसन से हम ने कहा के अनवारूल विकलांग है तो इसे रोजा क्यूं रखने देते हैं, इस्लाम धर्म में पूरी तरह से स्वास्थ्य लोगों पर रोजा फ़र्ज़ है। तो उन्होंने कहा के हमलोग मना करते हैं लेकिन प्रत्येक शुक्रवार को अनवारूल रोजा रखने के लिए जिद्द कर देता है और किसी की नहीं सुनता। हमलोग भी चाहते हैं के कुदरत ने तो अनवारूल को विकलांग पैदा किया है लेकिन जिस काम से अनवारूल खुश होता है और अगर वो गलत काम नहीं है तो उसे करने दें। अनवारूल का रोजा रखना हमें शिक्षा देता है के परिस्थिति कैसी भी हो हमें अपने अल्लाह, भगवान ईश्वर को नहीं भूलना चाहिए।

## प्रखण्ड स्तरीय पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**खेल से ही होता है शारीरिक और मानसिक विकास : थाना प्रभारी**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कटकमदाग :** प्रखंड के मेयातु गांव में पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन केतत्त्वाधान में प्रखंड स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोज किया गया । जिसमें प्रखंड के कुल 16 टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटकमदाग थाना प्रभारी पंकज कुमार अति विशिष्ट अतिथि झारखण्ड सेवा मंडल के सचिव सुबोध ओझा, सुल्ताना पंचायत उपमुखिया विनय दुबे उपस्थित रहे। इस मौके मुख्य अतिथि थाना प्रभारी पंकज कुमार ने कहा कि आउटडोर गेम खेलने से शरीर और मन मस्तिष्क सभी स्वस्थ रहता है । स्वस्थ शरीर के लिए इस प्रकार का आयोजन बहुत




ही सुंदर और सराहनीय है । झारखंड सेवा मंडल के सचिव ने कहा कि पब्लिक वेलफेयर फाउण्डेशन का यह आयोजन सराहनीय है । इस तरह के आयोजन से प्रखंड के युवाओं में छिपी हुई प्रतिभा निखारने में सार्थक प्रयास होगा ?।पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन के सचिव सुनील कुमार पाण्डेय ने कहा कि जब से संस्था का निर्माण हुआ है तब से प्रखंड में खेलकूद आयोजन सामाजिक , सांस्कृतिक कार्यक्रम संस्था की ओर से लगातार किए जा रहे हैं । जिससे क्षेत्र के युवा , महिला पुरुष व बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके । मौके पर युवा क्रिकेट क्लब के पप्पू कुमार , प्रिंस शुक्ला, कौशिक दुबे , सचिन कुमार ,दीपक कुमार , राजकुमार , सौरव गुप्ता,श्रवण कुमार, सुनिल प्रजापति आदि उपस्थित थे ।

## रमजान के आखरी जुमा यानि जमातुल विदा की नमाज़ अदा की गई, अब होगी ईद की तैयारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** शुक्रवार को पाक रमजान महीने के आखरी जुमा यानि जमातुल विदा पर क्षेत्र की मस्जिदों में विशेष नमाज़ अदा की गई। बड़ी संख्या में मुस्लिम अकीदतमंदों ने शिरकत किया। सुबह से ही क्षेत्र के सभी मस्जिदों में अकीदतमंदों ने अपनी तैयारी के साथ इबादत करने के लिए पहुंचने लगे थे। सभी मस्जिदों में विशेष तकरीर मस्जिद के इमामों द्वारा किया गया। वहीं अपने तकरीर में बरही जमा मस्जिद इमाम मौलाना मुशरफुल कादरी ने कहा के रमजान के पाक महीने की अंतिम जुमा जमातुल विदा के नाम से जाना जाता है। इस जुमे की अहमियत अलग है। बरही मक्का मस्जिद में इमाम कारी अब्दुल कयूम, मदीना मस्जिद बरही में इमाम मौलाना कलीम उद्दीन, बरही मस्जिद - ए- अक्शा इमाम मौलाना रिज़वान के द्वारा जमातुल विदा की नमाज़ पढ़ाई गई।इस दौरान मुल्क में अमन चैन सौहार्द की दुआ मांगी। ईदगाह कमेटी के सचिव सफाउल रहमान ने बताया कि शुक्रवार को अलविदा जुम्मे की नमाज में बड़ी संख्या में मुस्लिम अकीदतमंदों ने उत्साह से भाग लिया। अब ईद का इंतजार होगा। शहर के बाजारों में शनिवार से ईदुल फितर के त्योहार के लिए तैयारियां और खरीदारी का दौर जोर पकड़ेगा। ईद को लेकर मुस्लिम समाज के बच्चों में उत्साह देखी जा रही है।

# ईद,सरहुल,रामनवमी पर्व को लेकर पतरातू थाना में शांति समिति की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पतरातू :** थाना में परिसर में शुक्रवार को आगामी ईद,सरहुल एवं रामनवमी पर्व जैसे बड़े त्योहार के मद्देनजर क्षेत्र के विभिन्न संप्रदायों के प्रबुद्ध जनो,समाजसेवियों व जनप्रतिनिधियों के साथ एक शांति समिति की बैठक आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता गौरव गोस्वामी एसडीपीओ पतरातू व बीडीओ पतरातू मनोज कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से की। वहीं का संचालन शिवलाल कुमार गुप्ता पतरातू थाना प्रभारी ने किया। इस अवसर पर अन्य पुलिस पदाधिकारियों में एसआई प्रदीप रजक,अजीत कुमार, सत्येंद्र कुमार सिंह शामिल थे। बैठक में स्पष्ट तौर पर प्रशासन के द्वारा यह निर्देश दिया गया कि आगामी रामनवमी के त्यौहार में जो भी जुलूस निकले उसमें अन्य संप्रदायों के द्वारा किसी तरह की विघ्न बाधा उत्पन्न ना की जाए। साथ ही रामनवमी के सभी अखाड़ों के संचालकों को भी यह निर्देश दिया गया कि रामनवमी जैसे पावन पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपूर्ण करें। ऐसा कोई भी आयोजन नहीं की जाए जिससे क्षेत्र में तनाव का माहौल उत्पन्न हो अन्यथा वैसे लोगों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं ईद को लेकर भी यही बात कही गई कि बड़े ही शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से ईद जैसे पाक त्योहार को पूर्ण करें और क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल बहाल करने में अपना सहयोग करें। किसी भी संप्रदाय के किसी भी व्यक्ति के द्वारा यदि क्षेत्र की शांति और माहौल को बिगाड़ने का प्रयास किया गया तो बिना किसी संकोच के उस पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।बैठक में मुखिया किशोर कुमार महतो, गिरजेश कुमार,पानी देवी,ज्योति गुप्ता,अजय सिंह,सुजीत कुमार पटेल,विरेन्द्र झा,राहुल रंजन,बंधन गंझू,विजेंद्र मुंडा,निर्मल जैन,शशि पाठक,गुड्डू सिंह,महावीर अग्रवाल, राहुल कुमार सिंह,अरविंद सिंह, रंजीत बेसरा,उपेन्द्र सिंह,प्रदीप महतो,आलम अंसारी,रंजन भगत, अवधेश चौरसिया सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# पतरातू पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के नए एसडीपीओ के रूप में आईपीएस गौरव गोस्वामी ने दिया योगदान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ :** रामगढ़ पतरातू के नये अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आईपीएस गौरव गोस्वामी ने पदभार ग्रहण करने के साथ शुक्रवार को उन्होंने प्रेसवार्ता की। जिसमें उन्होंने कहा कि क्षेत्र में संगठित अपराध पर पूरी तरह से अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता रहेगी।स्ट्रेटजी बनाकर आपराधिक गिरोहों और उनके सदस्यों पर दर्ज मामलों के संबंध में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।वहीं एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता अपनी शिकायतों और समस्याओं को लेकर स्थानीय थाने में संपर्क करें। निवारण नहीं होने पर एसडीपीओ कार्यालय के दरवाजे सभी के लिए खुले हैं। लोग कभी भी बेझिझक संपर्क कर सकते हैं।बताते चलें कि एसडीपीओ के रूप में आईपीएस अधिकारी गौरव गोस्वामी की यह पहली पोस्टिंग है। वे 2021 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं और मूल रूप से मेरठ (उत्तर प्रदेश) के रहनेवाले हैं।

# आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं ई केवाईसी को लेकर जागरूकता वाहनों को समाहरणालय परिसर से किया गया रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रामगढ :** आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं ई केवाईसी के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को उप विकास आयुक्त श्री रॉबिन टोप्पो, अपर समाहर्ता गीतांजलि कुमारी एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्रीमती रंजीता टोप्पो के द्वारा दो जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर समाहरणालय परिसर से रवाना किया गया।खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार की ओर से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित लाभुकों का शत प्रतिशत इ-केवाईसी आवश्यक है। इ-केवाईसी पूर्ण कराने की अंतिम तिथि 31 मार्च तक निर्धारित है। सभी गुलाबी एवं पीला राशनकार्डधारी लाभुक अपने नजदीकी डीलर से इ-केवाईसी करा लें। निर्धारित तिथि तक इ-केवाईसी पूर्ण नहीं कराने वाले लाभुकों का नाम राशनकार्ड से विलोपित किया जाएगा।आपूर्ति विभाग, रामगढ़ की ओर से दो जागरूकता वाहन का परिचालन किया जा रहा है। हरी झंडी दिखाये जाने के बाद से जागरूकता वाहन के माध्यम से खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखंड सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं अंतर्गत वितरित किए जा रहे खाद्यान्न/सामग्री की जानकारी दी जा रही है। जागरूकता वाहन जिले के विभिन्न गांवों में जाकर बैनर, पोस्टर-पंपलेट एवं माइकिंग के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहा है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो ने बताया कि मुख्य रूप से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री नमक वितरण योजना, मुख्यमंत्री दाल वितरण योजना, सोना-सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, चीनी वितरण योजना आदि के संबंध में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इ-केवाईसी को लेकर उन्होंने बताया कि 31 मार्च तक इ-केवाईसी कराया जा रहा है। प्रवासी मजदूर/लाभुक वर्तमान में जहां हैं, वहीं पर अपने किसी भी नजदीकी जन वितरण प्रणाली दुकानदार से इ-केवाईसी पूर्ण करा सकते हैं। इ-केवाईसी से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी एवं शिकायत दर्ज कराने हेतु 1967/1800-212-5512 पर लोक शिकायत प्रबंधन प्रणाली से संपर्क कर सकते हैं।

## कोयलाचंल के सभी मस्जिदों में ईद की नमाज का हुआ ऐलान

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रवक्त्ता इदार-ए शरीया कारी मुशतक महशर ने बताया की कोईलांचल के सभी मस्जिदों का ईद की नमाज के वक्त का ऐलान हो चुका है 1) नुरी मजिद हेसला सुबह 9 बजे ,मौलाना आलम रजा नुरी नमाज अदा करवायेगें। 2) ओलिया माजिद मनुवा 8.30 कारी तनवीर रजा साहब नमाज पढ़ाएंगे , 3) मसजिदै गौसुलवरा मनुवां 8.45 मोलाना अब्दुल मुस्तफा मिस्बाही जा0 , 4) ईदगाह मनुवां में 9.00 बजे मौलाना अब्दुल गफ्फार स. , 5) मस्जिदे बेलाल फुलसराई 9.00 मौलाना मो0 रियाज अहमद मिस्बाही साहब, 6) जामा माजिद फुलसराई 8.15 बजे मौलाना अब्दुल सत्तार साहब 7) . अकसा मस्जिद केलाटुंगरी 9.30 बजे कारी अब्दुल हक साहब नमाज अदा करायेगें।

## प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन सदैव ही मुझे सकारात्मक ऊर्जा से भर देता है : मनीष जायसवाल

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र सांसद मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को शिष्टाचार भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। सांसद मनीष जायसवाल ने इस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हजारीबाग जिला समेत झारखंड में हिंदुओं पर लगातार हो रही पत्थरबाजी व बिगड़ती जा रही कानून-व्यवस्था पर विस्तृत जानकारी दी साथ ही हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में उनके द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी कार्यों की भी जानकारी साझा की। सांसद मनीष जायसवाल ने पीएम मोदी से मुलाकात के बाद बताया कि प्रधानमंत्री जी का मार्गदर्शन सदैव ही मुझे सकारात्मक ऊर्जा से भर देता है।



## जन समस्याओं को लेकर सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस ने की अंचल अधिकारी से की मुलाकात

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस ने शुक्रवार को रामगढ़ अंचल अधिकारी सुदीप तिग्गा से उनके कार्यालय में मुलाकात कर क्षेत्र में जनहित से जुड़े विषयों एवं उसके समाधान को लेकर चर्चा की। मुलाकात के उपरांत धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि विगत कुछ समय से वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन,दिव्यांग पेंशन व मइयां योजना से संबंधित शिकायत लगातार मिल रही थी, उसी के समाधान के सिलसिले में अंचल अधिकारी से मुलाकात हुई, जिसपर अंचल अधिकारी ने सकारात्मक पहल करते हुए समाधान करने की बात कही है।



## सांकुल रामनवमी पूजा कमिटी अध्यक्ष धनराज यादव,सचिव राज कुमार राम

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सांकुल हनुमान टोला के हनुमान मंदिर प्रांगण में गुरुवार देर शाम ग्रामीणों की बैठक हुई। इस बैठक में ग्रामीणों ने हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया। तत्पश्चात कमिटी का गठन किया गया। वहीं उपस्थित ग्रामीणों द्वारा सर्वसम्मति से अध्यक्ष धनराज यादव और सचिव पद के लिये राजकुमार राम उर्फ भोला का चयन किया गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष गणेश सिंह उपसचिव सुनील ठाकुर कोषाध्यक्ष बलवंत कुमार सिंह सूचना पदाधिकारी फनु सिंह,सतीश कु.साव,रणजीत सिंह प्रवीण सिंह,अखाड़ा प्रमुख संजय सिंह और महेंद्र ठाकुर जुलूस संचालन प्रमुख उपेंद्र सिंह,जितेंद्र सिंह उर्फ लालू, रोहित सिंह,रोहित ठाकुर, अनुज साव,जागेश्वर मुंडा, जितेंद्र साव,गणेश साव,चंद्रदीप साव,उमेश गंझू, निगरानी प्रमुख प्रकाश मिश्रा, खिरोधर साव,राजेश सिंह,मुकेश ठाकुर एवं सक्रिय सदस्यों में शेरू सिंह, सीताराम सिंह,रणजीत सिंह उर्फ रंगा कविलाश गंझू,नरेश गंझू,बटी कुमार और अनिल सिंह आदि का चयन किया गया ।

## नगर परिषद क्षेत्र की समस्याओं को लेकर नगर परिषद सिटी मैनेजर से भाजपा के नगर परिषद सांसद प्रतिनिधि ने मुलाकात की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ नगर परिषद सांसद प्रतिनिधि रामगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज गिरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल रामगढ़ नगर परिषद के सिटी मैनेजर राजीव रंजन कुमार रामगढ़ नगर परिषद कार्यालय में जाकर मुलाकात की मुलाकात के दौरान रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंहा ने विस्तार पूर्वक समस्याओं को रखा इस दौरान दिगवार दुर्गा मंदिर के समीप ओपनिंग जिम का निर्माण दिगवार दुर्गा मंदिर के समीप कई दिनों से जलमिनर खराब पड़ा हुआ है उसे जल्द से जल्द चालू करना अशोक सिनेमा रोड के किनारे नाली का सफाई अभियान एवं नाली का निर्माण करवाना परनीत टावर के पास साइड में डस्टबिन लगवाना रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में खराब बंद छाप नल को मरमत कारण करवाना सहित समस्याओं को लेकर रखा गया सिटी मैनेजर के द्वारा आश्वासन दिया गया कि जल्द से जल्द विभिन्न समस्याओं को दूर किया जाए मौके पर ब्रिज बिहारी उपाध्याय शामिल थे।

# रामगढ़ जिले के एस पी ने मांडू थाना का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडू :** रामगढ़ जिले के मांडू में थाना में शुक्रवार के दिन पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने मांडू थाना का निरीक्षण किया इसके बाद गॉड ऑफ ऑनर दिया गया के पश्चात थाना में प्रतिनियुक्त पुलिस पढ़ती कार्यो एवं कर्मियों का टर्न आउट चेक किया गया सभी का टर्न आउट उच्च कोटि का पाया गया कट परेड निरीक्षण के क्रम में एक पुलिसकर्मी के टर्नआउट में कमी पाई गई जिससे भविष्य के लिए हिदायत दिया गया वहीं निरीक्षण के बाद बताया कि थाने में जो सरकारी सम्पत्ति है और भवन का रखरखाव से लेकर साफ सफाई और थाने में जो पंजी हैं उन सभी को बारीकी से जायजा लिया गया जिसमें लूट पंजी है हाजत पंजी है डकैती पंजी है इन सभी चीजों का जायजा लिया गया वहीं खाने में 17 तख्तियां होती है जिसका सभी का बारीकी से जायजा लिया गया इन तमाम बातों को पुलिस अधीक्षक ने बताया।

*तीन दिवसीय हरिकीर्तन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो*

## हरि कीर्तन होने से क्षेत्र में सुख शांति और समृद्धि आती हैं : बजरंग महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** गोला प्रखंड के ऊपरबरगा पंचायत अन्तर्गत सुथरपुर में तीन दिवसीय हरिकीर्तन के अंतिम दिन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो और श्रीहरि के श्री चरणों में माथा टेकर आशीर्वाद लिया साथ ही क्षेत्र में सुख शांति और समृद्धि की कामना किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर आयोजन कमिटी के द्वारा पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो का स्वागत किया गया।कीर्तन में उपस्थित ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो कहा कि गांवों में हरि कीर्तन होने से पूरे क्षेत्र में सुख शांति और समृद्धि आती हैं साथ ही आपसी प्रेम और भाईचारगी बढ़ती है और हमें एक दूसरे से मिलने का अवसर मिलता है। मौके पर मनोज कोटवार, ओम प्रकाश गुप्ता, गौरी शंकर महतो, दिलीप कुमार महतो, जितेंद्र कुमार, शंभु महतो, मुकेश महतो आयोजन कमिटी के अध्यक्ष नागेश्वर महतो, सचिव सूरज महतो, कोषाध्यक्ष रविभूषण महतो, सदस्य भुनेश्वर महतो, मनेस राम महतो, रिझू महतो, प्रकाश महतो, धनीराम महतो, जनार्दन महतो, कामदेव महतो, लालू करमाली, जयपाल सिंह मुंडा, जगमोहन मुंडा, मनोहर रजवार, शिवनंदन मास्टर,कमलकांत सिंह घटवार, गोबिंद घटवार, सुरेन घटवार रणधीर सिंह घटवार, फागू महतो, संदीप महतो, बिमलेश महतो, बिरोज महतो, कामेश्वर महतो, टीपू महतो, दिलीप गंजु, कृष्णा भोगता, लोबिन भोगता सहित सैकड़ों ग्रामवाशी मौजूद थे।

## झामुमो पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है मैं उसपर खरा उतरने व संगठन को नई ऊंचाई देने का प्रयास करुंगा : संजीव बेदिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी के जरजरा स्थित झामुमो जिलाध्यक्ष संजीव बेदिया के आवास पर शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के हजारीबाग जिला के नये जिला अध्यक्ष बनने पर संजीव बेदिया को बधाई देने वालो का तांता लगना शुरू हो गया है। आलम यह है कि उन्हें बधाई देने में रामगढ़,हजारीबाग,चतरा सहित पुरे झारखंड प्रदेश से लोग उन्हें फोन पर ही बधाई दे रहे हैं। वहीं झामुमो जिलाध्यक्ष संजीव बेदिया ने बताया कि लोगों का इस तरह का स्नेह पाकर में गदगद हो गया हूं। वहीं श्री बेदिया ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा पार्टी के शीर्ष नेताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेवारी मुझे सौंपा है मैं उस पर पूरी तरह से खड़ा उतरने का प्रयास करूंगा और हजारीबाग जिला में संगठन को नई ऊंचाई देने का कोशिश करूंगा द्य श्री संजीव बेदिया ने हजारीबाग जिला और रामगढ़ जिला के भी सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया और कहा कार्यकर्ता ही हमारी पूंजी है और आज उनकी बदौलत ही मैं यहां तक आया हूं और विश्वास दिलाता हूं की मैं अपने कार्यकर्ताओं को कभी निराश नहीं होने दूंगा। वहीं उनके आवास पर मिलने वालो में झामुमो केन्द्रीय सदस्य सोनाराम मांझी,पुर्व उपाध्यक्ष सुनील शर्मा,मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष रंजीत मेहता, उपप्रमुख इचाक सत्येन्द्र मेहता, संजय करमाली,ओमप्रकाश सिंह,शंकर साव,राजीव सिन्हा,धर्मवीर सिंह,उदय मेहता,पंकज ठाकुर,अजीत सिंह, मणिलाल करमाली, जावेद खान, मनोज रजक,नंदू करमाली आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

*न्यू बिरसा में घटित पेलोडर में आगजनी व फायरिंग और तोड़फोड़ घटना से पुलिस ने उठाया पर्दा*

# आगजनी व फायरिंग घटना में शामिल उग्रवादी राजन गंझू को उरीमारी पुलिस ने धर दबोचा,भेजा गया जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के उरीमारी स्थित न्यू बिरसा परियोजना में बिते 19 मार्च को टीपीसी उग्रवादियों द्वारा पेलोडर मशीन में आगजनी और फायरिंग व अन्य पेलोडर मशीन में तोड़फोड़ कि गई घटना में शामिल अपराधी राजन गंझू उम्र 35 वर्ष पता बुंडू थाना केरेडारी जिला हजारीबाग को उरीमारी पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल कि है। वहीं उरीमारी ओपी प्रभारी रथू उरांव ने घटना के संबंध में बताया कि विगत 19 मार्च को टीपीसी नक्सलियों द्वारा न्यू बिरसा परियोजना के कोल डिपो में पेलोडर को आग के हवाले कर दिया था और अन्य वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया था। साथ ही हवाई फायरिंग कर क्षेत्र में दहशत फैला दिया था। मामले को लेकर उरीमारी ओपी में 71/25 कांड संख्या दर्ज कर नक्सलियों कि गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापामारी कि जा रही थी। इसी क्रम में बड़कागांव थाना क्षेत्र के देवगढ पुलिया के नीचे बालू घाट में ट्रैक्टरों से अवैध वसूली करने पहुंचे नक्सलियों के होने कि सुचना मिली। जिसपर कार्यवाही करते हुए उरीमारी पुलिस ने उक्त बालू घाट पर छापामारी कि जिसमें दिवाकर गंझू के ममेरा भाई राजन गंझू पुलिस के हत्थे चढ़ गया। गिरफ्तार राजन गंझू ने अपने स्वीकृति ब्यान मे पुलिस को बताया कि न्यू बिरसा में आगजनी, गोलीबारी व वाहनों में तोड़फोड़ कि घटना में वह शामिल था। और उसने यह भी बताया कि इस घटना में उसके साथ अन्य पांच से छह लोग शामिल थे। सभी नक्सली पल्सर बाइक से आए थे। वहीं घटना में प्रयुक्त किए गए सभी सामग्री दिवाकर गंझू उर्फ प्रताप गंझू के द्वारा उपलब्ध कराया गया था। गिरफ्तार राजन गंझू के निशानदेही पर पल्सर बाइक संख्या जेएच 01 बीएस 7398,हरा रंग का पेट्रोल बोतल, प्लास्टिक झोला व नगद 8100 रूपए बरामद किया गया है। वहीं इस छापामारी दल में उरीमारी ओपी प्रभारी रथू उरांव, पतरातु थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता,एस आई सीताराम सिंह, हवलदार भरत कुमार चौधरी, सुरेन्द्रनाथ महतो,1657 बटालियन हवलदार प्रकाश कुमार बैठा आदि मौजूद थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय मध्यान भोजन स्टीयरिंग कम मोनिटरिंग कमिटी की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ :** शुक्रवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय मध्यान भोजन स्टीयरिंग कम मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला शिक्षा अधीक्षक के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को वर्तमान में रामगढ़ जिला अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में संचालित मध्यान भोजन व इस संबंध में सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के संबंध में जानकारी दी गई। जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में मध्यान भोजन हेतु सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से उपायुक्त ने रियल टाइम मॉनिटरिंग के मद्देनजर बीआरपी, सीआरपी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों व कर्मियों द्वारा मध्यान भोजन से संबंधित निरीक्षण के क्रम में जानकारी के साथ प्रारूप अनुरूप विस्तृत रिपोर्ट को गूगल ड्राइव में अपलोड करना सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी विद्यालयों में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से अधिकारियों को विद्यालयों का निरीक्षण करते हुए पेयजल की व्यवस्था से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने विद्यालयों में किचन गार्डन विकसित करने हेतु ऐसे विद्यालय जीनमे किचन गार्डन के लिए जगह उपलब्ध है उन्हें चिन्हित करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने नियमित रूप से बच्चों का स्वास्थ्य जांच कराने एवं उन्हें आयरन की गोली खिलाने का भी निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने शिक्षा विभाग द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में रसोइयों का आयुष्मान कार्ड बनाने एवं 60 साल से ज्यादा उम्र की रसोइयों का वृद्धा पेंशन शुरू करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को दिया। साथ ही उन्होंने सभी सरकारी विद्यालयों में एक निश्चित समय पर ही बच्चों को एमडीएम देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को एक महीने के अंदर संयोजिका समिति का पुनर्गठन करने का भी निर्देश दिया। बैठक के दौरान आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मध्यान भोजन से संबंधित बजट पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश उपायुक्त के द्वारा दिए गए।

## असंगठित मजदूरों द्वारा जनता श्रमिक संघ के बैनर तले तीन दिवसीय धरना एवं प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** सेल कंपनी की बंद जीतपुर कोलियरी के असंगठित मजदूरों ने बुधवार को जनता श्रमिक संघ के तत्वाधान मे तीन दिवसीय धरना एवं प्रदर्शन कर प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कहा की प्रबंधन की साजिश के तहत जीतपुर कोलियरी को बंद कर दिया है बैरियर तो एक बहाना है। बताते चलें कि पीएफ और पेंशन की राशि को ऑनलाइन करने, बकाया पीएफ और पेंशन अविलंब भुगतान करने, कोयला उत्पादन कर खाली जगहो की स्टोरिंग नहीं करने जैसे मुद्दे की मांगो को लेकर तीन दिवसीय धरना पर्दशन किया जा रहा है।मांगे पूरी नहीं हुवी तो एक तारीख को जीतपुर कोल्यारी का चक्का जाम किया जाएगा। टोकनाथ तिवारी का कहना है की वर्षो से असंगठित मजदूरों पीएफ और पेंशन की राशि की ऑनलाइन करने बकाया पीएफ और पेंशन अविलंब भुगतान करने को लेकर काफी समय से मांग करते आ रहे है, लेकिन आज तक उनकी मांगे पूरी नहीं हुई है। तिवारी का कहना है की पीएफ और पेंशन मै बहुत बड़ा घुटाला है इसी कारण से अधिकारी ऑनलाइन करना नहीं चाहती है, इसकी जांच होनी चाहिए। मजदूर को काम नहीं मिलने से भुखमरी के कगार पर आ गए है। पीएफ और पेंशन का पैसा भी देने का नाम नहीं ले रही है। कई मजदूरों का बकाया पैसा नहीं मिलने के कारण उनकी बच्ची की शादी चंदा कर के करनी पड़ी लेकिन आज तक पैसा नहीं मिला। इस बार अंतिम लड़ाई होगी। मौके पर जागो यादव, अशोक साव, रविंदर गोप, आशिस पासवान, भीम नोनिया, शुशील कुमार ओझा, अनिल कुमार, दिनेश गोपाल, सुरेश यादव आदि मौजूद थे। प्रबंधन दो मार्च को वार्ता के लिए चासनाला सभागार में बुलाई है।

## अंतरप्रांतीय साइबर गिरोह का भंडाफोड़, सेक्स चैटिंग की ओट में ब्लैकमेलिंग था धंधा, तीन गिरफ्तार

● 09 मोबाईल फोन, 13 एटीएम कार्ड और 14 सिम बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत गोरहर निवासी तीन साइबर अपराधी किराए के मकान लेकर काफी दिनों से कई राज्यों के लोगों को सेक्सटॉर्शन, ब्लैकमेलिंग और ठगी कर रहे थे। जिसकी सूचना मिलने पर धनबाद पुलिस ने जांच पड़ताल कर योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की। जिसमे गोरहर हजारीबाग के रहने वाले तीन युवक दबोचे गए।उनके पास से 09 मोबाईल फोन, 13 एटीएम कार्ड और 14 सिम बरामद हुए। इस संबंध में धनबाद साइबर पुलिस थाना में डीएसपी संजीव कुमार ने शुक्रवार को मीडिया के समक्ष खुलासा किया कि बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के भीतिया गाँव से तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। जिनमे सिकंदर यादव, गणेश यादव, (दोनों चचेरे भाई) और विवेक साहू गोरहर हजारीबाग के रहने वाले है।डीएसपी ने बताया कि उपरोक्त अपराधी किराए पर मकान रहकर पिछले 6 माह से रह रहे थे। इन लोगों ने झारखण्ड के अलावा पच्छिम बंगाल, महाराष्ट और कई अन्य राज्यों के लोगों से ब्लैकमेल कर रकम की वसूली की है। इनके पास से 50 हजार रुपए नकद भी बरामद हुए है। इन लोगों के खिलाफ देश के कई राज्यों में मुकदमे दर्ज है, जिसकी जांच की जा रही है।मालूम हो कि इन दिनों ऑनलाइन प्लेटफार्म पर पोर्न वीडियो देखने वाले की एक बड़ी जमात है। इन पोर्न साइटों पर उपरोक्त अपराधी मोबाइल नंबर डिसप्ले कर ग्राहक को फांसते है। इस झांसे वाले आने से लोगों को उनके आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की बात कह ब्लैकमेल करने का खेल होता है। ऐसी घटनाओं में बदनामी की डर से अनेक लोग इन अपराधियों द्वारा बताए गए बैंक खातों में रकम ट्रांसफर कर देते है। जिससे समाज मे ऐसे अपराधियों का पर्दाफाश होने में देरी होती है। डीएसपी संजीव कुमार ने बताया कि ऐसे अपराधियों को बेनकाब करने के लिए पीड़ित अपनी शिकायत अवश्य दर्ज कराए। जिससे ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने में सफलता मिल सके।

## चिरकुंडा थाना प्रभारी ने रामनवमी को लेकर कुमारधुबी, गलफरबाड़ी क्षेत्र के लाइसेंसधारियों के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चिरकुंडा :** रामनवमी शांतिपूर्ण ढ़ंग से संपन्न कराने को लेकर चिरकुंडा थाना प्रभारी रामजी राय की अध्यक्षता में कुमारधुबी, गलफरबाड़ी व चिरकुंडा के अखाड़ा के लाइसेंसधारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। निर्णय लिया गया कि चिरकुंडा अंचल के सभी रामनवमी जुलुस का अंतिम पड़ाव श्रम कल्याण केंद्र, हनुमान मंदिर होगा। यहां से जुलुस वापस अपने अपने गंतव्य स्थलों की ओर लौट जाएगी। रामनवमी जुलुस के दौरान पूरे चिरकुंडा अंचल क्षेत्र में पुलिस मुस्तैद रहेगी। लाइसेंसधारियों से जुलुस के दौरान होनेवाली समस्याओं की विस्तृत जानकारी ली गई। इसके निदान पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया गया। मौके पर चिरकुंडा पुलिस निरीक्षक फागु होरो, कुमारधुबी ओपी प्रभारी राजेश बेहरा, गलफरबाड़ी ओपी प्रभारी दीपक कुमार दास, रंग बहादुर सिंह, रंजीत मोदी सहित दर्जनों गणमान्य उपस्थित थे।

## रेजिडेंशियल कंपलेक्स के गैरेजों में गोदाम बनाने की शिकायत,बुजुर्ग दंपति ने लगाई बेटा - बहू की प्रताड़ना से बचाने की गुहार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन कर जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की फरियाद सुनी। जनता दरबार में बैंक मोड़ शांति भवन से आई महिला ने उपायुक्त को बताया कि पूरे रेजिडेंशियल कंपलेक्स के गैरेजों में गोदाम बना दिया गया है। जिस कारण वहां के निवासियों की गाड़ियां कॉमन पैसेज में पार्क की जाती है। निवासियों को हर दिन संकरे रास्ते से होकर आना-जाना पड़ता है। गैरेज से बने गोदाम में दिन-रात मालवाहक वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। इसके कारण रेजिडेंशियल कंपलेक्स के निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उपायुक्त ने मामले पर त्वरित संज्ञान लेकर नगर निगम को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।वहीं एक बुजुर्ग दंपति ने बेटा बहू की प्रताड़ना से बचाने की गुहार लगाई। दंपति ने उपायुक्त को बताया कि पहले वे अपने बेटा और बहू के साथ अपनी पैतृक संपत्ति में साथ साथ रहते थे। विगत ढाई साल से बेटा बहू ने विभिन्न तरह से प्रताड़ित कर उन्हें घर से निकाल दिया है। जिसके बाद वे अपनी बेटी के साथ रहते हैं। दंपति ने उपायुक्त से इस समस्या का निराकरण करने की गुहार लगाई।जनता दरबार में एक वृद्ध महिला ने अपनी बेटी पर विगत 3-4 साल से मारपीट करने और घर छोड़ने के एवज में डेढ़ लाख रुपए मांगने की शिकायत उपायुक्त से की। महिला ने बताया कि बेटी हर दिन उनके साथ लड़ाई झगड़ा और मारपीट करती है। जब बेटा बीच बचाव करने आता है तो उसे भी मरती है। उन्होंने उपायुक्त को बताया कि बेटी ने घर में पानी की टंकी और पाइपलाइन लगाने में राशि खर्च की है। जब बेटी को घर से निकलने के लिए कहती है तो वह इस एवज में डेढ़ लाख रुपए की मांग करती है।इसके अलावा जनता दरबार में स्वीकृति के बाद भी अबुआ आवास का निर्माण नहीं करने देने, जमीन पर जबरन कब्जा करने, पंडुकी मिडिल स्कूल में बाउंड्री वॉल बनाने, निजी जमीन को रिश्तेदारों द्वारा नहीं बेचने देने, दबंगों द्वारा रैयती जमीन पर कब्जा करने सहित अन्य शिकायत प्राप्त हुई। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद भी मौजूद थे।

## अवैध कोयला तस्करी को लेकर फायरिंग, एक व्यक्ति घायल

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अवैध कोयला कारोबार को लेकर बीती रात बाघमारा में फायरिंग की घटना सामने आई है। ईस्ट बसूरिया ओपी और गोंदुडीह ओपी के सीमा क्षेत्र में वर्चस्व को लेकर कोयला तस्करों और कोयला मज़दूरों के बीच गोलियां चलीं है। इस दौरान ईस्ट बसूरिया ओपी क्षेत्र के कॉलडंप स्थित पासवान बस्ती निवासी ललन पासवान को गोली लग गई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में घायल ललन पासवान को धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया है। डॉक्टरों ने उसकी स्थिति को खतरे से बाहर बताया है। घटना की सूचना मिलते ही ईस्ट बसूरिया ओपी पुलिस अस्पताल पहुंची और घायल ललन पासवान से पूछताछ की। पुलिस को ललन ने बताया कि कोयला कारोबार को लेकर पहले भी विवाद हो चुका था और इसी रंजिश में उस पर हमला किया गया। सूत्रों के अनुसार, ईस्ट बसूरिया और गोंदुडीह ओपी क्षेत्र में लंबे समय से कोयला तस्करी का अवैध धंधा चल रहा है। इस इलाके में वर्चस्व को लेकर अक्सर अपराधी गुटों में संघर्ष होता रहता है। पुलिस ने मौके घटना स्थल पर छानबीन कर रही है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोयला तस्करों की बढ़ती हिंसा से क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत दें।

## सामान्य कचरे के साथ बायोमेडिकल अपशिष्ट की निकासी करना गंभीर विषय : उपायुक्त

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को पीसी एंड पीएनडीटी जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उपायुक्त ने शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच), सदर अस्पताल तथा निजी अस्पतालों के बायोमेडिकल अपशिष्ट की निकासी पर चर्चा की।उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन को ऐसी शिकायत मिली है कि बायोमेडिकल अपशिष्ट का नगर निगम के कचरा के साथ निकास किया जाता है। यह अति गंभीर विषय है। जबकि संबंधित एजेंसी को वैज्ञानिक तरीके से अपने प्लांट में इसका निपटारा करना चाहिए। उन्होंने सिविल सर्जन को इसकी जांच करके शीघ्र रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने विगत दिनों विभिन्न अल्ट्रासाउंड सेंटर पर की गई कार्रवाई की समीक्षा की। जांच दल को हर कार्रवाई की वीडियोग्राफी करने, अल्ट्रासाउंड सेंटरों में औचक जांच करने, जिला सलाहकार समिति को पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के संबंध में जागरूकता लाने के लिए कार्यशाला का आयोजन करने का निर्देश दिया।बैठक में उपायुक्त ने अल्ट्रासाउंड सेंटरों के रिन्यूअल तथा नए सेंटरों के रजिस्ट्रेशन के लिए प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की। उन्होंने सदस्यों को सेंटर का भौतिक सत्यापन करने, बिल्डिंग नक्शे की जांच करने, अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित अन्य बिंदुओं की जांच करने का निर्देश दिया।बैठक में सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन, कार्यपालक दंडाधिकारी रविन्द्र नाथ ठाकुर, डॉ विकास राणा, डॉ राजकुमार सिंह, डॉ शम्स तबरेज खान, डॉ गायत्री सिंह, डॉ नितु सहाय, डॉ राकेश इंदर सिंह, निता सिन्हा, डीपीआरओ सुनिल कुमार सिंह के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## एस.जे.ए.एस हॉस्पिटल में गोली से घायल व्यक्ति का हुआ सफल इलाज

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने एक बार फिर एक तोपचाची स्थित फल व्यवसायी की गोली लगने से गंभीर रूप से घायल मरीज की सफल सर्जरी कर जान बचाई। इस घटना में, मरीज को दाहिनी जबड़े के पिछले हिस्से में गोली लगी थी, जिससे जबड़े की हड्डी में कई फ्रैक्चर हो गए और गर्दन में दो बड़ी रक्त वाहिकाओं को भी नुकसान हुआ। इसके बावजूद, मरीज की मुख्य रक्त वाहिका (कैरोटिड आर्टरी) केवल 2 सेंटीमीटर की दूरी पर होने के बावजूद सुरक्षित बच गई।घटना के बाद मरीज को तुरंत धनबाद के एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां गंभीर रक्तस्राव के कारण उसे 2 यूनिट रक्त चढ़ाया गया। मरीज की हालत की गंभीरता को देखते हुए एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के बुलेट विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने त्वरित ऑपरेशन थिएटर में सर्जरी शुरू की, जहां रक्त वाहिकाओं से हो रहे रक्तस्राव को बंद किया और हड्डी के छोटे-छोटे टुकड़ों को बाहर निकाला। सर्जरी के बाद सी.टी. स्कैन से यह सुनिश्चित किया गया कि कोई सक्रिय रक्तस्राव वाली रक्त वाहिका या हड्डी का टुकड़ा बचा नहीं हो। ऑपरेशन के बाद मरीज को एक ड्रेनेज ट्यूब में रखा गया, ताकि शेष रक्त बाहर निकल सके। सर्जरी के सफल होने के बाद मरीज को 4 दिनों के अंदर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और अब मरीज का जीवन सामान्य हो गया है और वह अपने परिजनों से बातचीत करने में एवं सामान्य जिंदगी जीने के लिए सक्षम है।

## जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने विश्व रंगमंच दिवस पर मोहा मन

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग में विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर समाज के कई ज्वलंत मुद्दों पर विद्यार्थियों की मंडलियों द्वारा नशामुक्त समाज, वृद्धाश्रम, कार्यस्थल पर शोषण और आए दिन पत्रकारों पर हमले जैसे समकालीन विषयों पर अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में जनसंचार विभागाध्यक्ष डॉ जितेंद्र आर्यन ने कहा कि थियेटर केवल एक मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि यह सामाजिक सरोकारों के मुद्दों को उजागर करने और विचारों का आदान-प्रदान करने का एक प्रमुख माध्यम है। सहायक प्रोफेसर डॉ विकास चंद्र ने कहा कि इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों में कई तरह के कौशल विकसित होते हैं। थिएटर के माध्यम से विद्यार्थियों ने जो सामाजिक बदलाव की दिशा में सकारात्मक संदेश देने की कोशिश है, वह सराहनीय है। वही सहायक प्रोफेसर हर्षित कच्छप ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों को सराहते हुए कहा कि जनसंचार के विद्यार्थियों को अभिव्यक्ति की कला में निपुण होना चाहिए और इस दिशा में ऐसे कार्यक्रमों से मदद मिलती है। कार्यक्रम में सहायक प्रोफेसर देव कुमार एवं मनोज कुमार, गिन्नी रानी व विद्यार्थियों में दुलाल, बजरंग, बहादुर, सिमरन,वसीम, विकाश, हेमंत, शिवानी, इशा, अजीत, प्रीति, रिशु, प्रतीक,विजय, आद्या, सौरव, प्रदीप, शाहीन, आरोही, सबा, नेहा, पूजा, राजकुमार, ज्योति सहित विभिन्न विभागों के कई विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### पूर्व मध्य रेल
#### ई–निविदा सूचना

(मुख्य परियोजना प्रबंधक), गति शक्ति पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

**क्रम संख्या : 1, ई–निविदा संख्या :** 09-GS-DHN-2024-25, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** जीसीः उप मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति इकाई), पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद के अधीन धनबाद स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 3 और गोमोह स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 2 और 3 के लिए बैलास्टलेस ट्रैक का प्रावधान। 12 (महीने), **कार्य की लगभग लागत (रूपये में) :** 15,10,85,140.78, **ब्याने की राशि (रूपये में) :** ब्याने की राशि (रूपये में) **http://www.ireps.gov.in** पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू, **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख एवं समय :** ई–निविदा बंद होने की तारीख 21.04.2025 को 15:00 बजे तक ई–निविदा खुलने की तारीख 21.04.2025 को 16:00 बजे से, **वेबसाईट का विवरण : http://www.ireps.gov.in** ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जायेगी

**नोट :–** (i) प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा की जारी होने की कोई भी परिवर्तन और शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** अवलोकन करें।

**मुख्य परियोजना प्रबंधक (गतिशक्ति)**
**पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद**
पीआर/02349/डीएचएनजीएस/डीएनआरजीएस/टी/24–25/40

### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
### BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
### BUILDING DIVISION, HAZARIBAG

**e-Procurement Cell**
**e-Procurement Notice**

**Tender Reference No:-BCD/EE/**HAZARIBAG/ 77 /2024-25 **Date:-** 27-03-2025

| Sl.No | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Rate | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Proposed Construction Of 50 Bedded Hostel for Madarsa Hussania Education and Welfare Trust at Block - Katkamsandi, Vill- Pelawal, Hazaribagh For The Year 2024-2025 | 29577000/- | 592000/- | 10000/- | 9 Month |

| | | |
|---|---|---|
| A. | Date of Publication of Tender on website | 04-04-2025 |
| B. | Last date/Time for receipt of bids | 16-04-2025 03.00 PM |
| C. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| D. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| E. | Helpline number of e-Procurement cell | **06546-225723** |

***Further details and subsequent amendments can be seen on website*** http://jharkhandtenders.gov.in

**Nodal Officer,**
**e-Procurement Cell,**
**Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department,**
**Building Division,** Hazaribag

PR 349525 (Building) 24-25 (D)

### ऊर्जा विभाग, झारखण्ड सरकार
### विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2 धुर्वा, रॉंची

**अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं0– **Energy/EWD/Ranchi/141/2024-25** दिनांक– **28 / 03 / 2025**

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | नामकुम रॉंची स्थित स्वास्थ्य निदेशक भवन में पी0एल0 लाईट के स्थान पर एल0ई0डी0 लाईट, दिवाल पंखा, छत पंखा, एक्जॉस्ट पंखा, कम्पुटर प्वाईट, पावर प्वाईट वायरिंग एवं पैच मरम्मति का कार्य। | 33,37,076=00 | 5,000=00 | 67,000=00 | 42 दिन |
| II | नामकुम, रॉंची स्थित एन0 आर0 एच0 एम0 परिसर मे मेन गेट से एन0 आर0 एच0 एम0 के मुख्य कार्यालय तक सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन विभिन्न भवनो में आउटर लाईट एवं 4 अदद् 16 मीटर के हाईमास्ट लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 46,94,279=00 | 5,000=00 | 94,000=00 | 42 दिन |
| III | नामकुम, रॉंची स्थित एन0 आर0 एच0 एम0 परिसर में बैंक से आई0पी0एच0 हॉस्टल भवन तक सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन एवं विभिन्न भवनों में आउटर लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 20,90,561=00 | 5,000=00 | 42,000=00 | 36 दिन |
| IV | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, अन्गडा, रॉंची में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरममति का कार्य। | 14,15,138=00 | 2,500=00 | 29,000=00 | 30 दिन |
| V | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, अन्गडा, रॉंची के 8 अदद् डाक्टर क्वार्टर, 18 अदद् स्टाफ क्वार्टर, सभागार एवं स्टोर में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरममति का कार्य। | 28,33,781=00 | 5,000=00 | 57,000=00 | 36 दिन |
| VI | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सोनाहातू, रॉंची में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 16,46,330=00 | 5,000=00 | 34,000=00 | 30 दिन |
| VII | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सोनाहातू, रॉंची परिसर स्थित डाक्टर क्वार्टर, 12 अदद् स्टाफ क्वाटर, 6 अदद् चतुर्थवर्गी कर्मचारी क्वार्टर में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 25,39,199=00 | 5,000=00 | 51,000=00 | 36 दिन |
| VIII | ईटकी आरोग्यशाला, ईटकी, रॉंची के लेबोरेट्री मे विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरममति एवं ट्रेनिंग हॉल मे विद्युत अधिष्ठापन के मरम्मति का कार्य। | 33,35,759=00 | 5,000=00 | 67,000=00 | 42 दिन |
| IX | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कुदरा सिमडेगा में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य एवं परिसर में सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 46,80,296=00 | 5,000=00 | 94,000=00 | 42 दिन |
| X | गढ़वा स्थित सदर अस्पताल भवन में भूमिगत केबल एवं क्यूबिकल पैनल के अधिष्ठापन का कार्य। | 43,40,655=00 | 5,000=00 | 87,000=00 | 42 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 09.04.2025 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 11.04.2025 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 16.04.2025 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 17.04.2025 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0/ई0 मेल | 0651–2490069 / electricalexecutiveengineerewd@gmail.com | | | |

Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची

PR 349487 Energy(24-25)#D

### JAPIT
Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology

**(An Autonomous body under Department of Information Technology, Govt. of Jharkhand)**
**Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand**
**Phone. 0651-2401044/2401067, E-mail- japit_doit@rediffmail.com**

**CORRIGENDUM-IV**

Selection of System Integrator (SI) for Upgradation and Operation & Maintenance of Jharkhand Integrated Mines and Minerals Management System (JIMMS) Application
Tender Ref No. JAP-IT/JIMMS-2.0/01/2025

With reference to the above tender, please be informed that the tender schedule has been revised.

| | Revised Schedule | |
|---|---|---|
| **S.N.** | **Basic Requirement** | **Specific Requirement** |
| 1. | Last Date for Submission of Bids online | 07-04-2025 up to 3:00 P.M. |
| 2. | Date of Opening of Pre- qualification & Technical Bid | 08-04-2025 at 3:30 P.M. |
| 3. | Date of Commercial Bid opening | To be announced later |

For further details please visit https://jharkhandtenders.gov.in.
PR Ref No. 346731, 348013, 348546 & 348949.

Sd/-
(OSD, JAP-IT)

PR 349519 Information Technology(24-25)#D

### समाहरणालय, सिमडेगा।
### (पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)

**सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सिमडेगा जिलान्तर्गत संचालित आवासीय हॉकी (बालक एवं बालिका), Center of Excellence हॉकी, आवासीय बालक फुटबॉल प्रशिक्षण केन्द्र एवं एथलेटिक्स खेलो इंडिया सेंटर (बालक एवं बालिका) के रिक्त स्थान को भरने हेतु प्रतिभा चयन ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांकः– 04.04.2025 से 05.04.2025 तक किया जाना निर्धारित है। प्रतिभा चयन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागी आवेदन पत्र सिमडेगा जिला के वेबसाईट **www.simdega.nic.in** से डाउनलोड कर सकते हैं।

प्रतियोगिता की विवरणी निम्न प्रकार से हैः–

| क्र० सं० | प्रशिक्षण केन्द्र का नाम | खेल विद्या का नाम | वर्ग | प्रतिभा चयन स्थल | निर्धारित तिथि व समय | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आवासीय हॉकी प्रशिक्षण केन्द्र,एस0एस0 बालिका +2 उच्च वि० सिमडेगा। | हॉकी | बालिका | एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, सिमडेगा | 03.04.2025 एवं 04.04.2025, 09:00 बजे पूर्वा0 से 04:00 अपराह्न तक | 08:00 बजे पूर्वा0 में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, बाजारटांड़, सिमडेगा में रिपोर्ट करना सुनिष्चित करेंगे। |
| 2 | आवासीय हॉकी प्रशिक्षण केन्द्र,एस0एस0 बालिका +2 उच्च वि० सिमडेगा। | हॉकी | बालिका | | | |
| 3 | आवासीय हॉकी प्रशिक्षण केन्द्र,एस0एस0 बालक +2 उच्च वि० सिमडेगा। | हॉकी | बालक | | | |
| 4 | Center of Excellence हॉकी क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र, सिमडेगा | हॉकी | बालक | | | |
| 5 | आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केन्द्र,एस0एस0 बालक +2 उच्च वि० सिमडेगा। | फुटबॉल | बालक | स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, बाजारटांड़, सिमडेगा। | | |
| 6 | खेलो इंडिया सेंटर | एथलेटिक्स | बालक एवं बालिका | | | |

**सामान्य दिशा निर्देश :–**

1. सिमडेगा जिलान्तर्गत संचालित आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों में निर्धारित खिलाड़ियों की संख्या की संख्या के अनुरुप रिक्त स्थानों को भरा जायेगा एवं प्रतिक्षा सूची तैयार की जायेगी।
2. चयन मानक के आधार पा (बैटरी टेस्ट एवं स्कील टेस्ट) पर खिलाड़ियों का परीक्षण किया जायेगा एवं परीक्षण परिणामों के आधार पर प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया जायेगा।
3. खिलाड़ी को झारखण्ड राज्य का निवासी होना चाहिए।

**आवासीय प्रतिभा चयन ट्रायल हेतु निर्धारित दिशा–निर्देश निम्नवत् है :–**

1. आवासीय प्रशिक्षण केन्द्रों में नमांकन हेतु 1 अप्रैल 2025 को 10 वर्ष की पूर्ण कर ली होगी एवं 14 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं किया हो। (मान्य जन्म प्रमाण–पत्र / आधार कार्ड के साथ स्कूल का बोनाफाईड प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा)
2. ऐसे खिलाड़ी जिनकी आयु 14 वर्ष से अधिक है, लेकिन जिन्होने कम से कम राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भाग लिया हो अथवा राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप में पदक प्राप्त किया हो अथवा जिला स्तरीय चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया हो, उन्हे आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश देने हेतु विचार किया जा सकेगा।
3. विभाग द्वारा संचालित डे–बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्रों के वैसे खिलाड़, जिन्होने कम से कम राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया हो, अथवा राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप में पदक प्राप्त किया हो अथवा जिला स्तरीय चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया हो, उन्हे सीधे आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश देने हेतु विचार किया जा सकेगा।
4. मेडिकल फिटनेश– खिलाड़ी को निर्धारित चिकित्सीय परीक्षण में फीट होने पर ही नामांकन किया जायेगा।
5. चयनित खिलाड़ियों को प्रशिक्षण केन्द्र में नामांकन से पूर्व अपने माता / पिता / अभिभावक का सहमति पत्र (Consent Letter) प्रस्तुत करना होगा।

**सेंटर ऑफ एक्सीलेन्स बालक हॉकी प्रशिक्षण केन्द्र हेतु शर्तों एवं मानक :–**

1. आवेदक / खिलाड़ी झारखण्ड राज्य का स्थायी निवासी होना चाहिए।
2. खिलाड़ी अपना जन्म प्रमाण–पत्र (आधार कार्ड मैट्रिक उत्तीर्ण प्रमाण पत्र) लाना सुनिश्चित करेंगे।
3. दिनांक– 01.04.2025 तक आवेदक खिलाड़ी की उम्र सीमा 16 वर्ष से कम व 22 वर्ष से अधिक न हो।
4. आवेदक खिलाड़ी मान्यता प्राप्त अन्तर्राष्ट्रीय / राष्ट्रीय / राज्य स्तरीय / ऑल इंडिया इंटर युनिर्वसिटि द्वारा आयोजित खेलों में भागीदारी अथवा मेडलिस्ट हो।

**खेलो इण्डिया सेंटर एथलेटिक्स प्रशिक्षण केन्द्र हेतु शर्तों एवं मानक :–**

1. खेलो इंडिया क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र में नामांकन हेतु 1 अप्रैल 2025 को 10 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली होगी एवं 16 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं किया हो। (मान्य जन्म प्रमाण–पत्र / आधार कार्ड एवं दो पासपोर्ट साईज रंगीन फोटोग्राफ के साथ स्कूल का बोनाफाईड प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।
2. मेडिकल फिटनेस– खिलाड़ी को निर्धारित चिकित्सीय परीक्षण में फीट होने पर ही नामांकन किया जायेगा।
3. खिलाड़ी को माता / पिता / अभिभवक का सहमति पत्र (Consent Lestter) प्रस्तुत करना होगा।

उक्त प्रतिभा चयन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागी आवेदन पत्र जिला के अधिकारिक वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु जिला खेल समन्वयक, सिमडेगा श्री मनीष चन्द्र हेमरोम, मो0–9939316509 एवं खेल प्रशिक्षक (फुटबॉल– श्री अंजलुस तिर्की, मो0– 9905583424 हॉकी– सुश्री तारिणी कुमारी, मो0– 9835442942, श्री आदम होरो, मो0–8210803639) से सम्पर्क किया जा सकता है।

नोटः– भाग लेने वाले इच्छुक खिलाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, बाजारटांड़, सिमडेगा में दिनांक–05.04.2025 को अपराह्न 12:00 बजे तक रिपोर्टिंग करेंगें। अधिक जानकारी हेतु उपर दिए गये नम्बर पर सम्पर्क करें।

ह० / –
जिला क्रीड़ा पदाधिकारी,
सिमडेगा।

PR 349451 (Simdega) 24-25 (D)

# सरहुल पर्व को लेकर उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की हुई बैठक कहा

## सर्वजनिक स्थान पर यह पर्व काफी अनुशासित तरीके से मनाया जाता है जो प्रशंसनीय है

## जहां-जहां नशा करने वालों का अड्डा है, थाना प्रभारी उसकी सूचना मिलते ही करें कार्रवाई-हरीश बिन जमां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सरहुल-2025 को लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज शुक्रवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक जिला परिषद कार्यालय,लोहरदगा स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न सरहुल समितियों से आए प्रतिनिधियों ने अपने-अपने विचार रखे व सुझाव दिये। बैठक में सरहुल के दिन पेयजल की व्यवस्था, लाईट की व्यवस्था, सुचार यातायात संबंधी सुझाव दिये। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि प्रकृति का यह पर्व अनुशासन की मिसाल है। सार्वजनिक स्थान पर यह पर्व काफी अनुशासित तरीके से मनाया जाता है जो प्रशंसनीय है। यह मिसाल आगे भी कायम रहना चाहिए। बैठक में जो भी प्रस्ताव आये हैं उस पर जिला प्रशासन द्वारा हरसंभव प्रयास किया जाएगा। जो भी शोभायात्रा निकलेगी उसमें व्यवस्था बनाये रखना आप सभी की भी जिम्मेवारी है। अपने स्तर से वॉलेंटियर्स तैयार रखें और उनका नंबर अपने संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और थान प्रभारी को दें। सभी पदाधिकारी अपना कम्युनिकेशन प्लान तैयार रखेंगे ताकि कभी भी किसी से संपर्क आसानी से किया जा सके। युवाओं से अपील है कि शराब पीकर वाहन नहीं चलाएं। बिना हेल्मेट के दोपहिया वाहन नहीं चलाएं। सरहुल समिति अपने शोभायात्रा के दौरान शोभायात्रा में शामिल होनेवालों को एक दायरे में रखने के लिए व्यवस्था बना कर चलें ताकि जरूरी वाहनों को पास दिया जा सके। अनुशासन व खुशी के माहौल में हमें यह पर्व मनाना है। पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि शोभायात्रा समय से निकाला जाए और समय से संपन्न किया जाए ताकि समय से बिजली बहाल की जा सके। जो निर्धारित रूट है उसके अनुसार ही शोभायात्रा निकाली जाए। जहां-जहां नशा करने वालों का अड्डा है, थाना प्रभारी उसकी सूचना मिलते ही कार्रवाई करें। सिर्फ पर्व-त्यौहारों में ही नहीं, बल्कि थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्र में नियमित रूप से छापेमारी करें और कार्रवाई करें। सरहुल समेत आगामी पर्व-त्यौहारों के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस फोर्स मंगा ली गई है और उनकी तैनाती कर दी जाएगी। सरहुल का यह पर्व बेहद अनुशासित तरीके से मनाया जाता रहा है। इस पर्व में एक संदेश छुपा है जिसे हमें एक दूसरे तक पहुंचाना है। उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि किसी भी प्रकार के अफवाहों की सूचना जिला प्रशासन को अवश्य दें। समय पर किसी प्रकार की सूचना पहुंचने पर कार्रवाई करने में आसानी होती है। जो रूट शोभायात्राओं के तय है उसे ना बदलें। अपने-अपने वॉलेंटियर्स तैयार रखें और उसकी सूचना प्रशासन को भी दें। आज की बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार,सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी,सभी कार्यपालक दण्डाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,सभी अंचल अधिकारी,सभी थाना प्रभारी समेत सभी प्रखण्डों/ग्रामीण व शहरी क्षेत्र से आए शांति समितियों के सदस्यगण उपस्थित थे।

## सांसद सुखदेव भगत को इतिहास की जानकारी नहीं जिस कारण वे अनर्गल बयान बाजी कर रहे हैं : ओम प्रकाश सिंह



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने सोशल मीडिया के एक्स पोस्ट पर सांसद सुखदेव भगत के द्वारा भाजपा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संदर्भ में अनर्गल प्रलाप कर इन संगठनों को समाज को विषाक्त करने का आरोप लगाया है। भाजपा नेता ने इस बयान की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि सांसद दिगभ्रमित तथा अति महत्वाकांक्षी भावनाओं के कारण इस तरह के बयान देते आ रहे हैं, उन्हें पता होना चाहिए कि आरएसएस राष्ट्रवादी, देश की एकता और इसे अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राष्ट्र में किसी तरह के संकट में संघ के स्वयंसेवक राष्ट्र प्रथम के उद्घोष के साथ समर्पित हो जाते हैं, चाहे वह चीन के साथ युद्ध का समय हो अथवा किसी तरह का आपदा। सांसद महोदय को इतिहास की जानकारी रखनी चाहिए, भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास तथा सबका विश्वास के साथ-साथ विश्व में भारत को विश्व गुरु बनाने कीओर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बढ़ रही है। भाजपा नेता ओम प्रकाश सिंह ने सांसद से आग्रह किया है की केवल लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के विकास और इसमें निवास करने वाले लोगों के उत्थान का प्रयास करें।

## आदिवासी कर्मचारी समिति ने सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर की बैठक



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम को सफलता बनने हेत बैठक हुआ आज दिनांक 28 मार्च 25 को आदिवासी कर्मचारी समिति, लोहरदगा के अध्यक्ष किशोर उरांव जी के अध्यक्षता में समरहणालय लिपटस मैदान, लोहरदगा में काह कि कार्यक्रम के लिए बैठक की गई। आज के बैठक में मुख्य रूप से निम्न निर्णय लिए गए कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सभी पदाधिकारीयों एवं सदस्यों को कार्य बटवारा किया गया। मोके पर सुधीर उरांव ने काह कि सरहुल पर्व या पूर्व संध्या मानने के पीछे मानव जीवन पेड़ पौधा पर्यावरण को बचने का पर्व होता है। कार्यक्रम मे शामिल होने वाले सभी लोगों से यह अपील एवं अनुरोध किया गया की कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से पारंपरिक वेशभूषा एवं पारंपरिक वाद्य यंत्र के साथ उपस्थित हो। दिनांक 30 मार्च 25 दिन रविवार को सभी पदाधिकारी एवं सदस्य गण सापरिवार 10:30 बजे तक अनिवार्य रूप से न्यू नगर भवन लोहरदगा में उपस्थित होंगे। आज के इस बैठक में मुख्य रूप से बिफाई उरांव, बिनोद उरांव, सत्यदेव भगत, अंजू कुजूर, अभिषेक एक्का, सुधीर उरांव, अरविंद उरांव, सुनील मिंज, रघुनाथ मुंडा, सुकरा धान, रेखा उरांव, राजेन्द्र उरांव, सुरेंद्र उरांव, जागू उरांव, प्रीति पल्लवी, सुखदेव उरांव, ज्योति उरांव, आदि उपस्थित थे।

# सकारात्मक सोच, सकारात्मक परिणाम देते हैं : शशिधर लाल अग्रवाल

## मनीष उरांव बना विद्या मंदिर टॉपर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में सत्र 2024-25 वार्षिक परीक्षाफल प्रकाशित कर पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम प्रबंधकारिणी समिति अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, समिति सदस्य जीतन राम बड़ाइक अभिभावक सदस्य लाल मुनी देवी, पूर्व छात्र संतोष रजक ने सामूहिक रूप से भारत माता, ऊं एवं सरस्वती मां की तस्वीर पर पुष्पार्चन दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मंच संचालन एवं विषय वस्तु प्रवेश प्रमेंद्र सिंह ने किया। विद्यालय प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास के द्वारा आए हुए अतिथियों का परिचय कराया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि भैया- बहनों पूरे वर्ष भर की हुई परिश्रम का परिणाम मिलता है जो जैसे मेहनत करता है उसी अनुरूप उन्हें उसका फल मिलता है। सफलता के लिए मेहनत और लगन बहुत जरूरी है। सभी आचार्य- दीदी जी और अभिभावकों की भी मेहनत को बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी। परीक्षा विभाग प्रमुख मधुमिता शर्मा के द्वारा परीक्षाफल का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कक्षासह प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहनों को सम्मानित किया गया। संगीत आचार्या सुप्रिया घोषाल ने एकल गीत प्रस्तुत किया। अध्यक्षीय आशीर्वचन में अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने भैया -बहनों को विषय में उनके शोध के उद्देश्य से संबंधित विशिष्ट ज्ञान के बारे में बताया साथ ही अनुशासन एवं उचित आचरण के महत्व को समझाया। सकारात्मक सोच सकारात्मक परिणाम की ओर प्रेरित करते हैं। परीक्षा फल वितरण में स्थान प्राप्त भैया-बहनों को ढेर सारी शुभकामनाएं दी। धन्यवाद ज्ञापन जामवंती मिश्रा ने किया। इस कार्यक्रम को संपन्न बनाने के लिए विद्यालय के आचार्य-दीदी जी एवं कर्मचारियों का पूरा सहयोग प्राप्त हुआ।शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# रमजान माह के अंतिम शुक्रवार को पढ़ी गई अलविदा जुम्मे की नमाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** पवित्र रमजान माह के अंतिम शुक्रवार को शांति व सौहार्द के साथ मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों में अलविदा जुम्मे की नमाज अदा की गई। प्रखंड क्षेत्र के अरु, कल्हेपाट, भड़गांव, झखरा, भंगाडी, तोड़ार, अरु बांधटोली, सेन्हा, चितरी डांडू, उगरा, सेरेंगहातु सहित सभी मस्जिदों में बच्चे, युवा और बुजुर्गो ने शांति व सौहार्द के साथ अलविदा जुम्मे की नमाज अदा किये वही सभी लोगों ने पवित्र रमजान माह पर मस्जिदों में नमाज अदा कर अपने गुनाहों की मगफिरत की दुआए मांगी। साथ ही देश में अमन चैन और खुशहाली के लिये भी दुआएं मांगी गई। वही मौलाना और मौलवियों ने बताया कि रमजान माह हर मुसलमानों के लिये रहमतों और बरकतों का महीना होता है। इस पवित्र माह में सभी मुस्लिमो को नेक और भलाई का काम करना चाहिये जिसे अल्लाह सभी गुनाह को माफ कर देता है। रमजान में रोजा रख कर गरीबों का मदद करना चाहिये और अगल बगल के पड़ोसियों के साथ अमन चैन व खुश से मिल जुल कर रहना चाहिये। साथ ही बताया गया कि ईद की नमाज अदा करने से पहले फितरा अदा कर देना चाहिये फितरा अदा करने से सत्तर गुणा शबाब मिलता है। मुस्लिम धर्मावलंबियों के बच्चे,बूढ़े और नवजवानों को मगफिरत रोजगार का बरकत और जहन्नुम की आग से बचने के लिये अल्लाह से दुआएं मांगना चाहिये तथा सभी मुसलमानों को रमजान माह में प्रत्येक दिन रोजा रख इबाबत करना चाहिये। रमजान के महीना नेक राह पर चलने और गुनाहों से बचने की सीख देने के साथ रमजान का यह महीना अब खत्म होने को है। रमजान का महीना मुस्लिम धर्मावलंबियों के लिये सबसे ज्यादा मुकद्दस महीना होता है। रमजान माह का अंतिम शुक्रवार को अलविदा की नमाज अदा करने के साथ लोग ईद की खुशी मनाने की तैयारी कर रहे हैं।

## उप विकास आयुक्त ने किया कूड़ा कचरा चुन कर जीवन यापन करने वाले 25 बच्चों को स्कूल सामग्री का वितरण



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा निंगनी कुंबा टोली एवं सोबरन टोली,बीएस कॉलेज के समीप कूड़ा कचरा चुन कर जीवन यापन करने वाले मल्हार समुदाय के 25 बच्चों को किशोर न्याय निधि अंतर्गत स्कूल बैग, पेंसिल बॉक्स, कलर पेंसिल, कॉपी, पेन, हॉर्लिक्स, ब्रश, टूथपेस्ट बिस्किट, टॉफी, जूता, शर्ट, पैंट, स्वेटर, वॉटर बॉटल, लंच बॉक्स इत्यादि एक किट के रूप में वितरण किया गया। उप विकास आयुक्त लोहरदगा ने बच्चों के अभिभावक एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा-आज हम ऐसे समाज में जीवन-यापन कर रहे हैं,जिसमें शिक्षा का विशेष महत्व है और समाज या परिवार तभी आगे बढ़ेगा। बच्चे स्कूल जाएं और शिक्षित बनें। आप लोगों से यह अपेक्षा है कि आप अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजें और उन्हें कूड़ा कचरा चुनने हेतु साथ लेकर ना जाए। जिला प्रशासन के द्वारा उनके विकास में हर संभव मदद की जाएगी। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुषमा नीलम सोरेंग के द्वारा कहा कि आप सभी अपने बच्चों को स्कूल में अवश्य नामांकन कराए और जिन बच्चों का आधार कार्ड किन्हीं कारण से नहीं बन पाया है, उन्हें कैंप लगाकर आधार बनाया जाएगा। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार ने कहा कि उप विकास आयुक्त और जिला समाज कल्याण पदाधिकारी की पहल से जिले में कूड़ा कचरा चुनने वाले परिवार के बच्चों को शिक्षा पोषण हेतु यह किट उपलब्ध कराया गया है। साथ ही अभिभावकों से उन्होंने अपील किया की कूड़ा कचरा चुनने के कार्य में बच्चों को ना लगाया जाए। इस वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से बाल कल्याण समिति के सदस्य पूजा कुमारी, अनुरंजन कुमार, संरक्षण पदाधिकारी- संस्थानिक देखरेख, सामाजिक कार्यकर्ता स्नेह लता तिग्गा, आउटरीच वर्कर सन्नू भुईया इसके अलावे ग्रामीण सुनिमा कुमारी, शिल्पा उरांव, बबली कुमारी, बबिता कच्छप, मुकुंद उरांव, शैलेश उरांव, राम साहू, बसंती उरांव मंगी उरॉइन मौजूद रहे।

## भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस इंटक के लोहरदगा अध्यक्ष बने आलोक कुमार साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार साहू को कांग्रेस का मजदूर संगठन भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक) का लोहरदगा अध्यक्ष बनाया गया है। रांची पुराना विधानसभा सभागार में झारखंड राज्य के कांग्रेस प्रभारी के राजू के नेतृत्व में आयोजित संगठन सृजन 2025 मंथन कार्यक्रम में इंटक यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडे ने आलोक कुमार साहू को पत्र देकर इसकी घोषणा किए। प्रदेश अध्यक्ष ने अपने पत्र में कहा है कि श्री साहू के ट्रेड यूनियन के क्षेत्र में सक्रिय एवं सराहनीय योगदान को देखते हुए इन्हें भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक) की लोहरदगा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। आशा है आप अपनी क्रियाशीलता,कर्मठता एवं क्षमता का पूर्ण सदुपयोग करते हुए इंटक एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ समन्वय स्थापित कर संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हित में कार्य करते हुए संगठन को सशक्त बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने इसकी सूचना पत्र के माध्यम से इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जी संजीव रेड्डी जी को भी कर दिए हैं।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में वार्षिक परीक्षाफल सह पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में वार्षिक परीक्षा सत्र 2024-25 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। वही कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता,और सरस्वती माता का तस्वीर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुदेश्वर साहू,सहसचिव विजय सोनी,समिति सदस्या प्रतिमा देवी और प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी के द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा अतिथियों का परिचय कराने के तत्पश्चात परीक्षा प्रमुख डौली कविता ने परीक्षा परिणाम संबंधी रूप रेखा प्रधानाचार्य को सौंपा गया।? वही प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने कहा की छात्र छात्राएं वर्ष भर पढ़ाई के लिये कठिन परिश्रम करते हैं जिस का परिणाम प्रगति पत्र होता है जो परिश्रम करते हैं उन्हें उत्तम फल प्राप्त होता है। अध्यक्ष सुदेश्वर साहू ने भैया बहन को संबोधित करते हुए कहा मन को एकाग्रचित कर अध्ययन करने से सफलता मिलती है। ज्ञान के साथ साथ संस्कारवान एवं चरित्रवान बन मां पिता का नाम रौशन करते हुए सफलता की नई ऊंचाई को प्राप्त करें। वार्षिक परीक्षा में अपने अपने कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को प्रगति पत्र के साथ पुरस्कार प्रदान किया गया।

## एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा प्रांगण में माननीय प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। शिक्षक कार्यशाला एक संरचित कार्यक्रम है जो शिक्षकों के कौशल में विकास के लिए आयोजित किया जाता है, जिसमें वे नई शिक्षण विधियों, तकनीकों और रणनीतियों के बारे में सीखते हैं और अपने अनुभव साझा करते हैं। शिक्षकों में उत्तरोत्तर विकास के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य महोदय द्वारा दीप प्रज्वलित कर डीएवी गान गाकर किया गया। संगीत शिक्षक श्रवण कुमार पाठक ने स्वागत गान गाया। प्रशिक्षक माननीय प्राचार्य महोदय श्री जी पी झा द्वारा शीर्षक एक शिक्षक की भूमिका और जिम्मेदारी, शिक्षक यू सी दास द्वारा शीर्षक 21 वीं सदी के कौशलों का विकास कैसे करें (संकलित दृष्टिकोण), शिक्षक पीके सिन्हा द्वारा शीर्षक समग्र प्रगति कार्ड पर शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान क्रियाकलाप भी कराए गए जिसमें शिक्षकों ने हिस्सा लेते हुए कई आधुनिक कौशलों को सीखा। अंत में शांति पाठ द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया।

## ईद की पहली नमाज ईदगाह में सुबह 8:15 बजे

## सभी मसाजिदों में दूसरी जमात 8:45, तिसरी और आखिरी जमात जामा मस्जिद और मस्जिद ए बलाल में 9:15 बजे

## मंडल कारा में ईद की नमाज सुबह 9:15 बजे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अंजुमन इस्लामिया द्वारा ईद को लेकर ईदगाह सहित विभिन्न मस्जिदों में ईद की नमाज का समय तय किया गया है। इसकी जानकारी अंजुमन इस्लामिया के सदर अब्दुल रउफ अंसारी व सचिव शाहिद अहमद बेलू ने संयुक्त रूप से दी है। इसके तहत ईद उल फितर नमाज की पहली जमात ईदगाह में सुबह 8ः15 बजे अदा की जाएगी। ईदगाह में ईदुल फितर नमाज की इमामत जामा मस्जिद के खतीब व इमाम हजरत मौलाना कारी शमीम आलम रिजवी साहब फरमाएंगे। ईदगाह में नमाज के लिए जाने वालों से गुजारिश किया गया है कि अपने साथ जायनमाज जरूर लेकर जाएंगे। दूसरी जमात की नमाज सुबह 8:45 बजे जामा मस्जिद और बेलाल मस्जिद को छोड़कर अन्य मस्जिदों में पढ़ी जाएगी। यहां उन मस्जिदों के इमाम इमामत फरमाएंगे। तीसरी और आखिरी जमात की नमाज सुबह 9:15 बजे जामा मस्जिद और बेलाल मस्जिद में अदा की जाएगी। जामा मस्जिद में इमामत हजरत हाफिज मेराज साहब फरमाएंगे, जबकि बेलाल मस्जिद में हजरत मौलाना कारी अब्दुल हमिद साहब फरमाएंगे। उसी प्रकार मंडल कारा में ईद उल फितर की नामाज सुबह 9:15 बजे अदा की जाएगी, जिसकी ईमामत मौलवी अबुल कलाम तैगी साहब फरमाएंगे। अंजुमन इस्लामिया के सदर अब्दुल रउफ अंसारी व सचिव शाहिद अहमद बेलू ने संयुक्त रूप से लोहरदगा जिले के आवाम का आह्वान किया है कि ईदुल फितर का त्योहार खुशी, प्रेम, भाइचारा और सांप्रदायिक सौहार्द के साथ मनाएं। साथ ही अपील किया है कि देश की तरक्की, अमन और शांति के लिए दुआएं भी मांगी जाए। अंजुमन इस्लामिया के सदर अब्दुल रउफ अंसारी व सचिव शाहिद अहमद बेलू ने यह भी गुजारिश किया है कि अपने जकात, फितरा, सदका और अतिया आदि की रकम अंजुमन इस्लामिया के बैतुलमाल में जमा कराएं, ताकि कौम व मिल्लत की खिदमत और जरूरतमंदों की मदद किया जा सके।

# कार्यालयों में अवैध वसूली कर भ्रष्टाचार को संरक्षण दे रही है हेमंत सरकार : मनीर उरांव




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा बख्शीडिपा जिला कार्यालय सभागार में जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुख्य रूप से आगामी निर्धारित कार्यक्रम और पिछले कार्यक्रम और कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक की शुरुआत महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। आगामी निर्धारित कार्यक्रम संयोजक सह उपाध्यक्ष ने महीने की अंतिम रविवार 30 मार्च को प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम प्रत्येक बूथ पर सुनना सुनिश्चित कर सरल एप में डाउनलोड करें, झारखंड का महापर्व जिला सरहुल 1 अप्रैल, 6 अप्रैल पार्टी की स्थापना दिवस एवं रामनवमी महापर्व और 14 अप्रैल बाबा भीमराव आंबेडकर जयंती पर समरसता दिवस के रूप में कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही। वहीं अजय कुमार पंकज ने सदस्यता अभियान की चर्चा की। वहीं जिला अध्यक्ष मनीर ने कहा कि हम सभी महापर्व मनाने के संगठन के कार्यों का निष्पादन करें जिससे समय से संगठन कार्य पूरा कर सकें। वह बैठक के दौरान सरकार की विफलताओं पर बोलते हुए कहा कि कांग्रेस और जेएमएम की सरकार में पूरे राज्य में लोग असुरक्षित महसूस कर रहें लगातार राजधानी हत्याओं से दहल रही है। फरियाद लगाने वाला व्यक्ति थाना में पिटा जा रहा है। अपराधी के मनोबल बढ़ रहा। सरकार बालू , प्रकृतिक संसाधनों का दुरपयोग करने वाले,गरीबों को अंचल सहित अन्य कार्यालयों में अवैध वसूली कर भ्रष्टाचार को संरक्षण दे रही है । वहीं राज्य में मंत्री सदन में गलतियों को स्वीकार करने के बजाय। शर्मनाक और जनता के दर्द उपेक्षा कर कटाक्ष करना अपनी प्राथमिकता समझ रहे। वर्तमान में झारखंड में सत्ता पक्ष के गुमराह करना अपना राजनैतिक आधार मान ली है। बैठक में ओलावृष्टि से हुई क्षति व धान क्रय की राशि का वितरण ससमय लोहरदगा जिला के किसानों को पर चर्चा हुई। यदि सरकार लोहरदगा जिला के किसानों का विशेष सहायता नहीं करती तो संगठन सरकार के खिलाफ संघर्षरत रहेगी। और वृहद कार्यक्रम का भी योजना की भी चर्चा की गई। बैठक का संचालन जिला महामंत्री पशुपति नाथ पारस धन्यवाद ज्ञापन संजय कुमार ने की और बैठक के पश्चात भाजपा प्रदेश कार्यसमिति अनिल महतो के लिए मौन रख ईश्वर से प्रार्थना की गई। मौके पर भाजपा कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो, राकेश प्रसाद, हर्षनाथ महतो, नवीन कुमार टिंकू, सरिता देवी अजय कुमार पंकज, संजय कुमार, पशुपति नाथ पारस, मिथुन कुमार तमेड़ा, धीरज प्रसाद, सजल कुमार, विवेक चौहाण, राजेन्द्र महतो, राजकुमार मुंडा, सचिन सिंघानिया, अशोक कुमार साहू, पंकज भारती, कृष्णा मोदी, सत्यम कुमार, जगरनाथ राम सहित अन्य शामिल हुए।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

# प्रभात मंत्र

विविध

रांची, शनिवार, 29 मार्च 2025 | पेज 12

## चलते चलते एक नजर

### एक अप्रैल को महिलाएं मनायेंगी गणगौर पर्व

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हिंदू धर्म में आस्था और श्रद्धा का पर्व गणगौर गणगौर एक अप्रैल को राजधानी रांची में धूमधाम से मनाया जाएगा। हिंदू कैलेंडर के अनुसार इस पर्व को चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाने की परंपरा है। गणगौर पूजा भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित है। इसलिए इस दिन महिलाएं भगवान शिव और माता पार्वती की मिट्टी की प्रतिमा बनाकर उनकी पूजा करती हैं। इसे गौरी तृतीया के नाम से भी जाना जाता है।मान्यता है कि इस व्रत को करने से महिलाओं को अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। भगवान शिव जैसा पति प्राप्त करने के लिए अविवाहित युवतियां भी इस व्रत को करती हैं। इस संबंध में जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री और प्रणामी ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने शुक्रवार को बताया कि गणगौर शब्द गण और गौर दो शब्दों से मिलकर बना है। जहां गण का अर्थ शिव और गौर का अर्थ माता पार्वती से है। उन्होंने कहा कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, माता पार्वती भगवान शिव के साथ सुहागन महिलाओं को अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद देने के लिए भ्रमण करती हैं। महिलाएं परिवार में सुख-समृद्धि और सुहाग की रक्षा की कामना करते हुए पूजा करती हैं।उन्होंने बताया कि गणगौर का त्यौहार फाल्गुन माह की पूर्णिमा (होली) के दिन से शुरू होता है, जो अगले 17 दिनों तक चलता है तथा हर रोज भगवान शिव और माता पार्वती की प्रतिमा बनाई जाती है और पूजा और गीत गाए जाते हैं। इसके बाद चैत्र नवरात्रि के तीसरे दिन महिलाएं सोलह श्रृंगार करके व्रत और पूजा करती हैं और शाम के समय गणगौर की कथा सुनती हैं तथा गणगौर की प्रतिमाओं का नदी और तालाबों में पूरे विधि विधान से विसर्जन करती हैं।

### पुरानी खांसी के समाधान को लेकर चिकित्सकों ने की चर्चा

**गुरुग्राम :** बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए शुक्रवार को आर्टेमिस अस्पताल द्वारा पहले इंडो-यूके कफ सिंपोजियम आयोजित किया गया, जिसमें भारत, यूके सहित कई जगहों से चिकित्सा विशेषज्ञ शामिल हुए। आर्टेमिस अस्पताल के ग्रुप हेड सेल्स एंड मार्किटिंग असगर अली ने बताया कि आयोजन में क्रोनिक कफ (पुरानी खांसी) की जांच एवं उसके समाधान को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। रेस्पिरेटरी मेडिसिन के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गठजोड़ को बढ़ावा दिया।कार्यक्रम में रॉयल ब्रॉम्प्टन अस्पताल के रेस्पिरेटरी फिजिशियन प्रो. जेम्स हल और इंपीरियल कॉलेज एनएचएस की ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. रोमना कुचाई सहित सर्जरी-ईएनटी हेड डॉ. शशिधर टीबी, रेस्पिरेटरी डिसीज एंड स्लीप मेडिसिन यूनिट-1 की यूनिट हेड एवं सीनियर कंसल्टेंट डॉ. अरुण चौधरी कोटारू, रेस्पिरेटरी डिसीज एंड स्लीप मेडिसिन यूनिट-2 की सीनियर कंसल्टेंट एवं यूनिट हेड डॉ. श्वेता बंसल शामिल हुए। विशेषज्ञों ने अपनी जानकारी एवं अनुभव से इस सिंपोजियम को सार्थक बनाया। न्होंने कफ रिसर्च के मामले में नवीनतम जानकारियों, इलाज के नए तरीकों और मरीजों की बेहतर देखभाल के तरीकों को सांझा किया।डॉ. शशिधर टीबी ने क्रोनिक कफ के मामलों और बढ़ते एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) लेवल के बीच संबंध पर चर्चा की।12 माह के दौरान डॉ. शशिधर और उनकी टीम ने एक्यूआई के बढ़ते स्तर के साथ-साथ लगातार खांसी वाले मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी का अध्ययन किया।

# भ्रष्टाचार की शिकायत पर होगी सघन जांच : मुख्यमंत्री धामी

एजेंसी

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड के संकल्प को दोहराते हुए सभी विभागों को विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार की शिकायतों पर सघन जांच कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके लिए विभाग स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त कर उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगामुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में 1064 हेल्पलाइन और सीएम हेल्पलाइन 1905 की समीक्षा बैठक के दौरान यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड के लिए सभी विभागों की ओर से अपने स्तर से प्रयास किया जाए। विभागों में जिन मामलों में अधिक शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, उन विभागों की ओर से इसके समाधान के लिए उचित कार्यवाही की जाए। एक ही स्थान पर लंबे समय से तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों का समय-समय पर ट्रांसफर किया जाए।मुख्यमंत्री कहा कि 1064 हेल्पलाइन की प्रभावशीलता को नियमित बनाये रखने के लिए सभी विभाग विजिलेंस को सहयोग करें। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार की शिकायत पर सघन जांच के साथ कठोर कार्यवाही भी की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि शिकायतकर्ता की गोपनीयता बनी रहे और भ्रष्टाचार की शिकायत होने पर यदि वह सही पाई



जाती है, तो शिकायतकर्ताओं को प्रोत्साहित भी किया जाए। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को रोकने के लिए विभाग स्तर पर नोडल अधिकारी बनाये जाएं और उनको प्रशिक्षण भी दिया जाए। भ्रष्टाचार निवारण में सभी विभाग विजिलेंस को सहयोग करें। बैठक में बताया गया कि पिछले तीन सालों में कुल 66 लोगों को ट्रैप किया जा चुका है। 72 भ्रष्टाचारियों को हिरासत में भी लिया गया है। राजस्व विभाग, पुलिस और विद्युत विभाग में सबसे अधिक कार्मिक ट्रैप किए गए है। 2025 में टोलफ्री नंबर 1064 एवं वेबसाइट से अब तक 343 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिन पर कार्यवाही गतिमान है। रिवॉल्विंग फंड के तहत ट्रैप की कार्यवाही में शिकायतकर्ताओं को ट्रैप की धनराशि वापस की जाने की प्रकिया शुरू की गई है, जिसमें वर्तमान में 33 लोगों को ट्रैप की धनराशि वापसी की प्रक्रिया गतिमान है। बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव न्याय प्रदीप पंत, प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु, एल. फैनई, आर.मीनाक्षी सुदंरम, निदेशक सतर्कता वी. मुरूगेशन, सचिवगण, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष और वर्चुअल माध्यम से जिलाधिकारी उपस्थित थे।

### समाज के सारे प्रश्नों का समाधान शिक्षा मंदिरों से होगा : मंत्री

**भोपाल :** उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा है कि किसी भी संकट का समाधान करने कोई और नहीं आएगा। कष्ट तो होते हैं, लेकिन उसका समाधान हमें ही करना होगा। आने वाले समय में कुछ संकट है, जिनके समाधान की ओर हम आगे बढ़ रहे हैं। समाधान हमारे विश्वविद्याल को देना है,हमारे शिक्षा के मंदिरों को देना है और हम उसकी ओर आगे बढ़ रहे है। यह बात उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने शुक्रवार को भोपाल के रविन्द्र भवन में परमार्थ समाजसेवी संस्था और समर्थन संस्था द्वारा जल संरक्षण के प्रति जागरुकता के लिए आयोजित दो दिवसीय वाटर फॉर आल, आल फॉर वाटर कार्यक्रम में कही। इस दौरान मंत्री परमार ने हिन्दुस्थान समाचार की पत्रिका नवोत्थान के जल विशेषांक का विमोचन भी किया।

## शहीद नीलांबर-पीतांबर के शहादत दिवस पर उपायुक्त ने दी श्रद्धांजलि

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** स्वतंत्रता सेनानी शहीद नीलांबर और पीतांबर के शहादत दिवस के अवसर पर उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा स्थानीय नीलांबर पीतांबर बहुउद्देशीय सांस्कृतिक नगर भवन, गढ़वा में स्थापित उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं देश की स्वतंत्रता में उनके द्वारा दिए योगदान को याद किया गया। उल्लेखनीय है कि नीलांबर पीतांबर झारखंड राज्य के आदिवासी भाई और स्वतंत्रता सेनानी थें जिन्होंने 1857 के भारतीय विद्रोह के दौरान ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया था। उनका जन्म




चेमो-सेन्या गांव में खरवार जनजाति के भोगता कबीले के एक परिवार में हुआ था।

शहादत दिवस के मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा संजय कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद गढ़वा सुशील कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार व जिला स्तर के अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थें जिन्होंने भी शहिद नीलांबर पीतांबर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## नवरात्र के दौरान मांस-मदिरा पर प्रतिबंध लगाए जिला प्रशासन: रितेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे ने कहा कि जिला प्रशासन चैत्र नवरात्र रामनवमी पुजा के दौरान मांस मदिरा पर प्रतिबंध लगाए। उन्होंने कहा कि नवरात्र रामनवमी एवं चैत्र छठ पूजा का आयोजन गढ़वा सहित पूरे जिले भर में घुमधाम से बड़े पैमाने पर होता है। गांव से लेकर शहर तक लाखों-लाख की संख्या में श्रद्धालु पुजा में शामिल होते हैं। चैत्र नवरात्र रामनवमी पुजा हिन्दुओं का प्रमुख त्योहार है। हर जगह सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम अंडा मांस मछली का दुकान खुली रहती है जिससे श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।



इसलिए नवरात्र प्रारंभ से लेकर रामनवमी उत्सव तक सार्वजनिक स्थानों पर मांस मदिरा मछली अंडा आदि के बिक्री पर प्रतिबंध लगाई जाए। उन्होंने कहा कि भारतीय नववर्ष हिन्दूओं के आस्था का यह त्योहार गढ़वा में विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा नवरात्रि रामनवमी का त्योहार भव्य एवं दिव्य तरीके से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि पुजा के दौरान शहर में साफ सफाई नगर परिषद द्वारा ठीक से कराया जाए। साथ ही चैत्र नवरात्र के दौरान छठ पूजा भी गढ़वा में मनाया जाता है इसके लिए विभिन्न छठ घाट की साफ सफाई भी कराई जाए।

## जनजातीय समाज की आय बढ़ाने हेतु हमारी सरकार प्रयासरत : मुख्यमंत्री

एजेंसी

**रायपुर :** जनजातीय समाज और वनों के मध्य गहरा संबंध है और दोनों एक दूसरे के पूरक के रूप में संरक्षित - संवर्धित हो रहे हैं। प्रकृति की गोद में ही जनजाति समाज का पीढ़ी दर पीढ़ी विकास हुआ है। यह कार्यशाला आदिवासियों और वनों के सहअस्तित्व को केंद्र में रखकर उनके उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शुक्रवार को नवा रायपुर में आदिवासी समुदायों के लिए वन आधारित जीविकोपार्जन के अवसर विषय पर नीति आयोग तथा वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यशाला को संबोधित किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यशाला में सभी प्रबुद्धजनों, विषय विशेषज्ञों और अधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जनजाति समाज को



जीविकोपार्जन के समुचित अवसर उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी हम सभी पर है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 32 प्रतिशत जनजाति समुदाय निवासरत है और 44 प्रतिशत इलाका वन आच्छादित है। मुख्यमंत्री कहा कि पिछले 35 वर्षो से अधिक के सार्वजनिक जीवन में मैने प्रदेश के जनजाति समुदाय और विशेष पिछड़ी जनजातियों के संघर्ष और पीड़ा को करीब से देखा है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ के आदिवासियों की व्यथा को समझा और एक आदिवासी बहुल नए राज्य के रूप में छत्तीसगढ़ अस्तित्व में आया। साय ने कहा कि अटल जी ने आदिवासियों के कल्याण के लिए पृथक मंत्रालय का भी गठन किया और आदिवासियों के कल्याण के लिए केंद्र सरकार द्वारा भेजी जा रही राशि का सही उपयोग हो पाया। अटल जी के प्रयासों से ही छत्तीसगढ़ में विकास के नए आयाम स्थापित हुए।मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रदेश में कोई भी भूखा न रहे, इस उद्देश्य से पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने प्रदेश में व्यापक स्तर पर पीडीएस सिस्टम लागू कर लोगो को सस्ते दर पर अनाज उपलब्ध कराया। उन्होंने समर्थन मूल्य पर वनोपज की खरीद प्रारंभ की, जिसने आदिवासियों को आर्थिक रूप से मजबूत करने का काम किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लघु वनोपज पर्याप्त मात्रा में है। कुल 67 प्रकार के लघु वनोपजों का संग्रहण, प्रसंस्करण और विक्रय महिला स्वसहायता समूहों के माध्यम से किया जा रहा है। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा वनोपजों से जुड़ी प्रोत्साहक नीतियों का लाभ उठाकर स्व सहायता समूह की बहनें आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं।

### सरकारी स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ाएं मंत्री और अधिकारी आलोक

**रांची :** राज्य के मंत्री, विधायक और अधिकारी समेत अन्य रसूखदार लोग अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाएं तभी सरकारी स्कूलों का आकर्षण लौटेगा और वे बेहतर तरीके से विकसति हो पाएंगे। यह बातें पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने शुक्रवार को कही। दूबे ने कहा कि विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सरकारी स्कूलों की दशा में सुधार को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा नहीं की गई जो राज्य की शिक्षा व्यवस्था के लिए चिंताजनक है। ऐसे में सरकारी विद्यालयों की विफलता का ठिकरा निजी विद्यालयों पर फोड़ना गलत है। उन्होंने कहा कि सरकार जानती है कि झारखंड के शिक्षण व्यवस्था की रीढ़ राज्य के निजी विद्यालय हैं जो न सिर्फ लाखों दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के बच्चों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करते हैं।

## ट्रंप की धमकियों को गंभीरता से लेने की जरूरत : चिदंबरम

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने केंद्र सरकार से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ पर धमकियों को लेकर भारत की प्रतिक्रिया स्पष्ट करने को कहा है. उन्होंने आरोप लगाया है कि इस मामले पर सरकार ने संसद में न कोई चर्चा की और न ही विपक्षी दलों के साथ परामर्श किया. इसके साथ ही चिदंबरम ने केंद्र को यह भी सलाह दी है कि ट्रंप की धमकियों को गंभीरता से लेते हुए अन्य देशों के साथ मिलकर जरूरी कदम उठाए जाने चाहिए.चिदंबरम ने चेतावनी दी कि केंद्र को यह नहीं सोचना चाहिए कि भारत को लेकर ट्रंप ने कोई ऐलान नहीं किया तो कुछ नहीं होगा. उन्होंने कहा, ट्रंप एक-एक कर देश को टैरिफ युद्ध में झोकेंगे और फिर जब भारत का नंबर आएगा तो उनके फैसलों से हमारी अर्थव्यवस्था 3 से



6 महीने में तबाह हो जाएगी.पूर्व वित्त मंत्री चिदंबरम ने कहा,ट्रंप की धमकियों पर भारत की प्रतिक्रिया को पूरी दुनिया के सामने सार्वजनिक करने की जरूरत नहीं है, लेकिन कम से कम संसद में एक बयान होना चाहिए या विपक्षी दलों के साथ परामर्श होना चाहिए. हम पूरी तरह से अंधेरे में हैं. मेरी जानकारी के अनुसार, अधिकांश मंत्रियों को भी इस बारे में कुछ नहीं पता है. अमेरिका की टैरिफ नीति के लिए भारत की प्रतिक्रियात्मक नीति को बनाने में कौन-कौन शामिल है? इसका अता-पता किसी को भी नहीं है.पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा,अमेरिका द्वारा लगाए जा रहे एकतरफा टैरिफ अस्वीकार्य हैं. कई देश इसे समझ रहे हैं और आपसी चर्चा के जरिए इस पर प्रतिक्रिया की तैयारी कर रहे हैं. जैसा कि कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने किया. उन्होंने अपनी संसद को विश्वास में लिया और अब वह यूरोपीय देशों के साथ समन्वय कर ट्रम्प के एकतरफा टैरिफ का जवाब देंगे. मुझे यकीन है कि तेल उत्पादक देश भी इस मामले में आपस में समन्वय कर रहे हैं.

## व्हाइट हाउस में हुई इफ्तार पार्टी



एजेंसी

**वाशिंगटन डीसी :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में इफ्तार पार्टी करते हुए अमेरिकी मुस्लिम समुदाय के समर्थन के लिए आभार जताया है। ट्रंप ने कहा कि नवंबर 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में मुस्लिम-अमेरिकियों ने रिकॉर्ड संख्या में उन्हें समर्थन दिया, जो उनके लिए अविश्वसनीय था। ट्रंप ने अपने संबोधन में मुस्लिम समुदाय की धार्मिक परंपराओं का सम्मान किया और पवित्र रमजान महीने के दौरान उनके समर्पण की सराहना की। इफ्तार पार्टी के दौरान ट्रंप ने कहा कि व्हाइट हाउस में ऐसा आयोजन होना खुशी की बात है और मेहमानों को इसका आनंद लेना चाहिए। उन्होंने मजाकिया लहजे में यह भी कहा कि अगर किसी को पसंद ना आए तो वो शिकायत ना करें क्योंकि वो अभी भी व्हाइट हाउस में हैं। हालांकि, इस तरह की टिप्पणियों को कई लोगों ने असंवेदनशील माना और मुस्लिम समुदाय की भावनाओं की अनदेखी करने वाला बताया। ट्रंप ने इस अवसर पर मिडिल ईस्ट में शांति स्थापित करने के अपने प्रशासन के प्रयासों को भी उजागर किया। उन्होंने इजरायल और हमास के बीच जारी संघर्ष का जिक्र करते हुए कहा कि अमेरिका, मिस्र और कतर की मध्यस्थता में जनवरी में जो संघर्ष विराम हुआ था, वह मार्च में खत्म हो गया। हालांकि, ट्रंप के आलोचकों का कहना है कि उनके कार्यकाल की विदेश नीति ने मध्य पूर्व में स्थायी शांति लाने में कोई ठोस योगदान नहीं दिया। वैसे देखा जाए तो ट्रंप की इफ्तार पार्टी ने अमेरिका की सियासत में एक बार फिर बहस छेड़ दी है। ट्रंप के समर्थकों का कहना है कि यह मुस्लिम समुदाय के प्रति उनके बदले हुए रुख का संकेत है, जबकि विरोधियों का मानना है कि यह सिर्फ राजनीतिक अवसरवाद का एक और उदाहरण है।

### ईसीएमओ थैरेपी फेफड़े के खतरनाक रोग में रामबाण

**गुरुग्राम :** गंभीर रूप से जीवन घाती फेफड़ों के रोगों से ग्रस्त लोगों के लिए एक्सट्राकॉर्पोरियल मेंब्रेन ऑक्सीजनेशन (ईसीएमओ) थैरेपी जीवनरक्षक साबित हो रही है। ईसीएमओ थैरेपी न सिर्फ जीवनरक्षक है, बल्कि अंगदान की प्रतीक्षा कर रहे मरीजों को आवश्यक सहायता भी देती है। उन्हें ऐसे रोगों से रिकवरी में मदद करती है। यह थैरेपी जीवन घाती स्थिति से ग्रस्त मरीजों के लिए उम्मीद की किरण है। क्योंकि यह उनकी सरवाइवल रेट को बेहतर बनाने में सहायक है।यहां के फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट ने मेडिकल के क्षेत्र में नया प्रयोग करते हुए 150 से अधिक ऐसे मरीजों का एक्सट्राकॉर्पोरियल मेंब्रेन ऑक्सीजनेशन (ईसीएमओ) थैरेपी से सफलतापूर्वक उपचार किया है। मीडिया से रूबरू होते हुए फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट में क्रिटिकल केयर मेडिसिन एंड ईसीएमओ के सीनियर डायरेक्टर एंड एचओडी डॉ. संदीप दीवान ने कहा कि ईसीएमओ ने गंभीर मरीजों का जीवन बचाने में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है।

## विक्रमशिला विश्वविद्यालय का मुख्य सचिव ने किया निरीक्षण

एजेंसी

**भागलपुर :** आठवीं सदी में तंत्र विद्या के लिए विश्वभर में अपनी पहचान बनाने वाली भागलपुर स्थित विक्रमशिला विश्वविद्यालय का गौरव फिर से वापस लौटने वाला है। जिसको लेकर कवायद तेज हो गई है। नालंदा विश्विद्यालय के बाद अब विक्रमशीला विश्विद्यालय के दिन बहुरने वाले हैं। विक्रमशिला विश्विद्यालय को 12 वीं सदी में बख्तियार खिलजी ने नष्ट किया था। अब यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केंद्रीय विश्विद्यालय का निर्माण करवाने जा रहे हैं। भागलपुर के कहलगांव स्थित विक्रमशिला विश्विद्यालय के समीप केंद्रीय विश्विद्यालय का निर्माण किया जाएगा। केन्द्र सरकार ने 2015 में ही 500 करोड़ रुपये इसके निर्माण को लेकर दिये थे हाल ही में राज्य सरकार ने भागलपुर जिला प्रशासन को 89 करोड़ रुपये जमीन अधिग्रहण के



लिए दिया है। बिहार सरकार के मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा शुक्रवार को अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ विक्रमशीला विश्विद्यालय के अवशेष स्थल पर पहुंचे। चिन्हित जमीन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने जमीन सम्बन्धी कार्रवाई को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया है । जमीन की डीपीआर संबंधी भी जानकारी ली। मुख्य सचिव को केंद्रीय विश्वविद्यालय निर्माण को लेकर चिन्हित जमीन के बारे में भागलपुर के जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी ने नक्शा दिखाते हुए उन्हें ब्रीफ किया। मुख्य सचिव ने जमीन का किस्म और आसपास स्थित नदी, पहाड़ और सड़क सहित बसावट आबादी के बारे में भी विस्तृत से चर्चा की। सम्भवतः जल्द पीएम मोदी के हाथों शिलान्यास किया जाएगा। 215 एकड़ जमीन चिन्हित कर ली गयी है इसके डीपीआर की जिम्मेदारी नई दिल्ली स्थित स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर को दी गयी है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले महीने भागलपुर में मंच से कहा था जल्द केंद्रीय विक्रमशीला विश्विद्यालय की स्थापना की जाएगी। 24 फरवरी को भागलपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था विक्रमशिला विश्वविद्यालय ज्ञान का वैश्विक केंद्र था।

हमने प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के गौरव को नए नालंदा विश्वविद्यालय के माध्यम से पुनर्जीवित किया है। अब बारी विक्रमशिला की है, जहां एक केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की जा रही है।